e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 186

सुविचार
शत्रुओं के गुणों को भी ग्रहण करना चाहिए।

प्रभात मंत्र

मंगलवार
09.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सदन से लेकर राजभवन तक रहा गहमागहमी का आलम, नये कलेवर में आया हेमंत सरकार

हेमंत सोरेन ने हासिल किया विश्वासमत

45
वोट पड़े कुल प्रस्ताव के पक्ष में, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: हेमंत सोरेन सरकार ने विश्वासमत हासिल कर लिया. विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान हेमंत सोरेन ने सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा.जिस पर चर्चा हुई.चर्चा के बाद वोटिंग में हेमंत सोरेन सरकार ने आसानी से जीत हासिल कर लिया. प्रस्ताव के पक्ष में कुल 45 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा.सदन में विश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा के बाद वोटिंग हुई. वोटिंग के दौरान भी लगातार हंगामा होता रहा. हंगामे के बीच ही वोटों की गिनती की गई. इसी दौरान एनडीए के विधायकों ने सदन से वाक आउट किया. एनडीए के विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए. इस वजह से प्रस्ताव के विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा. जबकि निर्दलीय विधायक सरयू राय न्यूट्रल रहे. वोटिंग के बाद सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई.

आदिवासियों की जनसंख्या घटने पर सीएम हेमंत ने चिंता जताई

विश्वास प्रस्ताव के दौरान बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी आदिवासियों की जनसंख्या घटने पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि सबको सरकार चलाने का मौका मिला लेकिन जो बदलाव राज्य में होने चाहिए थे, वो नहीं हुए. लोकतंत्र में जनता की भावनाओं का ख्याल रखा जाना चाहिए. सबको मिलकर एक साथ सकारात्मक रूप से काम करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इनको सबक सिखाएगी. आने वाले चुनाव में इनको सबक मिलेगा. लोकसभा चुनाव में देश ने इनको सबक सिखा दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी को जवाब देने के लिए उनके पास काफी टाइम है. पांच महीने में चंपाई सोरेन ने निर्भीक होकर काम किया.

एनडीए के विधायकों ने सदन से वाक आउट किया

एनडीए के विधायकों ने सदन से वाक आउट किया. एनडीए के विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए. इस वजह से प्रस्ताव के विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा. जबकि पूर्व मंत्री सह निर्दलीय विधायक सरयू राय न्यूट्रल रहे.

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन को दी बधाई

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सीएम हेमंत सोरेन को बधाई दी. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगर मंत्रिमंडल के साथ बैठते तो बेहतर होता. अमर बाउरी ने कहा कि यह धोखे से बनी सरकार है. सरकार सिर्फ ठग रही है. चार महीने से बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिला है.

पंचम विधानसभा में चौथी बार रखा गया विश्वास प्रस्ताव

पंचम विधानसभा में इंडिया गठबंधन की सरकार के तरफ से चौथी बार विश्वास प्रस्ताव रखा गया. तीसरी बार हेमंत सोरेन ने राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला है. तीसरी बार उन्होंने 4 जुलाई को सीएम पद की शपथ ली. सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा गया. क्योंकि हेमंत सोरेन ने अकेले सीएम पद की शपथ ली थी, इसलिए उन्होंने खुद सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा. जिस पर काफी गर्मा-गर्म चर्चा हुई.सदन में विश्वास प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार पर जमकर निशाना साधा.

हेमंत सरकार ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार, हुआ विभागों का बंटवारा

मंत्रिमंडल से आउट हुए बसंत सोरेन व बादल पत्रलेख

बैद्यनाथ, इरफान और दीपिका की हुई एंट्री

हेमंत कैबिनेट का सोमवार को विस्तार किया गया. राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई. हेमंत कैबिनेट में 11 मंत्रियों ने शपथ ली. इस नये मंत्रिमंडल में झामुमो कोटे से बैद्यनाथ राम, कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह और इरफान अंसारी को पहली बार स्थान मिला. वहीं इस नई टीम में हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन को स्थान नहीं मिला है. इसके अलावा कांग्रेस कोटे से मंत्री रहे बादल पत्रलेख का पत्ता भी काट दिया गया.इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने कैबिनेट में 11 मंत्रियों को शामिल करने के बाद विभागों का बटवारा कर दिया. मुख्यमंत्री ने अपने पास कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, गृह,कारा विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, मंत्रिमंडल, सचिवालय एवं निगरानी विभाग और वैसे सारे विभागों को रखा है जो मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं.चंपई सोरेन को जल संसाधन विभाग के साथ-साथ उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग दिया गया है. बैद्यनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अलावा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग सौंपा गया है. मंत्री इरफान अंसारी को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग दिया गया है.मंत्री बनीं दीपिका पांडे सिंह को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के साथ-साथ आपदा प्रबंधन विभाग भी दिया गया है. डॉ. रामेश्वर उरांव को वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग के अलावा संसदीय कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी है. राजद कोटे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के पास पूर्व की तरह श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के अलावा उद्योग विभाग रहेगा. झामुमो के दीपक बिरुआ अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अलावा परिवहन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे. बन्ना गुप्ता को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ-साथ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग भी दिया गया है.झामुमो कोटे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पास यथावत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रहेगा जबकि हफीजुल हसन अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के साथ-साथ नगर विकास एवं आवास विभाग की भी जिम्मेदारी संभालेंगे. वहीं बेबी देवी को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है.

कठुआ हमले में चार जवान शहीद

श्रीनगर : जम्मू के कठुआ में सेना के जवानों पर आतंकी हमले की बड़ी खबर सामने आई है. यहां आतंकी हमले में चार जवान शहीद हो गए हैं. सोमवार शाम को इस हमले की खबर सामने आई थी. आतंकियों ने सेना की गाड़ी को निशाना बनाया था. इस हमले में पहले चार जवानों के घायल होने की जानकारी सामने आई थी. देर शाम खबर मिली की आतंकियों के हमले में चार जवान शहीद हो गए हैं. इस घटना में चार जवान घायल भी हुए हैं. जिनका आर्मी अस्पताल में इलाज जारी है. इनमें से दो जवान गंभीर रूप से घायल हैं.सेना के वाहन पर फेंका था ग्रेनेड घटना स्थल से सेना के वाहन की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह गोलीबारी के कारण क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है. हमले के बाद घाटी में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है. सूत्रों के मुताबिक पहाड़ी के ऊपर छिपे आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की और उन्होंने सेना की गाड़ी पर ग्रेनेड भी फेंका. सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है. बता दें कि बीते कुछ दिनों से एक बार घाटी में उथल-पुथल बढ़ी है. आतंकियों से मुठभेड़ की खबरें लगातार आ रही हैं. एक दिन पहले ही जम्मू कश्मीर के राजौरी में भारतीय सेना के शिविर पर आतंकवादी हमले का मामला सामने आया था. इस अटैक में आर्मी का एक जवान घायल हो गया था.

क्विक न्यूज

कड़ी सुरक्षा के बीच 5,800 से अधिक अमरनाथ तीर्थयात्री जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना

जम्मू : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 5,800 से अधिक तीर्थयात्री सोमवार को दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर के जुड़वां आधार शिविरों के लिए जम्मू से रवाना हुए। श्री अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या दो लाख से अधिक हो गई है।अधिकारियों के अनुसार सीआरपीएफ कर्मियों की कड़ी सुरक्षा में 5,803 तीर्थयात्रियों का 11वां जत्था 218 वाहनों में सुबह करीब 3 बजे बालटाल और पालगाम के आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।उन्होंने बताया कि 3,941 तीर्थयात्रियों ने अपनी यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग का इस्तेमाल किया जबकि बाकी तीर्थयात्रियों ने 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग का इस्तेमाल किया।इसके साथ ही 28 जून को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद से अब तक कुल 62,265 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं।

बीएचयू में रूद्राभिषक के साथ हुआ शैक्षणिक सत्र का आगाज

वाराणसी : काशी हिन्दू विश्वविदयालय परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मन्दिर में सोमवार को पूजन अर्चन के बाद रूद्राभिषेक से नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मन्दिर के मानित व्यवस्थापक प्रो. विनय कुमार पाण्डेय के आचार्यत्व में पुरोहित ने रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया। पूजन अर्चन के बाद सभी ने सफल, सुखद व उपलब्धिपूर्ण शैक्षणिक सत्र की कामना साझा की । पूजन अर्चन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 अरूण कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो0 अनुपम कुमार नेमा, मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो0 एस0पी0 सिंह, विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 संजय कुमार, प्रबन्ध अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो0 आशीष वाजपेयी, डीन,प्रो0 एच0पी0 माथुर, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय प्रमुख प्रो0 कौशलेन्द्र पाण्डेय, वाणिज्य संकाय प्रमुख प्रो0 एच0के0 सिंह, संगीत एवं मंच कला संकाय प्रमुख प्रो0 संगीता पण्डित और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

मुठभेड़ में मारा गया 14 लाख का इनामी नक्सली

बालाघाट : मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाटोला में सोमवार तड़के पुलिस और नक्सली के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली उकास सोहन को मार गिराया। बालाघाट के पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हट्टा थाना नातृगत कोठियाटोला सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए एक्सचेंज ऑफ फायर में 14 लाख का इनामी नक्सली को सुरक्षाबलों के जवानों ने ढेर कर दिया है। मृतक की पहचान उकास सोहन के रूप में हुई है। वह बस्तर बीजापुर का रहने वाला था। क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

कर्नाटक के पूर्व मंत्री व बीजेपी नेता के दामाद ने की खुदकुशी, गाड़ी में ही जहर खाकर दे दी जान

बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार में पूर्व मंत्री रहे और भाजपा नेता के दामाद प्रताप ने आज दोपहर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। प्रताप, जिनकी शादी बीसी पाटिल की बड़ी बेटी से हुई थी, ने दोपहर दावणगेरे के होन्नाली तालुक के अरकेरे में एक जंगल के पास अपनी कार में जहर खा लिया। ऐसा करने के बाद, उसने अपने परिवार को फोन करके अपने इरादे बताए। पुलिस सतर्क हो गई और उसे होन्नाली अस्पताल ले गई। बाद में उन्हें शिवमोग्गा के मैकगैन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनका निधन हो गया। उन्होंने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा, पुलिस उस कारण की जांच कर रही है जिसके कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। सूत्रों के मुताबिक प्रताप ने जहर खाने के बाद अपने परिवार को फोन करके इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रताप को पहले होन्नाली अस्पताल ले गई। उसके बाद पुलिस ने पीड़ित को शिवमोग्गा के मैकगैन अस्पताल में भर्ती करा दिया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 27°

मणिपुर में जो हो रहा है, भारत में कहीं नहीं देखा : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को मणिपुर दौरा किया. उन्होंने हिंसा प्रभावित इलाकों में कुकी और मैतेयी दोनों समुदायों से मुलाकात की और उनका हाल जाना. राहुल गांधी मणिपुर के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर दोनों ही इलाकों में बने राहत कैंपों में गए थे. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, संकट शुरू होने के बाद मैं तीसरी बार यहां आया हूं.

मैं सुधार की उम्मीद कर रहा था लेकिन दुख की बात है कि कोई सुधार नहीं हुआ. समय की मांग शांति है. राहुल गांधी ने कहा कि, हजारों परिवारों को नुकसान पहुंचा है, लोग मारे गए हैं. मणिपुर में जो हो रहा है, वैसा मैंने भारत में कहीं नहीं देखा. राज्य दो भागों में विभाजित है. मैंने राज्यपाल से बात की और हमने उनसे कहा कि हम शांति बहाल करने के लिए हरसंभव मदद करेंगे. मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता हूं.लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर के दौरे पर पहुंचे. राहुल गांधी ने दोपहर 3 बजे के करीब मणिपुर में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने चुराचांदपुर में रिलीफ कैंप का दौरा किया और वहां रहकर जीवन गुजार रहे लोगों से बातचीत की. राहुल गांधी ने इस दौरान कुकी और मैतेयी दोनों ही समुदायों के पीड़ितों से बात की और उनका हाल जाना. राहुल गांधी बिष्णुपुर भी पहुंचे थे.

मॉस्को में हुआ पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम

एजेंसी

मॉस्को : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की राजधानी मॉस्को पहुंच गए.राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर रूस पहुंचे हैं. यहां पीएम रूसी राष्ट्रपति के साथ 22वें रूस-भारत वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. दोनों नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत की भी उम्मीद है. मॉस्को एयरपोर्ट पर पीएम का रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने स्वागत किया.प्रधानमंत्री मोदी ने रूस पहुंचकर मीडिया से बात की. पीएम मोदी ने कहा, अपने दोस्त व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए उत्सुक हूं.पीएम नरेंद्र मोदी के मॉस्को पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया. बच्चों ने तिरंगा के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया. उन्होंने कई लोगों से हाथ भी मिलाया और उनके स्वागत में मौजूद लोगों को पीएम ने संबोधित भी किया.एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत के बाद वह होटल पहुंचे. यहां प्रधानमंत्री के स्वागत में रूसी आर्टिस्ट ने डांस किया. इस दौरान रूसी डिप्टी पीएम भी मौजूद रहे.रूस के मॉस्को में रूसी आर्टिस्ट ने पीएम मोदी के स्वागत में हिंदी गानों पर डांस किया. प्रधानमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर मॉस्को पहुंचे हैं.

जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, किसी को छूट नहीं मिलेगी : सीएम शिंदे

एजेंसी

मुंबई : महाराष्ट्र के मुंबई में हिट एंड रन मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे राज्य में इस तरह की घटनाओं को लेकर बेहद चिंतित हैं। सीएम शिंदे ने कहा कि शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आम लोगों का जीवन उनके लिए बहुत कीमती है। इसी के साथ उन्होंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने के निर्देश दिए। सीएम शिंदे ने कहा,मैं महाराष्ट्र में बढ़ते हिट एंड रन मामलों के लिए चिंतित हूं।

कुछ शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। आम लोगों का जीवन मेरे लिए बहुत कीमती है। मैंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने का निर्देश दिया है। उन्हें न्याय सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। हम हिट एंड रन मामलों के अपराधियों के लिए सख्त कानून और कठोर दंड लागू कर रहे हैं।उन्होंने आगे कहा,जब तक मैं राज्य का मुख्यमंत्री हूं, चाहे किसी को भी, चाहे वह अमीर हो, प्रभावशाली हो, या नौकरशाहों या मंत्रियों की संतान हो, किसी भी पार्टी से जुड़ा हो, इन मामलों में छूट नहीं मिलेगी। मैं किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करूंगा। मुंबई बीएमडब्ल्यू घटना मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार को एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। कार मिहिर शाह चला रहा था। पुलिस को शक है कि मिहिर घटना के समय नशे में था। आरोपी अभी फरार है। उसे ढूंढने के लिए लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है।

नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर हुई सुनवाई

प्रश्न-पत्र लीक हुआ है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई।प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए को परीक्षा रद्द करने से रोकने की मांग वाली गुजरात के 50 से अधिक सफल परीक्षार्थियों की याचिका पर भी सुनवाई की।शीर्ष कोर्ट ने कहा,एक बात तो साफ है कि प्रश्न-पत्र लीक हुआ है। सवाल यह है कि इसकी पहुंच कितनी व्यापक है? पेपर लीक होना एक स्वीकार्य तथ्य है। लीक की प्रकृति कुछ ऐसी है, जिसका हम पता लगा रहे हैं। आप केवल इसलिए पूरी परीक्षा रद्द नहीं कर सकते, क्योंकि दो छात्र धांधली में शामिल थे। इसलिए हमें लीक की प्रकृति के बारे में सावधान रहना चाहिए। दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले हमें लीक की सीमा के बारे में जानना होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम 23 लाख छात्रों के मामले को सुन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि केंद्र और एनटीए ने इस गड़बड़ी से किन-किन छात्रों को फायदा पहुंचा? यह जानने के लिए क्या कार्रवाई की? सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए। कोर्ट ने पूछा कि ये छात्र कहां हैं? भौगोलिक तौर पर ये छात्र कहां कहां हैं? क्या हम अभी भी गलत काम करने वालों का पता लगा रहे हैं और क्या हम लाभार्थियों की पहचान कर भी पाएं हैं? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा को दोबारा से कराना सबसे आखिरी विकल्प होना चाहिए। मामले में जो कुछ भी हुआ, उसकी जांच देश भर के विशेषज्ञों की एक बहु-अनुशासनात्मक समिति से कराई जानी चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने साइबर फोरेंसिक यूनिट को शामिल करने, एआई का उपयोग करके गलत काम करने वालों की संख्या का पता लगाने और उनके लिए फिर से परीक्षा की संभावना तलाशने के बारे में पूछा। कोर्ट ने सीबीआई को जांच की स्थिति बताते हुए रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह बताए कि प्रश्नपत्र पहली बार कब लीक हुआ।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो की मौत

जौनपुर (एजेंसी): शाहगंज तहसील क्षेत्र में रविवार रात को आकाशीय बिजली का कहर टूट पड़ा । भीषण बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली के चलते अलग अलग जगहों पर युवक और किशोर की दर्दनाक मौत हो गई । इन घटनाओं से मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के छिड़वा भादी गांव निवासी गौतम (25) पुत्र बिन्दू राजभर लोहे की आलमारी और बक्सा आदि बनाने के कारखाने में काम करता था।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ, 30 सितंबर तक चलेगा अभियान

छः इंडिकेटर पर कार्य कर लक्ष्य को प्राप्त करना अभियान का एकमात्र उद्देश्य : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन, नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समेत अन्य ने सोमवार को स्थानीय टाउन हॉल में दीप प्रज्ज्वलित कर जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान की शुरूआत की। बता दें कि भारत सरकार ने 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 जिलों को शामिल किया था। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम का उद्घाटन जनवरी 2023 में किया गया, जिसमें देश के 500 प्रखंडों को शामिल किया गया। इसमें पलामू

के हरिहरगंज प्रखंड का चयन किया गया है।दोनों कार्यक्रम आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है।

छ:इंडिकेटर पर कार्य कर लक्ष्य को प्राप्त करना अभियान का एकमात्र उद्देश्य : उपायुक्त

कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने टाउन हॉल में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, को संबोधित करते हुए कहा कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में संपूर्णता अभियान के तहत 6 इंडिकेटरों पर आधारित लक्ष्य को प्राप्त करना ही यह अभियान का एकमात्र उद्देश्य है।इस तीन माह में इस कार्यक्रम के जरिए आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली तथा अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने को लेकर यह संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है।उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी या कर्मचारी ग्राउंड लेवल पर काम करते हैं उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अनुपूरक पोषण,स्वास्थ्य विभाग के तहत नियमित टीकाकरण पर विशेष रूप से कार्य करने पर बल दिया।इस कार्य में एएनएम की सक्रियता अति महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि सभी इंडिकेटरों पर बढ़िया से कार्य होता है तो देश के जीडीपी में भी बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

सभी लोग 30 सितंबर तक मिशन मोड में कार्य करें : निदेशक

इस अवसर पर टाउन हॉल में सबको संबोधित करते हुए दिल्ली से आये नीति आयोग के निदेशक हिमांशु जोशी ने सभी संबंधितों को आगामी तीन महीनों तक मिशन मोड में कार्य करने की बात कही।उन्होंने सभी से हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एंड एजुकेशन समेत विभिन्न छः बिंदुओ पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करने पर बल दिया।इस अवसर पर सभी को जिले व ब्लॉक को समर्थ और समृद्ध बनाने को लेकर सभी को शपथ दिलायी गयी।मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला योजना पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी,शिक्षा पदाधिकारी,समेत बड़ी संख्या में एसएचजी की महिलायें,एएनएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

बस ने मारी टक्कर, एक घायल

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): रमना -गढ़वा मुख्य पर रमना हाई स्कूल मोड़ के समीप विशाल बस के चपेट में आने से डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहरा गांव निवासी सुरेन्द्र राम नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगो की मदद से उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहा चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटन्स की जानकारी मिलते ही रमना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में लेते हुए छानबीन में जुट गई है। खबर के अनुसार विशाल नामक बस गढ़वा जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर राहगीर सुरेंद्र राम को अपने चपेट में ले लिया था।

भाजपा नेता को पत्नी शोक, दाह संस्कार में सांसद सहित कई लोग हुए शामिल

विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे की धर्मपत्नी भानुमती देवी (77) का निधन रविवार देर शाम को हो गया.वे पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थीं। अंतिम सांस उन्होंने केतात गांव स्थित अपने आवास पर ली.वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। स्व.भानुमति देवी पूर्व प्रमुख संतोष चौबे की बड़ी मां थीं.सोमवार को उनका दाह संस्कार गांव के ही शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि टिकैत चौबे ने दी.दाह संस्कार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सोनू दुबे, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, राहुल दुबे, अखिलेश गुप्ता, रंजित ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इधर उनके निधन पर पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह, अलखनाथ पांडेय, अजय दुबे, धर्मदेव सिंह यादव, विभकर नारायण पांडेय, सी एस दुबे, सतिश्वर प्रसाद सिंह, कुश कुमार ओझा, सुनील पांडेय, आलोक शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास सहित कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

विद्या मंदिर जपला में अंग्रेजी सप्ताह का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में अंग्रेजी सप्ताह का समापन हो गया। आयोजित अंग्रेजी सप्ताह में वाद-विवाद, भाषण, प्रश्नोत्तरी समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 से अधिक भैया-बहनों ने भाग लिया। भैया-बहनों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि अंग्रेजी कठिन विषय नहीं है। इसे थोड़ा प्रयास करने पर सीखा जा सकता है।अंग्रेजी पढ़ने, लिखने और बोलने को लेकर विद्यार्थी भ्रम न पालें। इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से अंग्रेजी में सुधार के साथ-साथ बौद्धिक व मानसिक

विकास होता है। शिशु वर्ग,बाल वर्ग, किशोर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों का चयन किया गया। सभी चयनित भैया-बहन आगामी माह में होनेवाली अंग्रेजी प्रश्नमंच प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।वाद-विवाद सहित अन्य प्रतियोगिता में अंग्रेजी के शिक्षक अभिषेक पाण्डेय, कमलेश्वर सिंह और संजय सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर धर्मेंद्र कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, नीतीश मिश्रा, दीपक पाण्डेय, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक सहित सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

विधायक ने प्रखंड परिसर में पुस्तकालय भवन का किया ऑनलाइन शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में पुस्तकालय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह से उपस्थित लोगों का ऑनलाइन परिचय भी कराया। ऑनलाइन संबोधन में विधायक श्री सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज को हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय आने वाले लोग को इधर उधर भटकना पड़ता है। उन्हें बैठने का स्थान भी मिल जायेगा और किताबों के पढ़ने का मौका भी मिल जायेगा। विधायक ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आने

वाले वर्ष में हुसैनाबाद का तेजी से विकास होगा। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि भवन निर्माण विभाग से बनने वाले पुस्तकालय ने सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी धर्मो के अलावा अच्छे लेखकों की पुस्तकें मुहैया कराई जाएगी। अखबार की भी व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रयास है कि प्रत्येक प्रखंड ने पुस्तकालय का निर्माण हो। इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, हंसराज सिंह, रविंद्र कांस्यकर, अभिषेक सिंह हरी, पंकज सिंह, विजय राजवंशी, रविन्द्र यादव, वीरेंद्र राजवंशी, बीटू बाबा, नवल सिंह, मनीष सिंह, के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

स्कूटी से गिरकर 16 वर्षीय युवती घायल, रांची रेफर

मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा निवाशी जाकिर हुसैन की पुत्री अनम खातून सोमवार की सुबह स्कूटी से गिर कर घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने अनम खातून की गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पर भी इलाज के बाद उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स लेकर गए। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह अनम और उसकी बहन दोनो स्कूटी से छतरपुर बाजार जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में एक कुत्ता आ गया।जिसे बचाने के क्रम में दोनों बहन स्कूटी से गिर गई। परंतु एक बहन को हल्की-फुलकी चोट लगी। जबकि अनम गंभीर रूप से घायल हो गई।इस घटना के बाद से परिजन काफी चिंतित और परेशान है।

झापा से जुड़कर विकास में करें सहयोग : एनोस

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरसई : पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी ने क्षेत्र का चहुमुखी विकास करने का सपना देखा है। इसी कड़ी में काफी वर्षो तक काम किया गया। लेकिन सत?ता परिवर्तन के बाद विकास का योजना जिला में अटक गया। विकास को गति देने के लिए आगामी चुनाव में झापा को जितना जरुरी है। ग्रामीण झापा से जुड़ें और जिले के विकास में सहयोग करें। एनोस एक्का प्रखंड के डांड़गांव में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मौके पर सैकड़ों लोगों ने पार्टी का सदस?यता ग्रहण किया। एनोस एक्का ने कहा कि विपक्षी पार्टियों की पूरी राजनीति झूठ के पुलिंदे पर टिकी हुई है। झारखंड पार्टी सेवा को ही अपना राजनीति धर्म मानती है और इसी धर्म को मानते हुए पार्टी आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि झापा में ग्रामीणों की भागीदारी जितनी अधिक होगी, राष्ट्र का भविष्य उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने क्षेत्र की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी को अपना प्यार और स्नेह देने की बात कही। **कांग्रेस व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा झापा का दामन :** कार्यक्रम में कांग्रेस और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने पार्टी का अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया। मौके पर अभय विश्वकर्मा सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। एनोस ने सभी कार्यकर्ताओं को विस चुनाव की तैयारी में अभी से ही लग जाने की अपील की।

भाजपाइयों ने अंचल कार्यालय का किया घेराव

चैनपुर अंचल कार्यालय में बिना पैसे दिए नहीं होता हैं दाखिल खारिज : ज्योति पांडे

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर अंचल कार्यालय का सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष ज्योती पांडे ने चैनपुर प्रखंड के सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अंचल कार्यालय का घेराव किया।मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर रहीं है जानकारी मिली है की जमीन का म्यूटेशन कराने के लिए ग्रामीणों को पचास हजार से एक लाख तक अधिकारियों को पहले चढ़ावा देना पड़ता है तब जाकर उनका जमीन का म्यूटेशन होता हैं और अगर पैसा ग्रामीण किसान नहीं देते है तो उनको अंचल कार्यालय का हमेशा चक्कर काटना पड़ता है लेकिन बिना

चढ़ावा दिए अधिकारियों द्वारा उनका जमीन का म्यूटेशन नहीं किया जाता हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष ज्योती पांडे ने कहा कि सरकार ग्रामीण किसानों को अंचल कार्यालय के माध्यम से लूटने में लगीं हैं जमीन का कीमत देखकर ग्रामीण किसानों से अंचल के अधिकारियों द्वारा म्यूटेशन, दाखिल खारिज, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित कई चीज़ के नाम पर मोटी रकम की मांग की जाती है अगर ऐसे ही ग्रामीण किसानों को सरकार व अधिकारी छलने का काम करते रहें तो इसी तरह अंचल का घेराव समय समय पर हम लोग करते रहेंगे और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे।चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि अंचल अधिकारी म्यूटेशन के नाम पर भोले भाले लोगों को परेशान करना बंद करें।सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि गरीब किसान से म्यूटेशन के नाम पर अंचल कार्यालय द्वारा मोटी रकम असुलना दुर्भाग्यपूर्ण हैं अधिकारी अपने नियम में सुधार करें मौके पर वहीं सभी भाजपा कार्यकर्त्ता अंचल कार्यालय के घेराव में शामिल रहें।

सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर विधायक भूषण बाड़ा ने जताया शोक

सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पालकोट प्रखंड में एक ही परिवार के तीन लोगों के मौत को खबर सुनकर काफी दुखी हूं। एक ही परिवार के तीन लोगों की एक साथ निधन की सूचना काफी दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगतों को शांति प्रदान करे। साथ ही इस दुःख की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने की ताकत। इस दुख की घड़ी में वे मृतक के परिजनों के साथ खड़ा है। साथ ही हर सम्भव मदद किया जाएगा। उन्होंने लोगों को सर्पदंश से बचने के लिए जागरूक रहने की अपील की है। साथ ही सर्पदंश का शिकार होते ही तुरंत अस्पताल पहुंचे। झाड़ फूंक के चक्कर मे कतई न पड़े।

लायंस विशाल का 40 वां पदस्थापन समारोह का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : गढ़वा शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन के प्रसाल भवन में लायंस क्लब का गढ़वा विशाल की ओर से जिला 322 ए का 40वा पदस्थापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस डॉक्टर कमलेश कुमार के द्वारा किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पीडीजी पीएमजीएफ ला सुदीप्तो मुखर्जी समेत लायंस विशाल के पदाधिकारियों के द्वारा संयुत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सह पदस्थापन पदाधिकारी के द्वारा सत्र 2024- 25 के लिए नए पदाधिकारी का चयन किया गया। जिनमे नए अध्यक्ष के रूप में नंदलाल प्रसाद, उपाध्यक्ष के रूप सुशील केसरी एवं डॉ दीपक विश्वास को, सेक्रेटरी के रूप में

गिरीश कमलापुरी को, जॉइंट सेक्रेटरी के रूप में डॉक्टर अरशद अंसारी को, ट्रेजर के रूप में डॉक्टर यू एन बरनवाल को, जॉइंट ट्रेजर के रूप में नारायण वेंकटेश को, प्रोग्राम मार्केटिंग के रूप में शौकत खान को, लीडरशिप चेयरपर्सन के रूप में डॉ आरएनएस दिवाकर को, मेंबरशिप चेयरपर्सन के रूप में रघुवीर प्रसाद कश्यप को, क्लब कोऑर्डिनेटर के रूप में डॉ कमलेश कुमार को, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर के रूप में डॉ जेपी सिंह को, क्लब एक्सटेंशन चेयरपर्सन के रूप में बीएम प्रसाद को, क्लब सर्विस चेयरपर्सन के रूप में सफदर अली खान को, टेल ट्विस्टर के रूप में डॉक्टर एसके विश्वकर्मा को और लाइन टेमर के रूप में डॉ मोनाजिर को चयन किया गया।इसके साथ ही नए सत्र में बेहतर कार्य के लिए सभी चयनित पदाधिकारियो को शपथ भी दिलाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शांति निवास के तीन छात्राओं को मोमेंटो देकर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। तीन छात्राओं में प्रथम स्थान निक्की प्रियदर्शी द्वितीय स्थान समीक्षा कुमारी एवं तृतीय स्थान रितिका मिश्रा का नाम शामिल है। वही इस कार्यक्रम में लायंस क्लब का गढ़वा विशाल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण, लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण, लायंस क्लब के गढ़वा सिटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण, लायंस क्लब का गढ़वा ओसम के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण , रेडक्रॉस सोसाइटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण एवं लियो क्लब ऑफ ज्ञान गंगा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित थे।

पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा अबुआ आवास, व आंगनबाड़ी का मामला

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत समिति ने एक एक कर अपने पंचायत के पंचायत में हो रहें योजनाओं में धांधली के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया। कंकारी पंचायत समिति मुन्ना पाल ने बैठक में अबुआ आवास को लेकर कहा कि सरकारी मानदेय वेतन उठाने वाले स्वयंसेवक अजेश पाल की पत्नी निर्मला देवी के नाम पर अबुआ आवास दिया गया जबकि जनता का चुने हुए जनप्रतिनिधि जैसे वार्ड सदस्य अबुआ आवास नहीं ले सकते हैं यह नियम नहीं हैं तो आखिर कैसे स्वयंसेवक जो सरकार से मानदेय लेते हैं वैसे व्यक्ति को अबुआ आवास कैसे दिया जा रहा हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतेश भाष्कर ने कहा

कि जानकारी में नही है अगर ऐसा ब्लॉक से हुआ होगा तो शीघ्र जांच कर अबुआ आवास का पैसा उनसे वापस लिया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी सरकार से मानदेय वेतन लेते हैं वैसे लोग अबुआ आवास से वंचित रहेंगे अगर किसी ने धोखे से ले लिया तो वैसे व्यक्ति पर जांच कर कारवाई की जाएगी और उनसे अबुआ आवास योजना का पैसा वापस लिया जाएगा। बराव पंचायत समिति लालजी चौधरी ने कहा कि प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कई पंचायतों में जाकर आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया और कई प्रकार के त्रुटियां मिली थी जो समाचार पत्रों में देखने को मिला था लेकिन अधिकारियों द्वारा वैसे आंगनबाड़ी पर कोई कारवाई नही की गई है वहीं बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि कोई लिखित सूचना नहीं मिली है समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली हैं जिसपर हम सभी आंगनबाड़ी पर शो कॉज किए है अगर लिखित जानकारी मिलेगी तो जांच कर कारवाई करेंगे वहीं लालजी चौधरी ने कहा कि वन विभाग का रवैया बेलगाम बनी हुई हैं जैसे ओवरलोडिंग चल रहें वाहनों के प्रति ठीक ठाक नहीं हैं जो की ओवलॉड पर लगाम लगाने की जरूरत हैं वहीं बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि वन विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुआ है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों से इस मुद्दों पर बात करेंगे। बूढ़ीवीर पंचायत समिति वसीद अहमद ने जाति स्थानीय व आय प्रमाण पत्र अंचल कार्यालय से जल्दी निर्गत नहीं होने पर नाराज़गी जताया वहीं सीओ चन्द्रशेखर कुणाल ने कहा कि नियमावली जो बनी हैं उसके अनुसार जाति स्थानीय छोड़ा जाता हैं वह नियम को हम नही तोड़ सकते है अगर तत्काल जाति स्थानीय आय हो तो वैसे प्रमाण पत्र को तत्काल छोड़ा जाता हैं।मौके पर उप प्रमुख सुनील सिंह, बीईईओ नंदकिशोर तिवारी, बीओ सह एमओ अभिषेक कुमार,जेपीएस राधेश्याम राम, बीपीओ अरविंद सिंह सभी प्रखंड कर्मी सहित सभी पंचायत समिति सदस्य व मुखिया बैठक में शमिल थे।

संक्षिप्त खबरें

भगवान श्रीजगन्नाथजी की रथयात्रा के उपलक्ष्य में चित्रकला शिविर का आयोजन

रांची। कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स डोरंडा में भगवान् श्री जगन्नाथ के रथ यात्रा के अवसर पर चित्रकला शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चों ने भगवान श्री जगन्नाथ और रथ यात्रा से संबंधित पेंटिंग्स बनाई। पेंटिंग्स के माध्यम से बच्चों ने भगवान श्री जगन्नाथ , बलभद्र और सुभद्रा जी की पेंटिंग्स बनाई। साथ ही साथ बच्चों ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर एवं रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर की भी पेंटिंग्स बनाई द्यइस अवसर पर कलाकृति स्कूल आफ आर्ट्स के निदेशक धनंजय कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उनकी छिपी प्रतिभा को एक मंच देने का काम होता है और इन अवसर पर बच्चे अपनी कला को निखार पाते हैं। इस अवसर पर संस्था की उपनिदेशिका रजनी, अजय कुमार, आरती, कोमल, शिखा, अर्चना, अमीषा, तन्वी, सुमन, मनस्वी, जाया, निजात एवं अन्य शिक्षक एवं छात्रों का सहयोग रहा।

झारखंड में सुस्त पड़ा मानसून

रांची: पिछले दस दिनों से जहां पूरे राज्य में सक्रिय मानसून का असर दिख रहा था, वहीं रविवार को कमजोर मानसून देखने को मिला। हालांकि, राजधानी के हरमू, कडरु, अरगोड़ा समेत कुछ अन्य जगहों पर रिमझिम फुहारों ने राहत दी, लेकिन उमस का असर भी देखने को मिली। पिछले दस दिनों के अंदर हुई वर्षा ने किसानी को बल दिया है। पिछले दस दिनों से राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून का असर देखने को मिला और लगातार हो रही रिमझिम फुहारों ने तापमान गिरा दिया है। किसान खेतों का रूख करने लगे हैं और खरीफ फसल की तैयार में जुट गए हैं।

लोकतंत्र में पार्टी की बात माननी होती है : चंपाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वास मत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में 5 महीने तक सरकार चलाने का मौका मिला। लोकतंत्र में पार्टी और गठबंधन की बात माननी होती है। 5 महीने तक मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा के चुनाव आ गए, इसमें 3 महीने बीत गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब तक सभी दलों ने बारी-बारी से शासन किया. लेकिन, आदिवासियों के हालात नहीं बदले। आरोप-प्रत्यारोप की बजाय अपने राज्य और यहां के लोगों के हित में मिलकर सकारात्मक सोच के साथ काम करें। जनता की भावनाओं का आदर करें। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण है।

अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन पर लगाए गंभीर आरोप

भाजपा के नेता प्रति पक्ष अमर बाउरी ने विश्वास प्रस्ताव पर बहस की, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सरकार की वादाखिलाफी से लेकर संताल परगना में बदलते डेमोग्राफी का मुद्दा उठाया। भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है, अगर आदिवासी ही नहीं बचेंगे, तो किस आदिवासियत की हम बात करेंगे।सिदो-कान्हू के भोगनाडीह में अब सिर्फ 60 आदिवासी परिवार बचे हैं। यहीं पर सिदो-कान्हू ने 50 हजार से अधिक आदिवासियों को एकजुट करके अंग्रेजों के खिलाफ हूल किया था। ये सरकार 4 महीने से बुजुर्गों को पेंशन नहीं दी है। उन्होंने कहा कि ग्रीन कार्ड धारकों को 11 महीने से राशन नहीं मिला है। परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक हुए हैं। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कई राज्यों में ब्लैकलिस्टेड हो चुकी कंपनी को परीक्षा कराने की जिम्मेदारी दे दी।

मॉबलिंचिंग पर सरकार को जवाब देना चाहिए: सुदेश महतो

विपक्ष और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि यह विश्वास प्रस्ताव किन के लिए लाया जा रहा है, जबकि जनता ने विश्वास मिला और सरकार बनाने का मौका दी। यह विश्वास प्रस्ताव इसलिए लाई गई कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खिलाफ लाई गई है, यह विश्वास प्रस्ताव। विश्वास अविश्वास का सवाल है । जहां तक मुझे लगता है कि यह सरकार वह काम नहीं कर पा रही है , जो जनता से वादा करके सरकार में आई थी। विश्वास और अविश्वास प्रस्ताव में ही अपना समय व्यतीत कर रही है। वहीं विधि व्यवस्था और मॉबलिंचिंग पर पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था चौपट है और जहां तक मॉबलिंचिंग की घटनाएं हुई है , दो मॉबलिचिंग की खबरें सुनने को मिली है, तो इस पर राज्य सरकार को जवाब देना चाहिए। वहीं सत्ता पक्ष की ओर से उमाशंकर अकेला, प्रदीप यादव, विनोद सिंह ने बहस में भाग लिया, जबकि विपक्ष की ओर से अमर बाउरी और सुदेश महतो ने सरकार पर निशाना साधा।

पहली बार सदन की कार्यवाही में शामिल हुई कल्पना सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पहली बार उप चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंची है। मुख्यमंत्री के विशेष सत्र के दौरान लाये गए विश्वास प्रस्ताव के दौरान बहुमत साबित करने के लिए एक दिवसीय विधानसभा संचालित किया गया था।

जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बहुमत साबित करना था। इस मौके पर मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के साथ पर्पल सफेद छींट की डीजाइनदार साड़ी पहनी कल्पना सोरेन सदन में हो रहे, बहसबाजी को गौर से सुन रही थी। उन्होंने भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को भी सुना और पूर्व मुख्यमंत्री रहे चंपाई सोरेन को भी गंभीरता पूर्वक सुना।

महिला विधायकों ने हेमंत सोरेन को दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। 149 दिनों के बाद विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव के दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहे और विश्वास प्रस्ताव में 45 विधायकों का विश्वास जीतने में सफल रहे। इस दौरान सभी विधायकों ने उन्हें बधाई दी, तो वहीं दूसरी तरफ महिला विधायकों ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर विधायक सविता महतो , अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय, बेबी देवी, नेहा शिल्पी तिर्की, नीरज पूर्णिमा सिंह और पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल थी।

झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार नव गठित हेमंत सरकार पर निशाना साधा। मरांडी सदन में विश्वासमत केलिए आहूत विशेष सत्र के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से झूठ और भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है। यह सरकार केवल पैसे और परिवार केलिए बनी है।उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से राज्य को केवल लूटा है। खान खनिज ,पत्थर, बालू,जमीन,गरीबों के अनाज और युवाओं की नौकरियों को लूटा है। कहा कि आदिवासी,दलित,पिछड़ा,

महिला युवा सभी वर्गों में निराशा है। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। राजधानी के भीड़भाड़ के बीच हत्या हो जा रही।अपराधी बेखौफ हैं।महिलाएं , बहन ,बेटियां सुरक्षित हैं। सामूहिक बलात्कार की घटाएं आम हो गई है ।उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने पहले बजट सत्र में लाखों युवाओं को नौकरी देने और नही तो बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन पटल पर कही थी लेकिन आज युवा हताश और निराश है। कहा कि जेपीएससी , जेएसएससी की परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। ब्लैक लिस्टेड एजेंसी के माध्यम से परीक्षाओं का संचालन कराकर राज्य सरकार ने नौकरियों को लाखों लाख में बेचवा दिया।

नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं मुख्य सचेतक बिरंचि नारायण ने सोमवार को झारखंड के राज्यपाल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने अपने मंत्रिपरिषद का विस्तार किया. पद और गोपनीयता की शपथ के दौरान मधुपुर के विधायक हफीजुल हसन अंसारी ने जिस तरह से आपके शपथ के कॉल के बाद उन्होंने धार्मिक पंक्ति के साथ शुरुआत की, मुझे लगता है वह गैर संवैधानिक थी. अतएव उन्हें पुनः शपथ दिलाएं और तब तक उन्हें मंत्री पद से मुक्त माना जाए. राज्यपाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के ज्ञापन पर न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी.

37 करोड़ की लागत से रांची का रिनपास होगा अपग्रेड

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी का रिनपास (रांची मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान) अपग्रेड होगा. राज्य सरकार ने रिनपास को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 36 करोड़ 95 लाख दो हजार रुपए की राशि उपलब्ध करा दी है.

इस राशि से निर्माण व मरम्मत संबंधी कार्य इस्टीमेट तैयार कर पूरे किए जाएंगे. पूर्व से चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों की समाप्ति के बाद ही नए काम शुरू किए जाएंगे. स्वास्थ्य विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण व मरम्मति संबंधी कार्यों के पूर्व एवं बाद का फोटो व वीडियो विभाग को अभिलेख के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा. निर्माण व मरम्मति कार्य की गुणवत्ता रिनपास के निदेशक सुनिश्चित करेंगे.

वहीं रिनपास के निदेशक समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन विभाग को और उपयोगिता प्रमाण-पत्र स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय, को उपलब्ध करायेंगे.रिनपास में हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का इलाज होता है. इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलायड साइंस (रिनपास) राज्य सरकार का एकमात्र मनोचिकित्सा संस्थान है. राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग और भारत सरकार के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मॉनिटरिंग में इसका संचालन होता है. सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर संस्थान की रिपोर्ट लेता है.

खूंटी, सरायकेला खरसावां और हजारीबाग में तीन और सैटेलाइट क्लीनिक खोले हैं. संस्थान इन आउटरीच सामुदायिक केंद्रों में मनोचिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और छात्रों से बनी मेडिकल टीम भेजता है, जहां उन्हें एक महीने के लिए परामर्श और मुफ्त दवा दी जाती है. हर पखवाड़े एक मनोचिकित्सक बिरसा सेंट्रल जेल, रांची और चेशायर होम, रांची में मानसिक बीमारी से पीड़ित कैदियों का इलाज करने जाता है. रिनपास दुमका, डाल्टनगंज, गुमला और जमशेदपुर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कामकाज के लिए नोडल केंद्र भी है.

सहायक पुलिसकर्मियों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था। इस सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का फ्लोर टेस्ट होने की तैयारियां चल रही थी। लेकिन सत्र शुरू होने से पहले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सहायक पुलिस कर्मी विधानसभा कैंपस में प्रवेश कर गये । करीब सैकड़ों की संख्या में ये सहायक पुलिसकर्मी विरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गये हैं।

जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल पहुंचे और पहले समझाने का प्रयास किया, लेकिन ये सब मान नहीं रहे थे, तब वे भड़क उठे। उन्होंने सहायक पुलिसकर्मियों को धरनास्थल पर जाने को कहा। साथ ही उन्हें कहा कि अगर वे विधानसभा कैंपस से नहीं जाते है तो उनपर एफआईआर दर्ज की जाएगी। आपकी नौकरी पर भी खतरा होगा। इसके बाद पुलिस की क्यूआरटी भी पहुंच गई। एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राज कुमार मेहता और सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने भी मोर्चा संभाल लिया। फिर चार सदस्यीय टीम को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के पास ले जाया गया। जहां वार्ता हुई। हालांकि सहायक पुलिसकर्मियों का कहना था कि वे इस वार्ता से संतुष्ट नहीं हैं।

पूर्व पार्षद पर गोलीबारी के 20 घंटे के बाद दर्ज हुआ एफआईआर, धुर्वा बस स्टैंड चौक पर सन्नाटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा बस स्टैंड में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश को अपराधियों ने गोली मार दी थी. यह घटना रविवार की देर शाम हुई थी. गोलीबारी की घटना के बाद सोमवार को धुर्वा बस स्टैंड चौक में सन्नाटा पसरा रहा. आसपास की सारी दुकानें बंद रही. वहीं दूसरी तरफ घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों का अबतक कोई पता नहीं चला है. वहीं संदेह के आधार पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया.गोली लगने के बाद वेद प्रकाश की स्थिति में गंभीर बनी हुई है. पारस अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी हुई है. वहीं दूसरी तरफ कई पूर्व पार्षद वेद प्रकाश से मुलाकात करने पहुंचे. वेद प्रकाश को गोली मारने के मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर सीमा का मामला सामने आया. जिस वजह से घटना के 20 घंटे के बाद मामला दर्ज हुआ. धुर्वा थाना और विधानसभा थाना के सीमा क्षेत्र को लेकर एफआईआर में देरी हुई. जिसके बाद सोमवार को विधानसभा थाना में मामला दर्ज हुआ. वेद सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया, जब वे रविवार की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे हुए थे. इसी दौरान हाथ में देशी कट्टा लिए एक अपराधी पैदल ही वेद सिंह के पीछे पहुंचा और गोली चलाना शुरू कर दिया. गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगी. जबकि दो अपराधी बाइक पर ही बैठे हुए थे.गोलीबारी के समय चाय दुकान में भगदड़ मच गई थी वेद प्रकाश सिंह धुर्वा के जानेमाने व्यक्ति हैं, वह हर रोज शाम में बस स्टैंड स्थित चाय दुकान पर आकर बैठा करते थे. वेद सिंह पर हमला करने के लिए अपराधियों ने पहले रेकी की थी. अपराधी जानते थे कि वेद सिंह हर दिन चाय दुकान पर आते हैं. इसीलिए वहीं पर उनपर हमला किया गया.

मॉब लिंचिंग रोकने में सरकार विफल, कम से कम पीड़ितों को न्याय तो मिले : एस अली

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कांके (काटमकूली) निवासी अख्तर अंसारी जिसकी 7 जुलाई 2024 को सवेरे में टाटीसिलवे थाना अन्तर्गत भीड़ द्वारा मॉबलींचिग कर हत्या कर दी गई,आमया संगठन के पदाधिकारी आज पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना और सहयोग का भरोसा दिया।मृतक के भतीजे मो इरशाद ने बताया कि चाचा अख्तर अंसारी बंगला ईटा का काम करता थे 6 जुलाई 2024 को शाम के समय घर में बिना बताए निकल गया और 7 जुलाई को अनजान नम्बर से सुबहा 2¬45 बजे मेरे मोबाइल पर फोना आया जिसमें चाचा अख्तर अंसारी ने रोते चिल्लाते हुए बताया कि हमें नामकूम टाटीसिलवे क्षेत्र में भीड़ द्वारा पकड़कर मारपीट किया जा रहा है बचा लो इस दौरान भीड़ से किसी ने फोन छीनकर कहा कि तुम्हारे चाचा को जान से मार दे रहे है और फोन काट दिया जाता है,जिसके बाद तुरंत ही नामकूम थाना को फोनकर घटने कि जानकारी देते है और लगातार संपर्क करते परन्तु कोई कार्रवाई नही होता और सुबहा 6:30 में टाटीसिलवे थाना से फोन आता है कि एक व्यक्ति का शव मिला है जब घटना स्थल पर गये तो देखा कि मेरे भाई कि सर के पीछे धारदार हथियार से मारा गया है उनके हाथ टूटी हुई है और दोनों पैर के अंगूठे पर कटा का निशान ह। पोस्टमार्टम के बाद टाटीसिलवे थाना में मॉबलींचिग कर हत्या करने के संदर्भ में दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई के लिए एफआईआर दर्ज करने हेतु आवेदन दिया, लेकिन केस दर्ज करने के बजाए थाना द्वारा मोहर मार के रिसीविंग दे दिया गया।

पीड़ित के बात सनुने का आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तो अख्तर अंसारी कि जान बचाई जा सकती थी, सरकार मॉबलींचिग कि इस घटने को स्वता संज्ञान ले और दोषियों की गिरफ्तारी के साथ फांसी कि सजा और पीड़ित परिवार जिनकी पत्नी और चार छोटे बच्चे है उन्हें पीड़ित प्रतिकार अधिनियम 2018 के तहत मुवाअजा और नौकरी दे, ऐसा नही होने पर राज्य अबतक हुए सभी मॉबलींचिग कि घटनाओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

इस मौके पर आमया संगठन के सचिव नौशाद आलम, जिला अध्यक्ष अफताब आलम, जिला महासचिव अब्दुल बारीक, बकरीद अंसारी, सय्यैद्दीन अंसारी, मोखतार अंसारी, असगर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमीम अंसारी, मो अकरम,मोईन अंसारी, हजरत अंसारी आदि उपस्थित थे।

हथियार के साथ दो युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची राजकुमार मेहता ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पुलिस उपाधीक्षक, नगर राँची के वी रमन के देख-रेख में गठित टीम द्वारा चुटिया थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास सरकारी बस स्टैंड स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय के आस पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए आए हुए इसी के सत्यापन के लिए जब टीम वहां पहुंची है तो देखा कि दो युवक हैं और उनके पास एक थैला है उसमें एक जींस पैंट है उसी में हथियार लपेटा हुआ है। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने दोनों युवकों से पूछताछ की और फिर उसे गिरफ्तार

कर लिया । गिरफ्तार युवकों में अमजद गद्दी है जो पहले भी जेल जा चुका है वहीं शाहीद आलम उसका साथ था उसे भी गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से हथियार के साथ देशी कट्टा एवं 8 एम.एम. की गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि अमजद गाड़ी गांजा और ब्राउन शुगर का भी धंधा से जुड़ा हुआ था और रेलवे स्टेशन में गांजा और ब्राउन शुगर लेने लिए वहां पहुंचा था लेकिन इससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया।

जप्त सामानों की विवरणी: एक देशी कट्टा,8एम.एम. का एक जिंदा कारतूस

छापामारी दल: पु.अ.नि. शुभम कुमार,पु.अ.नि. जितेन्द्र मिश्रा,पु.अ.नि. दिलीप झा, आरक्षी / 1900- विष्णु पाण्डेय, हव0 कमलेश कुमार-जैप 06, आरक्षी /489 करन बास्की-जैप 06 शामिल थे।

रोस्पा टावर की एक दुकान में लगी आग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के मेन रोड में स्थित रोस्पा टॉवर के देवसरे फ्लोर पर अचानक आग लग गई। आग लगने की यह घटना सोमवार की दोपहर हुई है। आग लगने के वजह से वहां मौजूद कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। मौके पर दमकल वाहन पहुंचकर आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया। आग लगने की वजह से कुछ लोग गोडाउन के अंदर फंस गए थे। उन्हें

दीवार तोड़कर बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से आग लगी है। हालांकि आग लगने की सही वजह अब तक पता नहीं लग पाया है। आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका आकलन भी बाद में पता चल पाएगा। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार रोस्पा टावर के पीछे की तरफ दवा की गोडाउन था उसी में आग लगी है। अभी तक दुकान मालिक की तरफ से एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

स्कूली बच्चों का नेत्र जांच के लिए नोडल शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड संसाधन केंद्र सिल्ली में सोमवार को स्कुली बच्चों के नेत्र दोष संबंधी जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रत्येक विद्यालय से एक एक नोडल शिक्षकों को बच्चों के नेत्रदोष समबंधी जांच का प्रशिक्षण नेत्र सहायक संदीप कुमार बैठा ने दिया। नेत्र सहायक द्वारा बताया गया कि सभी प्रशिक्षण पाने वाले नोडल शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों का नेत्र जांच हेतु चिन्हित करेंगे एवं चिन्हित किए गए बच्चों का संकुल स्तर पर आयोजित होने वाली नेत्र जांच शिविर में भेजेंगे। जिसके उपरांत आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा ताकि बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई नहीं हो। प्रशिक्षण के दौरान नोडल शिक्षकों के बीच इससे संबंधित फॉर्मेट का वितरण किया गया। जिसमें चिन्हित किए गए बच्चों का विवरण सहित आगामी 30 जूलाई तक बीआरसी सिल्ली में जमा करने की बात कही गई। प्रशिक्षण शिविर में रिसोर्स शिक्षक शोभा सिंह व सुरेश कुमार चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

सिर्फ भाजपा में होता है कार्यकर्ताओं का सम्मान : विनय महतो धीरज

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) : पतराहातू में सोमवार को मंडल स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं पतराहातू प्रभारी विनय महतो धीरज शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विनय महतो धीरज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं।कार्यकर्ता चुनाव में काफी मेहनत कर भारतीय जनता पार्टी से रांची सांसद को जीत दिलाने का काम किया है। कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।पार्टी ने बूथ के कार्यकर्ताओं को सम्मान करने का निर्णय लिया है।13 जुलाई को सिल्ली विधानसभा बूथ स्तरीय सम्मान समारोह पतराहातू में आयोजित किया जाना है।

सभी विद्यालयों में लागू हो प्रोजेक्ट इम्पैक्ट : नलीनी रंजन

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड के सभी सरकारी एवं अल्पसंख्यक कुल 175 विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापकों का गुरु गोष्ठी पल्स टु उच्च विद्यालय कर्रा में किया गया. बैठक में नव पदस्थापित बीइईओ विजया लक्ष्मी जी का स्वागत कर सम्मानित किया गया. विशेष गुरु गोष्ठी बैठख में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलीनी रंजन मुख्य रुप से उपस्थित थे. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार सभी विद्यालयों में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट को लागु करने का निर्देश दिया गया. प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत सभी विद्यालयों में प्रयास कार्यक्रम को लागु करना है इसके तहत प्रत्येक सप्ताह प्रोजेक्ट रेल (रेगुलर एसेसमैंट)का परीक्षा लेना है और प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया जाना है.सभी विजेता छात्र-छात्राओं का सूचना पट में प्रदर्शित करना है. टाटा ट्रस्ट सिंधी के जिला समन्वयक आषुतोष ने कहा कि सभी शिक्षकों को प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का पुस्तक दिया गया है सभी कोई इसका अध्ययन कर विद्यालयों में लागु करेंगे. बीइईओ ने कही कि मैं जहां भी रही हूं वह प्रखंड नम्बर वन पर रहा है इसलिए सभी कोई समय पर अपना- अपना काम पुरा करेंगे. कार्यक्रम का संचालन बीपीओ मनमोहन साहु ने किया. इस अवसर पर खूंटी जिले के फिल्ड मैनेजर आदित्य नारायण, प्रखंड के सभी प्रखंड साधन सेवी संकुल साधन सेवी एवं टाटा ट्रस्ट के सभी कर्मी उपस्थित थे।

पिपरवार से लापता युवक का जंगल मे मिला शव

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) : सीसीएल पिपरवार एरिया के एलो कालोनी से लापता हुए व्यक्ति का शव सोमवार की सुबह खलारी थाना क्षेत्र के भेलवाटांड़ जंगल से बरामद किया गया है।मृतक की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के ऐलो कॉलोनी निवासी अविनाश सिंह उर्फ सोनू सिंह के रूप मे की गई है।उनके परिजनों ने बताया कि सोनू सिंह 23 जून से लापता था और पिपरवार थाना में उनके लापता होने का मामला दर्ज कराया गया था।सोमवार की सुबह भेलवाटांड़ जंगल के पास उनका शव देखा गया इसके बाद इसकी सूचना परिजनों के अलावा खलारी पुलिस को दी गई।इधर सूचना पाकर खलारी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिपरवार के कारो सोलर प्लांट से चालू हुआ कमीशिनिंग का काम

20 मेगावाट का सोलर प्लांट पिपरवार का ड्रीम प्रोजेक्ट : सीबी सहाय

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के द्वारा नवनिर्मित कारो सोलर प्लांट से सोमवार को कमीशिनिंग का काम चालु हो गया है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार जीएम सीबी सहाय मौजुद थे।जीएम श्री सहाय ने फीता काटकर इसका उदघाटन किया।इस संबंध मे सोलर प्लांट के अधिकारियो ने बताया कि 20 मेगावाट के क्षमता वाले इस सोलर प्लांट से डेढ़ मेगावाट चालु हो गया है।आज से डीवीसी को डेढ़ मेगावाट पावर भेजा जा रहा है।वही दस दिनो के अन्दर फुल लोड पर 20 मेगावाट

चालु हो जाएगा।इधर पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि 20 मेगावाट का यह सोलर प्लांट पिपरवार एरिया के लिए एक ड्रीम प्रोजेक्ट है जो अब पूरा हो चुका है।उन्होंने कहा कि सोलर प्लांट के फुल फेज में चालू हो जाने से पिपरवार एरिया मे विधुत आपूर्ति की जाएगी।इस सोलर प्लांट से पुरे पिपरवार क्षेत्र में बिना प्रदूषण के विद्युत आपूर्ति सप्लाई की जाएगी।उन्होने कहा कि सीसीएल का यह पहला सोलर प्लांट है जो बिना प्रदूषण के विद्युत आपूर्ति की सप्लाई करेगा और यह पिपरवार एरिया एवं सीसीएल के लिए गौरव की बात है।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दता,स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा,स्टाफ ऑफिसर सेफ्टी मुकेश तोषाग, स्टाफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदर, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,स्टाफ ऑफिसर ईएंडटी आरएन गौतम,प्रोजेक्ट इंजीनियर विद्युत एवं यांत्रिक इमाम उल हक,एनटीपीसी प्रतिनिधि बीके उर्मालिया,दीपक कुंडु,

रंजन कुमार,राजन कुमार, सिकन्द्र महतो,रजनीश सिंह, राहुल रंजन,धीरेन्द्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

टीम भावना से होगा काम, सभी के सहयोग से पुरा करेगे लक्ष्य : संजीव कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नये महाप्रबंधक के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दे दिया है।सोमवार को पिपरवार जीएम ऑफिस मे उन्होंने अपना योगदान दिया।पिपरवार क्षेत्र के निवर्तमान महाप्रबंधक सीबी सहाय ने उन्हें कार्यभार सौंपा।इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों ने नये जीएम संजीव कुमार का बुके,श्रीफल एंव शॉल प्रदान कर स्वागत किया गया।वही पूर्व जीएम सीबी सहाय को सम्मान के साथ विदाई दी गई।अशोका पीओ संजय कुमार के नेतृत्व मे अधिकारियों ने पूर्व जीएम सीबी सहाय को बुके,शॉल, श्रीफल एवं उपहार प्रदान कर विदाई दी।इधर पिपरवार क्षेत्र के नये जीएम संजीव कुमार ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही सभी विभाग के प्रमुख अधिकारियों के साथ बैठक की,जिसमें उन्होंने एरिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।इस संबंध में उन्होंने कहा कि पिपरवार क्षेत्र सीसीएल की रीढ़ है।पिपरवार एरिया कोयला उत्पादन के लिए चर्चित है,यहां पर काम करना गौरव की बात है।उन्होने कहा कि टीम भावना के साथ सभी के सहयोग से पिपरवार एरिया के लक्ष्य

को प्राप्त किया जाएगा।यहां के सभी अधिकारी,कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि एंव विस्थापित ग्रामीणो के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम किया जाएगा।कोयला अधिकारी, कर्मचारी और विस्थापित रैयतो की समस्या का समाधान करना और विस्थापित प्रभावित क्षेत्रो मे बुनियादी सुविधा बहाल करना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने उर्जा के मुख्य श्रोत कोयला उत्पादन मे क्षेत्र के सभी लोगों से सहयोग करने की अपील की है।इस मौके पर अशोका पीओ संजय कुमार,एसओपी नागेश गोपाल,संगीत कुमार,जेएन दत्ता,जीएसपी शर्मा,डीके शर्मा,डीपी राय,अरूण महतो,इन्द्रजीत सिंह,मुकेश तोषाण,निशांत कुमार,पंकज चौधरी,शिशिर गर्ग,हेमचन्द महतो,ज्योति कुशवाहा, किशन अवस्थी,संदीप चौधरी सहित कई अधिकारी मौजुद थे।

दो तीरंदाजों का भारतीय खेल प्राधिकरण साई तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में चयन

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय ने तीरंदाजी के क्षेत्र में दो उज्जवल सितारों का परिचय दिया है, बिरसा मुंडू और अमित कुमार, जिनका भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) रांची में तीरंदाजी प्रशिक्षु के रूप में चयन हुआ

है। ये बच्चे पिछले दो साल से तीरंदाजी में अभ्यासरत है। सीमित संसाधनों के बावजूद चयन होना अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। उल्लेखनीय है कि नेताजी स्कूल में अनाथ, एकल अभिभावक के बच्चे, बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के अलावा नक्सल प्रभावित परिवार के फिलहाल 30 बच्चों को निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए सीमित संसाधन में अभ्यास कर रहे बच्चों के बीच बिरसा और अमित का भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होना अत्यन्त ही गर्व का विषय है। दोनो तीरंदाजों के भारतीय खेल प्राधिकरण में चयन होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ नलिनी रंजन, ज़िला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, एपीओ कुलदीप सोए, एवं विद्यालय की वार्डन प्रतिमा देवी सहित विद्यालय परिवार ने उनके उज्वल भविष्य हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सीएचपी कोल वाशरी मे कोयला मजदूरो ने किया बायोमेट्रिक सिस्टम का विरोध

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल परियोजना में संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग किया गया।मीटिंग की अध्यक्षता मोहम्मद अब्दुल्ला ने किया।गेट मीटिंग में बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने की प्रक्रिया का जोरदार विरोध किया गया और इसे वापस लेने की मांग की।मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन मजदूरों के सुख सुविधा पर हमला कर रही है।बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने की प्रक्रिया काफी कठिन है। जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पिपरवार मे पूर्व से ही बायोमेट्रिक सिस्टम का पुरजोर विरोध हो रहा है, लेकिन अभी तक प्रबंधन के द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है।वक्ताओं ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द बायोमेट्रिक सिस्टम को बंद नहीं किया गया तो कोयला मजदूरों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।गेट मीटिंग में मुख्य रुप से एटक के मो. अब्दुल्लाह,कयूम अंसारी, बाबूलाल राम,बीएमएस के मिथिलेश कुमार,अरविंद कुमार,सीएमयु के सरोज पैरा,बसंत नारायण महतो, आरकेएमयु के मनोज प्रसाद गुप्ता,जमंस के सुखदेव राम, सीटु के हैदर अली के अलावा मोहम्मद अहसान,राजेंद्र प्रताप सिंह,केके मिश्रा, सावित्री देवी,मंजू देवी,गीता देवी,सुकरी देवी,हीरालाल महतो,अवधेश पांडेय,जोगेंद्र प्रजापति,दयानंद सोनी,मुंशी महतो,शशिकांत पांडेय, कुतुबुद्दीन अंसारी,अजय कुमार सहित सैकड़ों मजदुर उपस्थित थे।

जीआरपी ने 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया

मुरी : जीआरपी ने रविवार की देर रात 12 बजे के लगभग एक 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार मुरी जीआरपी थाना को सुचना मिला की मुरी गोला रेलखंड के हारुबेड़ा स्टेशन के समीप पॉल संख्या 1107 के पास रेलवे लाइन पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है जिसका शरीर धड़ से अलग है।मुरी जीआरपी तुरंत घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। जीआरपी द्वारा मृतक कि पहचान के लिए तलाशी लेने पर मोबाइल बरामद हुआ जो बंद पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जीआरपी थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह से पुछने पर उन्होंने बताया कि शव को देखकर लगता है कि किसी ट्रेन के निचे आकर आत्महत्या कर लिया है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। जीआरपी द्वारा मोबाइल के सहारे उनके परिजनों का पता लगा रहे हैं।

शपथ पत्र

समक्ष, नोटरी पब्लिक, रांची।

मैं अफसना नाज, पिता -मो0 हसन नाज, निवासी कलाल टोली, सईद बाबू गार्डन, रांची पो0 - जी0पी0ओ0, थाना - लोअर बाजार, जिला -रांची, झारखंड -834001 के निवासी हूं एवं शपथ पूर्वक निम्न बयान करती हूं कि :-

1- यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

2- यह की आलिया नाज मेरी पुत्री है, जिसका जन्म तिथि 24 /01/2014 ई0, (उम्र 10) है।

3- यह की मेरी पुत्री का आधार नंबर 2831- 3148 -4674 है। उसमें नाम आलिया फातिमा खान दर्ज है, जो गलत है तथा घरेलू है।

4- यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरी पुत्री का आधार कार्ड में नाम आलिया फातिमा खान है, उसे सुधार कर आलिया नाज करने के लिए मेरे द्वारा लिपिबद्ध किया जा रहा है।

5- यह कि उपरोक्त सभी बातें सही एवं सत्य है।

यह शपथ पत्र दिनांक 03-07-2024 ई. को रांची में संपन्न हुआ।

Ref no 135 Dt 03jul-2024

कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा

कृषक बन्धुओं के लिए अति आवश्यक सूचना
पैक्सों (MPCS) में सदस्यता वृद्धि अभियान प्रारंभ

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार दिनांक–**25/06/2024** से **25/07/2024** तक कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी पैक्सों (बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि०) में सदस्यता वृद्धि अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि अपने नजदीकी पैक्स (MPCS) में जाकर पैक्स (MPCS) की सदस्यता नियमानुसार ग्रहण करें।

पैक्स (MPCS) की सदस्यता हेतु अर्हता–	पैक्स (MPCS) द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ–
• प्रत्येक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति पुरूष अथवा महिला सदस्य बन सकते है। • सदस्यता शुल्क 10/– रू० • शेयर मनी– (1) 100/– रू० • आधारकार्ड की छायाप्रति • पैक्स (MPCS) की उपविधि के अनुसार पैक्स (MPCS) सदस्यता प्राप्त करने हेतु अन्य अर्हता आवश्यक ।	• उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता। • न्युनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति संबंधी सुविधा। • पैक्स (MPCS) द्वारा सी०एस०सी० (C.S.C) सेंटर के रूप में कार्य करना। • जमावृद्धि योजना का संचालन। • प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत। • जन औषधि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत। • कई पैक्सों (MPCS) द्वारा व्यवसायिक गतिविधि यों का संचालन। • सभी पैक्सों (MPCS) को कम्प्यूटीकृत किया जा रहा है। • अन्य सुविधाएँ।

➢ आपके नजदीकी पैक्स (MPCS) में सदस्यता फार्म निःशुल्क उपलब्ध है।
➢ किसी भी प्रकार की काठीनाई हाने पर अपने प्रखण्ड के पैक्स (MPCS) अध्यक्ष/प्रबंधक/प्रखण्ड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक, स०स०, कोडरमा अंचल, कोडरमा से सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.328958 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25):D

निवेदक
जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा

Office Nagar Parishad, Lohardaga

Notice Inviting Short Tender
e-Tender Reference No. LNP/ 01/2024-25(2nd Call) Date- 06-07-2024

S. No.	Gr. No.	Name of the Work	Approx Value of work (in Rs.)	Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders .gov.in)	Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov. in)	Period of completion
1	2	Construction of P.C.C. road from Shivshanker Chawrisya house to Mahabir oraon house via Swayambhu Mandir , Shachi Devi house to Dillip oraon house and NH Road(Munna Sahu house) to Teli Dharamsala in ward no 21	2475069.00	49,502.00	5,000.00 + 18% GST	60 Days
2	3	Construction of P.C.C. road from Lohardaga Nursing home to Parmanand Sahu house via Dewnath oraon house,Bhola Agerwal house to Shiv Agerwal house,Shashi Soni house to Anand Pandit house and Ranjeet Nayak house to Pound in ward no 20	2472554.00	49,452.00	5,000.00 + 18% GST	60 Days

Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

Sl. No.	Procurement Officer	date of tender publish on website	Availability of tender on line for bidding		Place, Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F
1.	Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga	09-07-2024 Time 10:30 AM	Bid downloading Date-09-07-2024 Time 11:00 A.M To Date 23-07-2024 Time 5:00 P.M.	Bid submission Date- 09-07-2024 Time 11:30 P.M To Date 23-07-2024 Time 5:00 P.M.	N.P. Lohardaga Date- 24-07-2024 Time 05:00 P.M

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR.NO. 328898 Lohardaga(24-25):D

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,राँची

खुला डाक की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के ओरमाँझी एवं अनगड़ा प्रखंड के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बदोन्बस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि के लिए दिनांक 23.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा दिनांक 30.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् दिनांक 07.08.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं–

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक/बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

प्रखण्ड – ओरमाँझी

ओरमाँझी प्रखण्ड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

क0	जलकर का नाम	ग्राम	प्रखण्ड	खाता सं0	खेसरा सं0	रकबा	सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हेन्देबिली तालाब III	हेन्देबिली	ओरमाँझी	–	1223	0.72	2000
2	सिलदिड़ी तालाब	सिलदिड़ी	ओरमाँझी	508, 105	330	1.24	1300
3	जीरावार तालाब II	जीरावार	ओरमाँझी	330	337	4.00	1000
4	डटमा तालाब	डटमा तालाब	ओरमाँझी	–	267	0.27	480
5	हेन्देबिली तालाब I	हेन्देबिली	ओरमाँझी	102	325	4.00	7200
6	हतवाल तालाब	हतवाल	ओरमाँझी	1	192	0.42	500
7	गुडु तालाब	गुडु	ओरमाँझी	–	848	0.54	1200
8	मन्दरो तालाब	मन्दरो	ओरमाँझी	–	–	0.52	1200
9	ईचादाग तालाब	ईचादाग	ओरमाँझी	–	910	2.10	3200
10	तापे तालाब	तापे	ओरमाँझी	–	1102	1.5	2000
11	गगारी तालाब	गगारी	ओरमाँझी	–	–	0.57	800
12	चकला तालाब	चकला	ओरमाँझी	–	1017, 1018	2.92	5600
13	पालू तालाब	पालू	ओरमाँझी	–	707, 708	1.15	1600

प्रखण्ड – अनगड़ा

अनगड़ा प्रखण्ड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

क0	जलकर का नाम	ग्राम	प्रखण्ड	खाता सं0	खेसरा सं0	रकबा	सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गेतलसूद पोखर	गेतलसूद	अनगड़ा	225	1661, 1662	3.38	4800
2	चतरा तालाब	चतरा	अनगड़ा	226	486	2.35	4800
3	साल्हन चौधरी बाँध	साल्हन	अनगड़ा	187	845	0.81	2000
4	साल्हन नवा बाँध	साल्हन	अनगड़ा	153	849	0.52	1200
5	नारायण सोसो तालाब	नारायण सोसो	अनगड़ा	146	310	1.19	5600
6	सिमलिया तालाब	सिमलिया	अनगड़ा	72	1962, 1963	1.05	1600

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 328904 Fish(24-25).D

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

खराब पड़ी हाई मास्ट लाइटों की मरम्मत को लेकर विमल बैठा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भाजपा नेता विमल बैठा ने सोमवार को पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज को एक ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइट को एक सप्ताह के अंदर दुरूस्त करने या नई लाइट लगवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में भी ग्रामीण क्षेत्रों के लोग रात के अंधेरे में सड़कों पर भयमुक्त होकर आवागमन कर सके इसके लिए स्ट्रीट लाइटें काफी जरूरी है। बैठा ने कहा कि 14 वें वित्त आयोग की पंचायत निधि से लाखों रुपए खर्च कर लगाई गई स्ट्रीट लाइट मरम्मत के अभाव में खराब पड़ी हुई हैं। अभी बरसात के मौसम में रात के अंधेरे में सांप, बिच्छू आदि जहरीले जीवजंतु निकलते रहता है। बीडीओ ने भाजपा नेता को सकारात्मक आश्वासन दिया है।

गायक अजीत अमन की नागपुरी वीडियो मोर दिल सोशल मीडिया पर मचा रही धूम

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत के महान उद्योगपति रतन टाटा के जीवन पर गीत गाकर झारखंड, बिहार समेत देश भर में पहचान बनाने वाले गायक अजीत अमन का एक नया नागपुरी वीडियो एलबम मोर दिल सोशल मीडिया पर खूब धूम मचा रहा है। गायक अजीत अमन ने बताया कि वे पहली बार नागपुरी वीडियो में अभिनय कर रहे है। इस वीडियो में शहर के उभरते गायक भीम कुमार भूमिज और देबजानी सरकार ने प्रस्तुति दी है। अजीत अमन ने बताया कि वो हिंदी और भोजपुरी के कई वीडियो एलबम में गाने के साथ अभिनय कर चुके हैं। यह वीडियो उदय मूवीज रिजिनल पर लौंच हुई है। इस वीडियो एलबम के निर्माता उदय साहू और वीडियो एडिटर सूर्या साहू हैं।

नशा मुक्ति को लेकर कुमीर हरिमंदिर में ग्राम सभा का आयोजन, लिए गए कई निर्णय

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा प्रखंड के कुमीर गांव स्थित हरिमंदिर में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नशा मुक्ति को लेकर ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के मुखिया दीपक कोड़ा भी शामिल हुए। इस संबंध में मुखिया ने बताया कि नशा मुक्त पंचायत बनाने के उद्देश्यों से इसके पहले हर गांवों में नशा मुक्ति रैली निकाल लोगों को जागरूक किया गया है। जिसमें करीब 80 प्रतिशत नशे के कारोबार बंद हो गए हैं। बाकी बचे 20 प्रतिशत ग्राम सभा के माध्यम से बंद कराना है। उन्होंने बताया कि सभी गांवों में ग्राम सभा होने के पश्चात पंचायत में कार्यकारिणी करते हुए वरीय अधिकारियों को नशा मुक्त पंचायत की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद होने के कगार पर है। ग्राम सभा में कई निर्णय लिया गया है जिसमें अगर कोई मादक पदार्थों की क्रय बिक्रय करते पकड़ा जाएगा तो उनके ऊपर ग्राम सभा द्वारा दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा एवं उसकी पहचान करने वाले को पांच हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीकर हल्ला करने पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। बैठक में आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, वार्ड सदस्य एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाएं भी मौजूद थे।

भाजपा नेता संदीप मिश्रा की माता का निधन, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा के गोपालपुर ग्राम निवासी

भाजपा नेता सह ग्राम प्रधान संदीप मिश्रा की माताजी करीब 80 वर्षीया बासना मिश्रा का रविवार सुबह करीब 9 बजे हार्ट अटैक से निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही उनके घर पहुंचकर सैकड़ों लोगों ने अंतिम दर्शन किया और श्रद्धांजलि दी। भाजपा के जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा के निर्देश पर जिला मंत्री नीलू मछुआ पहुंची और शोक संवेदना व्यक्त किया। इसके अलावा भाजपा नेता परेश मुखी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, मुरारी पाल, विश्वजीत कुंभकार, पवन महतो, कृपासिंधु महतो सहित, अनंत लाल मिश्रा आदि शामिल थे। गौरतलब हो कि कुछ महीने पूर्व उनके पिताजी का भी निधन हो चुका है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक

कल्याण विभागीय विभिन्न योजनाओं में समिति ने लिए कई निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में सोमवार को कल्याण विभागीय योजनाओं से जुड़ी अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सासंद एवं विधायकगण के प्रतिनिधि, संबंधित जिला परिषद सदस्य, डीएफओ सबा आलम अंसारी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कुल 285 लाभुकों के प्रस्ताव पर समिति ने अनुमोदन किया, जिसमें 150 आदिम जनजाति, 27 आदिम जाति, ओबीसी के 102 तथा 3 दिव्यांग

एवं 3 अल्पसंख्यक लाभुक शामिल हैं। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में 4 प्रखंडों से प्राप्त हुए 165 आवेदनों में से 1 आवेदक को मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत लाभ दिए जाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया तथा अन्य 164 योजनाओं को जांचोपरांत अनुमोदित किया गया। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंडों के योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया। एफआरए के तहत प्राप्त व्यक्तिगत वन पट्टा के 167 व सामुदायिक वन पट्टा के 13 आवेदनों पर समिति ने चेकलिस्ट तैयार कर एफआरए 2006 के अनुरूप संशोधन के साथ अगली बैठक में प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 463 लक्ष्य के विरूद्ध कुल प्राप्त 1339 में से 463 आवेदनों पर जांचोपरांत अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इसमें बकरा पालन के 115, सुकर पालन के 46, ब्रॉयलर कुक्कुट पालन के 24, लेयर कुक्कुट पालन के 46 तथा बत्तख पालन के 232 लाभुक शामिल हैं। वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लाभ को लेकर बताया गया कि 22425 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 8226 आवेदन विभिन्न शिक्षण संस्थान द्वारा अबतक अप्रूव किया गया है जिनमें 5870 छात्रों को 6 करोड़ 11 लाख रुपए छात्रवृत्ति राशि के भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

खरसावां व हाड़ीभंजा में महाप्रभु जगन्नाथ का रथ खींचने पहुंचे सांसद व विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : रथ यात्रा पर खरसावां व हाड़ीभंजा में उड़ीसा की तर्ज पर भव्य रथ और रथ में विराजे महाप्रभु को क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा और विधायक दशरथ गागराई सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस महापर्व में सांसद व विधायक ने भगवान जगन्नाथ के रथ की डोरी खींची। उड़ीसा से आए हुए कलाकारों के द्वारा नृत्य व भजन कर महाप्रभु जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा को मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। इस दौरान श्रद्धालु भव्य रथ को निहारते रह गए। भक्ति में डूबे लोग जहां एक तरह जय जगन्नाथ के जयकारे लगा रहे थे तो दूसरी और रथ खींचती महिलाएं दिखी सभी श्रद्धालुएं एक बार अपने महाप्रभु का दर्शन कर रथ की डोरी खींचने और अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। मौके पर खुंटी के सांसद कालीचरण मंडा व खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि ऐतिहासिक खरसावां एवं हाड़ीभंजा रथ यात्रा महोत्सव एवं पूजन-अनुष्ठान में शामिल होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख शांति समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला कॉर्डिनेटर बनाए गए पवन कुमार बबलू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला कॉर्डिनेटर पवन कुमार बबलू बनाए गए हैं। उपरोक्त पद पर झारखंड प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने मनोनयन किया है। सुनीत शर्मा ने आशा व्यक्त किया है कि पवन कुमार बबलू के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत संगठन काफी मजबूत होगा, साथ ही राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी, मंडल कमेटी और 231 पंचायतवार सभी कमेटियों का गठन समय सीमा पर पूर्ण करने का भी निर्देश दिया।

उपरोक्त नियुक्ति देते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के मजबूत होते ही हमारे नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूती मिलेगी साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी को पूर्ण सहयोग देने का भी निर्देश जारी किया।

ईचागढ़ पुलिस ने अबैध महुआ भट्टी को किया ध्वस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के झारूआ सीता नाला नदी किनारे झाड़ियों में थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के नेतृत्व में एक अवैध देशी महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त कर दिया गया। जावा महुआ, चिमनी एवं शराब बनाने की सामग्रियों को भी विनष्ट कर दिया गया। मौके से शराब माफिया फरार हो गया। ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि सीता नाला नदी किनारे झाड़ियों में चोरी छिपे अवैध देशी महुआ शराब चुलाई का धंधा किया जा रहा है। उसके आधार पर टीम बनाकर छापेमारी किया गया, जिसमें पाया गया कि जंगल झाड़ियों में देशी महुआ शराब का भट्टी चलाया जा रहा है। पुलिस को देखते ही शराब माफिया फरार हो गया। उन्होंने कहा कि झाड़ियों में छुप कर रखे जावा महुआ, चिमनी, ड्रम आदि को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि नशा के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

विश्वास मत हासिल करने पर मुख्यमंत्री हेमंत को विधायक मंगल कालिंदी ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में मुलाकात कर झारखंड विधानसभा में विश्वास मत हासिल होने की खुशी में उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश में अब चारों ओर विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठे लोगों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है। मौके पर गुमला विधायक भूषण तिर्की भी उपस्थित थे।

करीम सिटी कॉलेज के 15 छात्रों को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने किया सेलेक्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज का दृढ़ विश्वास है कि जब छात्र पेशेवर दुनिया में कदम रखते हैं तो उन्हें एकेडमिक शिक्षा के अलावा क्षमता निर्माण और कौशल विकास की भी आवश्यकता होती है। टाटा पावर द्वारा संचालित अलीग ने हमारे छात्रों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अलीग ने जून के महीने में एक भर्ती अभियान आयोजित किया। इस अभियान में 78 छात्रों ने भाग लिया और उनमें से 15 को अंततः आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के

लिए चुना गया। ये छात्र अपनी स्नातक की डिग्री पूरी करने के बाद अपनी नई भूमिका के लिए शामिल होंगे। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्रों के नाम हैं विवेक गोस्वामी, गौरव कुमार, अनिकेत आनंद, संस्कृति, साक्षी बंसल, आयुष कुमार प्रसाद, आयुष चक्रवर्ती, सुप्ति सेनगुप्ता, अमित शॉ, विशाल कुमार झा, सुरनजीत कुमार सिंह, रितिक कुमार श्रीवास्तव, अंकित कुमार अग्रवाल, विकाश कुमार व प्रियांशु तिवारी।

मोहर्रम को लेकर सोनारी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सोनारी थाना परिसर में आने वाले मोहर्रम त्योहार को लेकर सोमवार को शांति समिति की एक विशेष बैठक का आयोजन अजय कुमार साहू (निदेशक एनईपी, पूर्वी सिंहभूम), सुदीप्त राज (कार्यपालक दंडाधिकारी, जमशेदपुर), निरंजन तिवारी पुलिस (उपाधीक्षक मुख्यालय-2), सोनारी थाना प्रभारी कुमार सरयू आनंद, सोनारी थाना शांति समिति के अध्यक्ष डॉ. अमोल पात्रो और सचिव सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू की उपस्थिति में संपन्न हुई।सोनारी में मोहर्रम का जुलूस को किस तरह शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न करवाया जाए इस विषय में प्रशासनिक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सोनारी थाना शांति समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया गया कि अपने-अपने सेवा स्थल पर मौजूद रहकर विसर्जन जुलूस को सही समय पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर संपन्न करवाएं। लोगों से अपील किया गया कि

किसी भी तरह के दिग्भ्रमित करने वाले अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से अपना पर्व मनाएं। अखाड़ा समिति से निवेदन किया गया कि आग वाली खेल और ट्यूबलाइट लेकर जो खेल खेला जाता है उसे कृपया ना किया जाए। इससे खेलने वालों को भी तकलीफ नहीं होगी और आने-जाने और देखने वालों को भी। बैठक में उपस्थित लोगों ने सोनारी थाना शांति समिति के लोगों को हृदय की गहराई से मोहर्रम पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने का पूर्ण इच्छा जताया।

सुप्रीम कोर्ट पर मुझे भरोसा है की बच्चों के हक में निर्णय आएगा : डॉ. अजय कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट यूजी परीक्षा में अनियमितता मामले में हुई सुनवाई के पश्चात सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, जे बी परदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच द्वारा की गई टिप्पणी पर कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ. अजय कुमार ने भरोसा जताया है। एक बयान जारी कर उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में मुझे भरोसा है वह छात्रों के हक में ही निर्णय लेगा। जिस प्रकार कोर्ट ने आज नीट यूजी परीक्षा गड़बड़ी मामले में कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई की और एनटीए से जो सवाल पूछे गए हैं उससे स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में गंभीर है और वह परीक्षा से जुड़े हर पहलू को ध्यान में रख कर कोई ठोस निर्णय लेगा। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को नीट यूजी परीक्षा से जुड़े विभिन्न पहलू से जुड़े सवालों के जवाब 10 जुलाई की शाम 5 बजे तक जमा करने का निर्देश दिया है जिसपर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। वह निश्चित नीट यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ी को हर पहलू से जुड़ा है। डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी

मोदी सरकार को किसी भी हाल में बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ करने नहीं देगी। राहुल गांधी ने संसद में नीट यूजी परीक्षा मामले में चर्चा कराने की मांग की थी लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने उसे स्वीकार नहीं किया। इससे साफ है कि सरकार इस मामले में शामिल अधिकारियों एवं नेताओं को बचाना चाहती है। सरकार को 24 लाख युवाओं के भविष्य की चिंता नहीं है। लेकिन कांग्रेस पार्टी बच्चों को न्याय दिलवाकर रहेगी। फिलहाल मामले अदालत में है और मुझे सुप्रीम कोर्ट पर पूरा यकीन है कि वह बच्चों के भविष्य का ख्याल रखते हुए कोई भी फैसला सुनाएगा।

बिष्टुपुर तुलसी भवन में मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला 22 से 24 जुलाई तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : महिलाओं को सशक्त करने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में 22 से 24 जुलाई तक होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। मंच की सभी सदस्य इसे सफल बनाने में लगी हुई हैं। इसी के तहत सोमवार को मंच की पदाधिकारियों ने राखी मेला का पोस्टर विमोचन किया। इस मेले में लगभग 50 स्टाल लगाए जाएंगे। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष रानी अग्रवाल एवं सचिव मीना अग्रवाल ने सोमवार को संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मेले में जमशेदपुर सहित चाईबासा, रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, कोलकाता, मुंबई आदि शहरों की महिलाएं स्टॉल

लगाने के लिए अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आ रही हैं। जिसमें नए प्रकार की कई आकर्षक उत्पाद भी शामिल हैं। महिलाओं को सशक्त करने हेतु यह मेला विगत 31 वर्षों से निरंतर लगाया जा रहा है। इस मेले में एक ही स्थान पर राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन रहेगा। इसके अलावा गृह उपयोगी हाथों से बने अचार, पापड़, मंगोड़ी, खजला उचित मूल्य में मिलेंगे।

एकल बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगा बंग बंधु की नई पहल

जारी होगा हेल्पलाइन नंबर, मदद को तत्पर रहेंगे संस्था के सदस्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सामाजिक संस्था 'बंग बंधु' के वेस्ट जोन की बैठक सोमवार को कदमा अनिल सुर पथ स्थित इंद्रजीत घोष के कार्यालय में संस्था की अध्यक्ष अपर्णा गुहा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कई सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए उसके समाधान करने पर विचार किया गया। संस्था की नई कमिटी की घोषणा के बाद चार जोन में बैठक के क्रम में यह बैठक हुई। इसके बाद सेंट्रल कमिटी की बैठक होगी, जिसमें संस्था द्वारा भविष्य में किए जानेवाले कार्यों को अमली जामा पहनाया जाएगा। इस दौरान संस्था के बुद्धिजीवी मंच की

शांति घोष को सम्मानित किया गया।अध्यक्ष अपर्णा गुहा ने बताया कि आनेवाले दिनों में संस्था द्वारा एक नई पहल करते हुए एकल बुजुर्गों की मदद के कई कार्य किये जाएंगे। कहा कि आजकल कई ऐसे बुजुर्ग अकेला रहते हैं, जिनके पुत्र या पुत्री पढ़ाई व नौकरी की वजह से अन्य शहरों में रहते हैं। वैसे लोगों की मदद हेतु एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। उनके कॉल पर संस्था के समर्पित सदस्य घरों में जाकर मदद करेंगे। साथ ही बताया कि सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिये जल्द ही शिविर लगाया जाएगा। बैठक में अपर्णा गुहा के अलावा उत्तम गुहा, संजीव आचार्य, अशोक दत्ता, प्रताप बनर्जी, पारितोष महतो, इंद्रजीत घोष, नांटू सरकार, प्रसेनजीत सरकार, सरबानी नंदी, मलय दास, प्रणव बराट, शांति घोष, सास्वती चौधरी, अनीता सरकार, ज्योत्सना सरकार, हरप्रसाद सरकार, उज्ज्वल गुहा, अभिषेक सरकार, सुदीप कुमार दत्ता, बॉबी मुखर्जी, सुजाता विश्वास, बिलु रॉय चौधरी, राजा आचार्य, प्रभात मुखर्जी आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन प्रताप बनर्जी व धन्यवाद ज्ञापन इंद्रजीत घोष ने किया।

रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट के डॉ. अमित अध्यक्ष और दीप्ति सचिव बनीं, नई टीम ने संभाला पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट की नई टीम (2024-25) द्वारा बेलडीह क्लब के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नये अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी एवं सचिव दीप्ति सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ पदभार संभाला। पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने नई टीम के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने रोटरी वेस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और आगे भी ऐसे ही बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। मौके पर पीडीजी प्रतिम बनर्जी ने बताया कि डॉ. अमित मुखर्जी न केवल एक सफल ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं, बल्कि एक लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वहीं, दीप्ति

सिंह एक अनुभवी शिक्षाविद और व्यवस्था सुधारक रही हैं। इनके नेतृत्व में रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट के सभी सदस्य अत्यधिक उत्साहित हैं। समारोह में ज़ोनल रीजनल डायरेक्टर श्वेता चांद और असिस्टेंट गवर्नर निकिता मेहता की उपस्थिति भी सदस्यों के लिए उत्साहवर्धक रही। नये अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रभात कुमार के आशीर्वचन के साथ इस नए सत्र का शुभारंभ हुआ। पिछले सत्र की अध्यक्ष नीता अग्रवाल और सचिव अशोक झा ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए रोटरी जमशेदपुर वेस्ट द्वारा सुंदरबन बंगाल का टापू घोरमारा, खरसावां का मुर्गुडू ग्राम, ररियाखोचा ग्राम, और पटमदा के चिमटी पहाड़िया ग्राम का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अब ये टापू और गांव रोटरी जमशेदपुर वेस्ट का अपना परिवार हैं और इनके सर्वांगीण विकास की दिशा में आने वाले समय में भी क्लब की हर टीम वचनबद्ध है। नीता ने रोटरी जमशेदपुर द्वारा प्राप्त ज़ोनल तथा डिस्ट्रिक्ट सम्मान का भी जिक्र किया। समारोह में बड़ी संख्या में विभिन्न क्लबों के सदस्यों ने भी भाग लिया और नई टीम को नए सत्र में सफलता की बधाई दी। समारोह का सफल संचालन डॉ. सुजाता मित्र ने किया।

संपादकीय

आपातकाल के जिक्र से कांग्रेस को परेशानी क्यों?

संविधान की प्रति हाथ में लेकर 'संविधान हितैषी' होने का दावा करनेवाले कांग्रेस के नेता संविधान और लोकतंत्र की हत्या के उदाहरण 'आपातकाल' के जिक्र से परेशान क्यों हो रहे हैं? यदि सही अर्थों में उन्हें संविधान और लोकतंत्र की चिंता है, तब उन्हें आपातकाल के जिक्र पर नाराज होने की बजाय कहना चाहिए कि आपातकाल जैसी भयंकर गलती किसी को नहीं दोहरानी चाहिए। एक ओर कांग्रेसी नेता यह भी दावा करते हैं कि आपातकाल थोपने के लिए स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश से माफी माँगी थी और राहुल गांधी भी माफी माँग चुके हैं। यदि कांग्रेस मानती है कि आपातकाल संविधान और लोकतंत्र पर हमला था, तब उसकी 50वीं बरसी पर लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव रखने का विरोध क्यों किया जा रहा है? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर आपातकाल पर प्रस्ताव लाने का विरोध किया है। इसी प्रकार, जब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र किया, तो उसके बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर ही विवाद खड़ा करने की कोशिशें कर रहे हैं। सवाल उठाया जा रहा है कि 50 वर्ष पुराने मुद्दे को भाजपा क्यों उखाड़ रही है? यह अतार्किक सवाल है। इतिहास का जिक्र इसलिए भी होता है ताकि वर्तमान पीढ़ी उससे सीख ले सके। जब कांग्रेस दावा कर रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार संविधान को बदलना चाहती है और उन्होंने देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है, तब यह बताया जाना आवश्यक हो जाता है कि आपातकाल क्या होता है? पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस की प्रेरणा स्रोत इंदिरा गांधी द्वारा थोपे गए आपातकाल में किस प्रकार आम नागरिकों के संवैधानिक एवं मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे? किस तरह छोटी-छोटी बातों के लिए लोगों को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया था? इंदिरा गांधी की जरा-सी आलोचना करने पर आलोचक को किस प्रकार की यातनाएं झेलनी पड़ती थीं? यह सब जब देश के सामने आएगा, तब ही तो पता चलेगा कि आपातकाल का अर्थ क्या होता है? अन्यथा कांग्रेस सहित विपक्षी दल 'अघोषित आपातकाल' का झूठा विमर्श खड़ा करते रहेंगे। संविधान लहराकर उसकी रक्षा करने का दावा करनेवालों ने किस प्रकार संविधान की आत्मा की हत्या की है, यह तथ्य भी तो जनता के सामने समय-समय पर आते रहने चाहिए। आपातकाल का लाभ लेकर कम्युनिस्टों के सहयोग से कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना ही बदल दी, जिसे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने 'संविधान की आत्मा' कहा था। इसके अतिरिक्त कितने ही संविधान संशोधन करके उसके मौलिक स्वरूप को बदलने का प्रयास कांग्रेस की सरकारों ने किया है। संविधान और लोकतंत्र पर जब भी बात होगी, तब इतिहास से अनेक उदाहरण जनता के सामने रखे जाएंगे, यह स्वाभाविक ही है। राजनीति में ऐसा नहीं हो सकता कि कांग्रेस दूसरों पर जो चाहे आरोप लगाए और दूसरा पक्ष उसे आईना भी न दिखाए। और फिर आपातकाल के संबंध में तो विशेष प्रसंग बन गया है। आपातकाल थोपे जाने की घटना को 50 वर्ष हो रहे हैं, ऐसे में विशेष प्रयोजन करके जनता को आपातकाल के पीड़ादायक अध्याय से परिचित कराना ही चाहिए। साथ ही कांग्रेस ने जब संविधान पर बहस शुरू ही कर दी है तब संविधान और लोकतंत्र की हत्या से जुड़े इस दुर्भाग्यपूर्ण अध्याय का जिक्र होना स्वाभाविक ही है। कांग्रेस को चाहिए कि वह आपातकाल के जिक्र पर परेशान होने की अपेक्षा धैर्य रखकर पश्चाताप करे।

'संविधान हितैषी' होने का दावा करनेवाले कांग्रेस के नेता संविधान और लोकतंत्र की हत्या के उदाहरण 'आपातकाल' के जिक्र से परेशान क्यों हो रहे हैं? यदि सही अर्थों में उन्हें संविधान और लोकतंत्र की चिंता है, तब उन्हें आपातकाल के जिक्र पर नाराज होने की बजाय कहना चाहिए कि आपातकाल जैसी भयंकर गलती किसी को नहीं दोहरानी चाहिए। एक ओर कांग्रेसी नेता यह भी दावा करते हैं कि आपातकाल थोपने के लिए स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश से माफी माँगी थी और राहुल गांधी भी माफी माँग चुके हैं। यदि कांग्रेस मानती है कि आपातकाल संविधान और लोकतंत्र पर हमला था, तब उसकी 50वीं बरसी पर लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव रखने का विरोध क्यों किया जा रहा है? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर आपातकाल पर प्रस्ताव लाने का विरोध किया है। इसी प्रकार, जब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने अपने अभिभाषण में आपातकाल का जिक्र किया, तो उसके बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण को लेकर ही विवाद खड़ा करने की कोशिशें कर रहे हैं। सवाल उठाया जा रहा है कि 50 वर्ष पुराने मुद्दे को भाजपा क्यों उखाड़ रही है? यह अतार्किक सवाल है।

राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है

राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

ललित गर्ग

दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा।

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है। देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस



ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी। राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा। पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है। यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा।

दृष्टि कोण

पंजाब में आसन्न संकट की आहट

इस बार लोकसभा में भाजपा का सफाया हो गया और शिअद एक सीट, कांग्रेस 7 और आप को तीन सीटों पर कामयाबी मिली है। पंजाब के इस आसन्न संकट को देखते हुए केन्द्र सरकार को सुनियोजित तरीके से खालिस्तानियों पर नकेल कसने की रणनीति पर काम करना होगा, ताकि खालिस्तान के उनके ख्वाब को सदैव के लिए खत्म किया जा सके। पंजाब में आसन्न संकट की आहट गत 6 जून को 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' की चालीसवीं बरसी पर कई खालिस्तान समर्थकों द्वारा अमृतसर स्थित 'हर मन्दिर साहिब/'स्वर्ण मन्दिर' में हर साल की तरह इस बार भी कट्टरपंथी अलगाववादी नेता जनरैल सिह भिण्डरावाले, हरदीप सिह निज्जर, क्षतिग्रस्त अकाल तख्त के चित्र लगी तथा खालिस्तान जिन्दाबाद लिखी तख्तियाँ उठाये, खालिस्तानी झण्डे लिए, 'खालिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगाये, इससे पहले 18वीं लोकसभा चुनाव में इस राज्य से खालिस्तान समर्थक दो निर्दलीय उम्मीदवारों की बडे अन्तर से जीत, यह पंजाब के भावी आसन्न संकट की आहट है। यह सब देखसुनकर पंजाब लोगों में से शायद ही किसी को वुछ आायं हुआ होगा। इसका कारण यह है कि पंजाब के लोग यहाँ की इस जमीनी सच्चाई से भली-भाँति परिचित हैं। वे चाहकर भी इसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। वैसे भी खालिस्तानी कई तरह की हरकतों के जरिए इस राज्य में ये अपनी उपस्थिति दिखाते आए हैं, इसमें खालिस्तान समर्थकों द्वारा चुनाव लड़ना, ऑपरेशन ब्लू स्टार के दिन मातम मानना, दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखना या फिर अपना झण्डा फहराना रहा है। कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश उनके बड़े अड्डे बने हुए हैं। इनमें से कनाडा तो बेशमा से खुलकर उनकी हिमायत करता आ रहा है। इसी 12 जून को खालिस्तानियों ने इटली के पुगालिया में आयोजित जी-7 सम्मेलन से पहले महात्मा गाँधी की प्रतिमा खण्डित कर उसके नीचे अपने नेता हरदीप सिह निज्जर का नाम लिख दिया। इससे पहले ये कनाडा, अमेरिका में महात्मा गाँधी की प्रतिमाएँ तोड़ने के साथ-साथ हिन्दुओं के मन्दिरों पर खालिस्तानी नारे लिखने और लन्दन स्थित भारतीय उच्चायुत्त कार्यालय पर तोड़फोड़ कर चुके हैं, किन्तु वहाँ की पुलिस ने इनके खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई नहीं की है। इस बार के लोकसभा के चुनाव में खालिस्तान समर्थक प्रत्याशियों को चुनाव लड़न के लिए अमेरिका समेत दूसरे देशों से धन भी मिला है। 6 जून, 1984 को हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद खालिस्तानियों के खत्मे के लिए चली मुहिम ने उनकी कमर जरूर तोड़ दी थी, पर वुछ लोगों की मन से अभी तक खालिस्तान का विचार/चाहत का अन्त नहीं हुआ है, क्योंकि लोभ या फिर भय के कारण देश की सभी सियासी परटियाँ इनके खिलाफ खुलकर बोलने से बचती आयी हैं। यहाँ तक कि वुछ परटियों का उन्हें मौन समर्थन भी मिलता रहा है और अब भी प्राप्त हो रहा है। इस साल के बरसी के कार्यव्राम में खालिस्तान समर्थकों में अकाली दल (अमृतसर) के पूर्व सांसद सिमरनजीत सिह मान भी शामिल थे, जो संगरूर लोकसभा सीट से 26 जून, 2022 उपचुनाव में जीते थे, पर इस बार इन्हें आप के प्रत्याशी गुरमीत सिह हेयर ने हरा दिया है। ये न केवल चुनाव हार गए हैं, बल्कि तीसरे स्थान पर रहे हैं। इन्होंने ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में 'भारतीय पुलिस सेवा' (आइ.पी.एस.) से त्यागपत्र दिया था। पूर्व सांसद ध्यान सिह मण्ड के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त पर नारे लगाये। अलगाववादी नेता जनरैल सिह भिण्डरावाले कट्टरपंथी सिख संगठन दमदमी टकसाल का प्रमुख था। 6 जून, 1984 को पंजाब में जनरैल सिह भिण्डरावाले के नेतृत्व में सिख उग्रवाद को रोकने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी के आदेश पर भारतीय सेना द्वारा स्वर्ण मन्दिर पर धावा बोला गया। भिण्डरावाले ने स्वर्ण मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में घातक हथियार जमा किये हुए थे। स्वर्ण मन्दिर परिसर में उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान वह अपने हथियारबद्ध अनुयायियों के साथ मारा गया था। अब जनरैल सिह भिण्डरावाला सरीखा दिखने वाला अमृतपाल सिंह देशद्रोह के आरोप में 'राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम' (एनएसए) में गिरतार और इस समय असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द है। उसने जेल में रहकर पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से काँग्रेस के प्रत्याशी वुलबीर सिह जीरा को 1.97 मतों से जीत हासिल की है। इसके अलावा प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी के अंगरक्षक रहे और उनके हत्यारे बेअन्त सिह का बेटा सरबजीत सिह खालसा फरीदकोट साहिब लोकसभा (सुरक्षित सीट) से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता है।

रामगढ़ आस-पास की खबरें

ग्राम स्वराज यात्रा का मकसद तभी पूरा होगा जब गांव के अंतिम व्यक्ति तक उनको भागीदारी और हिस्सेदारी मिले : शांतनु

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का ग्राम स्वराज यात्रा शांतनु मिश्रा के नेतृत्व में 20वे दिन रामगढ़ प्रखंड के बारलोग से शुरू हुआ। यह यात्रा बारलोंग धोबी टोला, मुंडा टोला बरवाडीह,छोटकी कुंदरू, बरवाडीह सरहर महुआ, परछा छापर , कुंदरुकला,नावाडीह सरईया लोधमा और छत्तर में जनसंपर्क किया। सभा को संबोधित करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शांतनु मिश्रा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार दिलाना और ग्राम सभाओं को मजबूत करना ग्राम स्वराज के लिए जरूरी है महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो कल्पना की थी उसमें विकास के कामों को पंचायती राज संस्थाओं के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से पूरे अधिकार देते हुए करने की बात की लेकिन आज पंचायती राज संस्थाओं को पूर्ण अधिकार दिए बगैर काम करवाया जा रहा है ग्राम सभाओं को स्वतंत्र किया जाना जरूरी है। 73 और 74 में संविधान संशोधन में जो बातें ग्राम सभाओं के लिए कही गई वह जमीन पर अभी तक नहीं उतर सका है ग्राम सभाओं के अधिकार के लिए जब तक आम जनता आवाज नहीं उठाएगी यह कभी भी पूरा नहीं हो सकता है इस यात्रा में मुख्य रूप से रामगढ़ प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलराम साहू आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो धीरेंद्र सिंह कमलेश महतो टिंकू खान आजाद सिंह पर्व उप प्रमुख मजहर वारिस सज्जाद अंसारी आवाज खान जनवरी मुंडा झलकू बेदिया मोहिब अंसारी ताजिद अंसारी तैयब अंसारी कौसर अंसारी खेमन महतो निरंजन बेदिया आजाद अंसारी अंसार अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत एक की हालत गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : राष्ट्रिय उच्च पथ संख्या 23 रामगढ़ बोकारो मार्ग के संधोय घाटी के समीप बीती रात एक जेसीबी और ट्रेकर में हुई भिड़ंत से ट्रेकर में सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गई वहीं एक व्यक्ती गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान हिसिमदाग निवासी जितेंद्र कुमार भोगता उम्र 30 वर्ष कसमार थाना क्षेत्र के मोचरो निवासी भुखल भोगता उम्र 55 वर्ष के रुप में किया गया वहीं हिसिमदाग निवासीअखलेश भोगता 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि हिसिमदाग से पेटरवार बारात जा रहा था। दोनों वाहनों की टक्कर में

यह घटना घटी। घटना के पश्चात घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया वहीं घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर किया गया। इधर घटना के पश्चात परीजनों का रो रो कर बुरा हाल है वहीं गांव में मातम छाया गया। इधर शादी के घर खुशी की माहौल गम में तब्दील हो गई वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लिए भेज दिया।

लोधमा में कलश यात्रा निकाली गई,हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा गांव मे श्री श्री 1008 मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ अनुष्ठान सोमवार को 500 कलश सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष हुए शामिल हुए, मारुति नंदन महायज्ञ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी व रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो मुख्य रूप से शामिल हुए, यज्ञ समिति के द्वारा अतिथियों के आगमन पर यज्ञ स्थल पर माला एवं बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात पहले सुबह यज्ञ स्थल से दामोदर से 500 यात्रियों माथे पर कलश लेकर दामोदर नदी पहुंचे जहां पर आचार्य नितेश शास्त्री आशीष शास्त्री संजय शास्त्री सुनील शास्त्री वैदिक आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश संकल्प कराया गया, पुरे गांव का भ्रमण करते हुए सभी श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर कलश की स्थापना किया इस दौरान जय श्री राम, जय जय राम, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की जोरदार उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा, श्री श्री मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर सभी श्रद्धालु केसरिया वस्त्र धारण किए हुएधार्मिक जय घोष किया गया, 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक चलने वाले पांच दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान मे रात्रि में प्रवचनकर्ता होंगे शामिल द्व बनारस अयोध्या एवं वृंदावन से प्रवचन कर्ता पहुंचेंगे धार्मिक भजन एवं अखंड हरि कीर्तन का भी कार्यक्रम होगा, इस महायज्ञ में सुप्रसिद्ध कथा वाचक साध्वी लक्ष्मी रामायणी, श्रीधाम वृंदावन,यज्ञाधीश सुजीत तिवारी, आचार्य संजय शास्त्री, आशीष शास्त्री,नितेश शास्त्री सहित कई यज्ञाचार्य शामिल रहेंगे, इस मौके पर कुंदरु कला पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा, पूर्व मुखिया शीला देवी के अलावे महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक रघु यादव संरक्षक शंभू बेदिया अध्यक्ष बबलू यादव उपाध्यक्ष धनेश्वर यादव सचिव राजकुमार यादव कोषाध्यक्ष अजीत गोप सह सचिव प्रकाश यादव, के अलावे भानु यादव,शैलेंद्र यादव, दिलीप यादव, अनूप यादव रोहित यादव, लालू कुमार, नरेश बेदिया,आदि थे ।

पोटंगा वर्कशॉप में कार्यरत मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से रूबरू हुए राजू यादव

उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): उरीमारी परियोजना के पोटंगा वकशॉप में सोमवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार व खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता कि मजदूरो संग वार्ता हुई। वहीं इस वार्ता में राकोमयू इंटक के सभी पदाधिकारी भी मौजूद थे। वहीं मजदूरों के मशीहा राकोमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि पोटंगा वर्कशॉप में कार्यरत मजदूरों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। प्रदुषण युक्त पानी पिने से मजदूर बिमार हो रहे हैं। यहां प्रबंधन स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करे। बरसात के मौसम में सेड में सांप बिच्छू निकलने का भय होता है। यहां प्रबंधन सेड में लाइट कि उचित व्यवस्था करें। मजदूरो के लिए चलाए जाने वाले सिफ्ट बस कि समय सारणी में सुधार किया जाए। परियोजना में चलने वाले डम्फर,डोजर मशीन ब्रेकडाउन रहती है जिसे मेंटेंनेंस कराया जाए। आदि विभिन्न समस्याओ से प्रबंधन को अवगत कराया गया। जिसपर प्रबंधन ने कहा कि मजदूरो कि जटील समस्याओ पर सकारात्मक पहल किया जाएगा। वहीं इस वार्ता में मुख्य रूप से मुखिया चरका करमाली, विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी, बाल्मीकि यादव,मो अलि हसन,बिशाल सोरेन, गोपाल टुडू,हकिम मांझी, सतेन्द्र राम, रामप्रसाद, सुरेश, रामेश्वर महतो, रविन्द्र पासवान,सुधिर, संजय कुमार,चन्दू जयसवाल, पप्पू, राधेश्याम, युगल सोरेन आदि लोग मौजूद थे।

एनटीपीसी मजदूर यूनियन का एक दिवसीय धरना आज

पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनटीपीसी में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन- एटक द्वारा आज एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। यह धरना एनटीपीसी के मुख्य गेट के सामने दिया जाएगा। जिसकी तैयारी सोमवार शाम तक पूरी कर ली गई है। इधर, एटक के राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो ने बताया कि यह धरना मजदूरो के न्यूनतम मजदूरी, ईएसआई, ईपीएफ, पेमेंट स्लिप, हाजरी कार्ड आदि मामलों पर एजेंसियां गंभीर नहीं होने के कारण तथा दूसरी तरफ कैंप एरिया में पानी सड़क,

ट्रांसपोर्टिंग की व्यवस्था नहीं होने और मजदूरो के लिये कैंटीन, पार्किंग और विश्राम गृह आदि की कोई व्यवस्था नहीं रहने के कारण एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है।

उपायुक्त रमेश घोलप ने स्वयं रविवार देर संध्या को एम.जी. नर्सिंग होम में मारा छापा

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिले में लगातार यह शिकायत प्राप्त हो रही थी कि बिना डिग्री के चिक्तिसक यूट्यूब का सहारा लेकर अवैध नर्सिंग होम में जाकर प्रसव जैसे कार्य को अंजाम देकर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है। इस पर उपायुक्त श्री रमेश घोलप मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को राज नर्सिंग होम संचालक व डॉक्टर चंदन को अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। गिरफ्तारी करते हुए प्राथमिकि दर्ज कर दोनो को जेल भेजा गया। वहीं दूसरे मामले में उपायुक्त रमेश घोलप ने अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा व पुलिस बल के साथ लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने अवैध रूप से संचालित एम.जी. नर्सिंग होम में छापेमारी किया। छापेमारी के क्रम में उन्होने सभी वार्डो का जायजा लिया। जिसमें दो मरीज पाए गए उसी क्रम में नर्सिंग होम के स्टाफ ने बताया कि मै लगभग एक वर्ष से एम.जी. नर्सिंग

होम में स्टाफ के रूप में कार्य कर रहा हूं, यहां जिस भी प्रकार का ऑपरेशन होता है वो डॉक्टर चंदन कुमार के द्वारा किया जाता है। लगभग 06 माह पहले एक मरीज के बच्चे का ऑपरेशन के दौरान बाहर निकाला गया जो स्वस्थ नहीं रहने के कारण हजारीबाग भेज दिया गया। कुछ दिनों के बाद उस बच्चे की मौत हो गई, बच्चे की मौत के बाद महिला के परिजनों ने काफी हंगामा किया। जिसके बाद पूर्णिमा सिन्हा ने मामले को किस तरह दबाया इसकी जानकारी मुझे नहीं है। इस नर्सिंग होम में नॉमल प्रसव से ज्यादा ऑपरेशन से प्रसव होते है। प्रत्येक ऑपरेशन चंदन कुमार के द्वारा ही किया जाता था। डॉक्टर चंदन कुमार सिर्फ ऑपरेशन करने आते थे और चले जाते थे। जिसके बाद मरीजों का देख रेख पुर्णिमा सिन्हा के सलाह से होता था, वो जो भी दवाई के लिए बोलती थी हम सभी वहीं दवा को देते थे। ऑपरेशन के लिए लगभग 25000-30000 तक राशि ली जाती रही है। प्रसव के लिए भर्ती मरीज के परीजनों ने भी अपनी बाते कही।उपायुक्त ने कहा लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन हो रही थी। इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी के प्रथम दिन एक बिना डिग्रीधारक चिकित्सक एवं नर्सिंग होम संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं मेरे द्वारा स्वयं लिपदा बाईपास रोड शिव मंदिर के सामने संचालित नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। जिसमें घोर अनियमित्ता और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट का अवहेलना किया जा रहा था। नर्सिंग होम में कार्यरत कर्मियों एवं सहायोगियों द्वारा भी बिना डिग्री के चिक्तिसकों द्वारा ऑपरेशन करने की बात कही गई। संस्थान में लगे सीसीटीवी डिभीआर बॉक्स को जांच हेतु जप्त किया गया एवं नर्सिंग होम को रविवार को देर रात ही सील कर दिया गया। साथ ही पूर्णिमा सिन्हा, चंदन कुमार एवं अन्य के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकि दर्ज की गई है। उन्होने कहा अगर इसमें सदर अस्पताल के पदाधिकारी, कर्मी की संलिप्ता पाई जाती है तो उनके उपर भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिले के आम जनो और गर्भवती माताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा।

दावा करने के महज पंद्रह दिनों के अन्दर बीमा राशि का किया गया भुगतान

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : प्रखंड अंतर्गत कुमरांगकला के मनवा टोगंरी निवासी राजेंद्र भुइयां ने एक वर्ष पूर्व रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में अपना बीमा करवाया था। परंतु पिछले माह में राजेंद्र भुईयां की आकस्मिक मृत्यु हो गई। मृत्यु के उपरांत बीमा में नॉमिनी रहे उनके पुत्र राकेश भुईयां ने बीमा कंपनी से बीमा की राशि के भुगतान को लेकर अपना दावा पेश किया था। आपको बता दें कि दिवंगत राजेन्द्र भुइयां ने रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के बीमा अभिकर्ता महेश कुमार साव के द्वारा पांच लाख 26 हजार रूपए का बीमा ले रखा था। लेकिन उनकी आकासमिक मृत्यु हो जाने से बीमा पॉलिसी में नोमिनी रहे उनके पुत्र को रिलायंस निप्पोन लाइफ बीमा कम्पनी कि ओर से मृत्यु के दवा करने के महज पंद्रह ही दिनों में पूर्ण बीमा की राशि, पांच लाख 26 हजार रूपए का भुगतान किया गया। बीमा राशि का भुगतान हजारीबाग ब्रांच के शाखा प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार, सिद्धार्थ कुमार एवं अभिकर्ता महेश कुमार साव के द्वारा स्व राजेन्द्र भुइयां के परिवार को दिया गया। इस अवसर पर दिवंगत राजेंद्र भुईयां के परिवार वालों ने बीमा कंपनी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

थाना गेट समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान 40 हजार का हुआ राजस्व वसूली

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना गेट समिप सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां वाहन चेकिंग अभियान जिला परिवहन विभाग के एम भी आई संतोष सोरेन ऑपरेटर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा था। जहां लगभग 40 गाड़ी जप्त किया गया। जिससे 40000 की राजस्व वसूली की गई। मौके पर उपस्थित गिद्धौर थाना के एस आई सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

रांची में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता): 5 से 7 जुलाई तक राजधानी रांची के आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलदली में आयोजित 24 वीं तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 सवर्ण 2 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किया। बताते चलें कि चतरा जिला के 11 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता ने हिस्सा लिया था। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में मोहित तिर्की, शीर्ष मिंज, समीर कुमार, आयुष कुमार, श्रेयांश प्रधान का नाम शामिल है। प्रशांत कुमार और यश राज ने कांस्य पदक हासिल किया।जबकि नवीन तिर्की और सचिन कुमार रजत पदक जीतने में सफल रहे। चतरा जिला के ताइक्वांडो खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर चतरा जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय एवं चतरा जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव उमेश कुमार, संयुक्त सचिव राम प्रकाश, संयुक्त सचिव सुचित कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, प्रशिक्षक विक्की कुमार दास, रितेश कुमार, अवध किशोर राणा, राखी कुमारी, नीलू कुमारी एवं संघ के सभी पदाधिकारी एवं खेल प्रेमियों ने ढेर सारी शुभकामना दी है।

हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हथियार के साथ दो अपराधीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।सोमवार को पुलिस ने दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस साभागार में एक प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया कि 07 जुलाई 2024 दिन सोमवार को समय करीब 16:45 बजे पुलिस कप्तान लातेहार को गुप्त सूचना मिली कि कुछ हथियारबंद अपराधकर्मी अप्रीय घटना कारित करने के उद्देश्य से पतरातू जंगल में एकत्रित हुए हैं। पुलिस कप्तान लातेहार के दिशानिर्देश पर इस सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतू हिमांशु चन्द्र मांझी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी महुआडाँड़ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल में समय करीब

17:30 बजे पतरातू जंगल में पहुँचा तो देखा कि चार से पांच व्यक्ति जंगल में बैठे हैं। तथा पुलिस दल को देखते ही इधर-उधर जंगल में भागने लगे। छापमारी दल के द्वारा घेराबंदी कर दो अपराधकर्मीयों को पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम मो0 अब्दुल तुराब कादरी उम्र करीब 26 वर्ष पिता-स्व0 समसूल कादरी उर्फ समसूल हक ग्राम पतरातु थाना-गारू जिला-लातेहार बताया तथा इसका विधिवत तलाशी के क्रम में कमर में छुपाये एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया तथा अपराधकर्मी मो0 अब्दुल तुराब कादरी ने बताया कि दो बड़ा हथियार घर में छिपाकर रखे हैं, इसके निशानदेही पर दो भरठुआ बंदुक बरामद किया गया।एवं दूसरा ने अपना नाम राहुल कुमार यादव उम्र करीब 19 वर्ष पिता विनोद यादव ग्राम-लेजांग थाना-बालूमाथ जिला-लातेहार बताया जिसका विधिवत् तलाशी के क्रम में कमर से एक देशी कट्टा तथा पैंट के पॉकेट से मोबाईल बरामद किया गया।

जमीन के अभाव में कई सरकारी दफ्तर बनने का सपना हुआ अधूरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड मुख्यालय के महज आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित मौजा बकचौमा के खाता 2 के प्लॉट 76 और 77 में लगभग 52 एकड़ भूमि जंगलझाड़ी और प्रतिकदिम पड़ा हुआ है। जहां उक्त खाता प्लॉट की जमीन को कुछ लोगों ने फर्जी कागजात बना रैयती बताते हुए घर मकान बना रहे हैं। आपको बता दें कि उक्त भूमि के खाता नंबर 2 के प्लॉट नंबर 76 जंगलझाड़ी है। वहीं प्लॉट 77 की भूमि प्रतिकदिम है। दोनों प्लॉटों की भूमि लगभग 52 एकड़ है।जो सरकारी भूमि है। परंतु उक्त भूमि को अधिग्रहण कर फर्जी कागजात बना निजी उपयोग में ला रहे हैं। एक तरफ भूमि नहीं रहने के कारण कई जरूरी दफ्तर से लेकर उपकारा जेल एवं बस स्टैंड नहीं बन पा रहा है। इसके लिए जमीन की चिन्हित करने में आला अधिकारी लगे हुए है। बड़े मजे की बात है कि दो वर्ष

पूर्व उक्त जमीन का मामला अखबारों में प्रकाशित होने के बाद अंचल हरकत में आई और आनन फानन में सभी को नोटिस दी गई थी। जहां जांचोपरांत अंचलाधिकारी छूटेश्वर दास द्वारा खरीद बिक्री से लेकर घर मकान बनाने पर प्रतिबंधित लगाते हुए बजाप्ता बोर्ड लगा दिया गया था। जहां उक्त भूमि पर बोर्ड आज भी लगा हुआ है ।किंतु हैरत की बात है कि बोर्ड लगाने के बावजूद भी घर मकान बनाना आम बात हो गया है। वहीं अंचल मूकदर्शक बनी हुई है। वैसे में क्या उक्त भूमि को माफियाओं के चंगुल से आजाद किया जाएगा या उन्हीं माफियाओं के हवाले कर दिया जाएगा। एक तरफ प्रशासन अतिक्रमण को लेकर सख्त है। सभी को लोगों को नोटिस के जरिए अतिक्रमण हटाने की बात कही गई है। वहीं सरकारी भूमि को लोग कब्जा जमाए बैठे हैं।जिससे उपकारा जेल से लेकर बस स्टैंड एव अन्य जरूरी दफ्तर का कार्य रुका पड़ा है।

जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण क्या कहते है। : जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर यदि उपकारा जेल या बस स्टैंड बनती है तो लगभग दो सौ बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा वहीं ऑटो चालकों का रोजगार में इजाफा होगा। वैसे में उक्त खाता प्लॉट की भूमि पर सरकारी कार्य होना चाहिए।जिससे लोगों का रोजगार मिलेगा एवं सिमरिया विकसित होगा।

फेसबुक के माध्यम से पॉपुलर होते दिख रहे हैं गिद्धौर निवासी विजय पांडेय

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड पंचायत गांव निवासी स्व राजेंद्र पांडेय के पुत्र विजय पांडेय फेसबुक एप के माध्यम से खूब सारी मनमोहक खुशियां बटोर रहे हैं। तथा फेसबुक फ्रेंड ग्रुप के माध्यम से अपनी पहचान के साथ-साथ अपने प्रखंड का भी पहचान कर रहे हैं। कहते हैं परिश्रम का फल मीठा होता है। जो व्यक्ति मेहनत करता है उसे सफलता जरूर मिलती है।ऐसा ही एक बात सामने आया है विजय पांडेय एक छोटी सी कंपनी राजस्थान में रहकर काम करते हैं। एवं अपने परिवार के जीवन वयापन करते हैं। इन्होंने अपने फेसबुक मायसेजर में कोई ईन से अड्रेस पुछा।तो विजय ने एक गीत के माध्यम से अपना गांव का ऐड्रेस अपना फेसबुक आईडी पर सेयर किया।जिनका परीनाम स्वरूप इन्होंने चतरा जिला से लेकर अपना गांव तक का सभी जानकारी गीत के माध्यम से बतलाएं।जो अभी के समय में चर्चा का विषय बना हुआ है। तथा सब्सक्राइबर एवं फ्लावर बढ़ने से आने वाले समय में फेसबुक के माध्यम से इनकम भी कर सकते हैं।

अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर : नीरू शांति भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आजसू पार्टी केंद्र द्वारा निर्देशित कार्यक्रम पूरे झारखंड प्रदेश में हल्ला बोल सभी प्रखंडों में किया जा रहा है इसी के तहत लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के भंडरा प्रखंड में आजसू पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रही झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं केंद्रीय महासचिव तथा आजसू लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत इन्होंने अपने संबोधन में कहीं की आज प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है झारखंड सरकार की वर्तमान हेमंत जी युवाओं को 5 लाख नौकरी और नौकरी न देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कह कर आज पूरे झारखंड प्रदेश की युवाओं के भविष्य के साथ छलने का कार्य किया है किसानों के लिए केसीसी माफ,महिलाओं के लिए चूल्हा खर्चा झारखंडी लोगों के लिए 2 करोड़ की ठेकेदारी की बात कह कर आज लोगों को दीघभ्रमित कर दिया। केंद्र सरकार पर अपनी ठीकरा निकाल रहे है इन्होंने प्रखंड पदाधिकारी को साफ संदेश दी है कि आम जनमानस के कार्य सिद्धि तरीके से नहीं होती है तो आंदोलन चरमबद्ध तरीके से करके ब्लॉक का घेराव करते हुए जिला कार्यालय तक आंदोलन जारी रहेगा। आज भ्रष्टाचार चरम पर है झारखंड सरकार के द्वारा अबुआ आवास की घोषणा की गई है और अबूआआवास बनाने के लिए बालू पूरे जिला में कहीं पर नहीं मिल रहा ,बालू कम कीमत मिलती थी, आज उसे तीन गुने कीमत चुकाना पड़ रहा हैं आज बरसात आने को चला है मनरेगा के द्वारा निर्मित कछप का अर्ध निर्माण करके छोड़ा गया आने वाले दिनों में धन रोपनी का मौसम आ चुका है इसमें से जान माल की भी क्षति हो सकती है, वृद्धा पेंशन ,मोटेशन ,रसीद के नाम पर तथा अन्य कार्य पर बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है।

झोलाछाप डाक्टर ने आपरेशन के नाम पर लिए मोटी रकम, मरिज की स्थिति नाजुक

पत्नी ने लगाई उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातु : प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत अलखडिहा ग्राम निवासी प्रवासी डॉक्टर उदित कुमार द्वारा सिन्टु उरांव का दुसरे राज्य मे ले जाकर गलत आपरेशन कराने और मरिज के परिजनों से दो लाख पच्चीस हजार रुपये लेने को लेकर मरिज की पत्नी रिता देवी पिता बालेशर उरांव ग्राम गुरु सालवे थाना. बारियातू निवासी ने गरिमा सिंह उपायुक्त लातेहार व लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को आवेदन सौपा और मरिज सिन्टु उरांव के चिकित्सा व्यवस्था कराने व दोसी डॉ उदित कुमार पर कारवाई करने की मांग की .मरिज की पत्नी रिता देवी ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि मेरे पति के पेट मे दर्द की शिकायत हुआ था। इसकी खबर

डॉ उदित कुमार को मालुम हुआ. वह हम सब को इसका इलाज कराने की बात कही, उसने कहा कि सिन्टु उरांव का आपरेशन करना होगा. डॉ उदित दुसरे ही दिन हमलोग को अपने नीजी वाहन से गया के किसी हॉस्पिटल में ले गया, वहां पहुँचने पर हमे एक लाख खर्च बताया फिर आपरेशन के लिए ले जाने पर फिर से कहा कि मरिज सिन्टु उरांव को और विमारी है, उसने पचासी हजार रूपये और खर्च बता दिया, हमलोग उससे विनती करने लगे , फिर वह बोला अभी आपरेशन करा देते है, पैसा बाद मे दे देना. इसी दौरान डॉ उदित कुमार मे घर मे रखा हुआ मोटर साइकिल अपने घर ले गया. बाद में डॉ उदित ने मरिज का आपरेशन व इलाज का दो लाख पच्चीस हजार रूपये का बील हमलोग को दिया . हमलोग किसी तरह उसे पुरा पैसे दिए तब जाकर हमारा मोटर साइकिल कबाड़ की स्थिति में वापस किया , इधर मरिज सिन्टु उरांव का जब से डॉ उदित कुमार ने आपरेशन कराया हैं तब से खुन बनना लगभग बन्द हो गया है.समय समय खुन चढाना पड़ रहा है। आगे उसने कहा कि डॉ उदित कुमार मरिज के हर तरह के स्वास्थ्य की गारंटी लिया था। अब जब हमलोग डाक्टर को बोलने जाते हैं तो हमलोग को मारने की धमकी देता हैं। मरिज की पत्नी रिता देवी ने उपायुक्त, व पुलिस अधीक्षक से कहा है कि उसके दो छोटे छोटे बच्चे है, पति के अलावा कोई सहारा नही हैं। उसने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक लातेहार से पति सिन्टु उरांव के चिकित्सा व्यवस्था कराने व दोषी डाक्टर पर करबाई करने की मांग की है.फिल्हाल सिन्टु उरांव की स्थिति नाजुक बना हुआ है ,डॉ उदित कुमार ने कहा कि मामला दो साल पुराना है, खुन नही बन रहा है तो मेरा दोष नहीं है.

एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में वन महोत्सव पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा वन महोत्सव पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के लोगों के पास पेड़ों से संबंधित कई त्यौहार हैं। ऐसा ही एक त्यौहार है वन महोत्सव। वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि और खाद्य मंत्री केएम मुंशी ने लोगों में वन संरक्षण और पेड़ लगाने के लिए उत्साह पैदा करने के लिए की थी।पेड़-पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं। बल्कि तमाम प्रकार के फल-फूल,जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी,भू क्षरण,धूल आदि की समस्या से बचा सकते हैं। विद्यार्थियों में वनों के महत्व को समझते हुए उनके प्रति लगाव की भावना जागरूक करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को हरे रंग के ड्रेस के साथ-साथ पत्तों से बने कपड़े व मुकुट पहन कर आना था तथा वनों के महत्व के संबंध में चार पंक्तियां बोलनी थी। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी में प्रांशी विश्वकर्मा, प्रयांश वर्मा,गौरांग गोयल, अमर्या राज,काव्य गोयल तक्ष्वी शंकर,ताक्ष्वी शंकर,श्रीजा मिश्रा,अंशिका तिर्की,भावेश शर्मा,अर्जुन भगत,वैष्णवी मनस्वी काव्य बांका व आराध्य मित्तल ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

मनरेगा योजनाओं के ऑडिट में हुई खानापूर्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : प्रखंड बरवाडीह के कई पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2021/22/23/24 सत्र के मनरेगा योजनाओं का ऑडिट कार्य समाप्ति की ओर है ।इस दौरान पंचायत के प्रतिनिधि पंचायत सचिव व मनरेगा कर्मियों द्वारा सामाजिक अंकेक्षण दल को क्रियान्वित योजनाओं का अभिलेख उपलब्ध कराया गया है जिसका अवलोकन,सत्यापन कर ग्राम स्तर पर ग्रामसभा का आयोजन किया गया जिसमें अधिकांश गांवों में ग्रामसभा की खानापूर्ति की गई हालांकि ग्रामसभा रजिस्टर का कोरम पूरा किया गया है। वहीं सोमवार को पंचायत स्तरीय जन सुनवाई हुई जिसमें व्यापक प्रचार प्रसार नहीं होने की वजह से ग्रामीणों की उपस्थिति बहुत ही कम ही रही माने तो बीस से तीस ग्रामीण हिस्सा लिए जबकि एक तिहाई उपस्थिति होने चाहिए।जो कि प्रचार प्रसार का व्यय प्रशासनिक मद से किया जाना है।इस बीच अंकेक्षण दल के द्वारा कई छोटे छोटे मुद्दे प्रस्तुत किए गए । वहीं बड़े मुद्दे गौण हो गये, कौन कौन योजना स्थल पर नहीं है, किन किन योजनाओं में कौन कौन मजदूर मजदूरी किया है वैसे मजदूरों का सत्यापन को ठंडे बस्ते में रख दिया गया है। सुत्र बताते हैं कि हजारों अभिलेखों में गिने चुने अभिलेखों का सत्यापन कर खानापूर्ति कर दिया गया है।सुत्र बताते हैं कि प्रधानमंत्री आवास में मनरेगा अंतर्गत मजदूरी की राशि का बंदरबांट किया गया है अधिकांश लाभुकों को पता भी नहीं कि उनके मजदूरी की राशि कोई हजम कर लिया है और यह जानकारी अंकेक्षण दल ने मजबूती से नहीं लिया। सबसे बड़ी बात कि ज्यूरी सदस्य में मनरेगा मजदूर के नाम बिचौलियों को भी जगह दी गई है जिनके नाम से मनरेगा योजनाएं संचालित हैं। ऐसे में योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक नहीं हुआ। बताते चलें कि पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के स्थान संबंधित पंचायत का मुख्यालय ग्राम के सार्वजनिक एवं खुले स्थल पर होना था इसके विपरित पंचायत सचिवालय में जनसुनवाई किया गया।

विस्थापित-प्रभावित ट्रक मालिकों का अनिश्चित कालीन धरना शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के चमातु ग्राम स्तिथ पिट ऑफिस के पास पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विस्थापित-प्रभावित मगध ट्रक ऑनर एशोसिएशन के बैनर तले ट्रक मालिको ने धरना दिया ।धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यनारायण साव ने किया। आयोजित धरना में कार्यक्रम में विस्थापित आरा, चमातु, कुंडी, देवलगड़ा एवं प्रभावित बालूमाथ, शेरेगड़ा, जाला समेत लातेहार/चतरा जिला के लोग शामिल हुए ।मौके पर बोलते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कामेश्वर राम ने कहा कि हमलोग वर्ष 2018 का निर्धारित भाड़ा लागू करने की लड़ाई लड़ रहे है ।कुछ ट्रांसपोटर भाड़ा तोड़ने की नीयत से बिहार/उत्तर प्रदेश,उड़ीसा समेत अन्य राज्य की गाड़िया लाकर भाड़ा तोड़ने का काम रहे है ।हमलोगों की मांग है विस्थापित प्रभावित ट्रक मालिको द्वारा जो लिस्ट बनाया गया है ।वैसे ही ट्रकों का सीसीएल द्वारा

फॉर्मेट निर्गत किया जाए। वही जीएम मगध द्वारा ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया गया था ।कि 25 हजार टन कोयला का उठाव ट्रक मोड़ से होगा लेकिन इसके विपरीत इसका उठाव हाइवा से हो रहा है ।और ट्रक मालिको के हक को छिना जा रहा है ।अगर हमलोगों की मांगों को माना नही गया तो हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे ।वही सीसीएल का हाइवा ट्रांसपोटिंग समेत अन्य कार्य ठप करा देंगे ।इसकी जवाबदेही सीसीएल का होगा ।वही बालूमाथ ट्रक एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के करीब एक हजार बेरोजगार लोगों के रोजगार का साधन ट्रक है। अगर ट्रांसपोर्टर एव सीसीएल हमलोगों की मांगों को नही मानती है तो हमलोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे ।वही भाजपा सह विस्थापित नेता चेतलाल राम ने कहा कि मगध कोलियरी खुले चार वर्ष से अधिक हो गया लेकिन सीसीएल सिर्फ इस इलाके का दोहन कर रहा है ।बेरोजगार लोगो ने रोजगार के लिए ट्रक खरीदा है इस लड़ाई में मेरा पूरा सहयोग रहेगा ।25 हजार टन ट्रक मोड़ में लाने की लड़ाई मेरा पूरा योगदान रहेगा ।जिला परिषद प्रियंका देवी ने कहा कि ट्रक मालिको की मांग जायज है। इस लड़ाई में मेरा सहयोग रहेगा ।इसके अलावा बैठक को त्रिवेणी साव, कुलदीप यादव, कमलेश सिंह, गेंगेश्वर यादव, शम्भू साव, अमित कुमार, अभिनव कुमार, अमन सिन्हा, मदन साव, मो.कल्लू समेत कई लोगो ने अपना विचार रखा और आंदोलन की मजबूती एव निर्धारित भाड़ा लागू करने की लड़ाई में सहयोग करने की बात कही। मौके पर दिलीप कुमार, मिथुन साव, रंजीत यादव, मुकेश राम, मो.शमद, रंजीत गुप्ता, लखु यादव, मो.शामिल, हनी खान, दिलीप पासवान, गोविंद यादव, पंकज सिन्हा, विनय कुमार, सोनू कुमार, आशीष कुमार, राजेन्द्र राम, खुशियाल साव, गिरेन्द्र यादव, अरुण केशरी, पंकज केशरी, बबलू चौरसिया, मोनू कुमार, पाली उराँव समेत कई लोग उपस्थित थे।

51 बेटियों के माता-पिता का भार उठा रहें है अविनाश आर्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : महालक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अविनाश आर्या चंद्रवंशी 51 बेटियों के माता-पिता का भार उठा रहे हैं। आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित कर आगामी 17 जुलाई को बरही में भव्य शादी करवाने जा रहे हैं। इसकी तैयारी को लेकर वे लगातार लगे हुए हैं। बेटियों के लिए जो लहंगा खरीदा जा रहा है वह दिल्ली और गुजरात के कारीगरों के द्वारा बनाया गया है। दूल्हा के लिए खास तौर पर सिल्क कपड़े के कुर्ता पजामा का सेट बनाया गया है। अविनाश आर्या ने बताया कि बरही, कोडरमा, बरकट्ठा,

हजारीबाग, चतरा और आसपास के क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ता को मैं इस कार्यक्रम में आमंत्रित करता हूं। वही कहा कि जितना हक इस समाज पर मेरा है उतना ही हक समाज के व्यक्ति होने के नाते हम सभी लोगों का है। इसलिए अपनी सामाजिक सहभागिता के साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए आगामी 17 जुलाई को बरही में होने वाले आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग जाति, धर्म और राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर आए और सामूहिक विवाह में होने वाले 51 जरूरतमंद बेटियों का परिवार का हिस्सा बनकर उन्हें आशीर्वाद दें मैं इसके लिए सभी का आभारी रहूंगा।

बिना दवाई के वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से हो रहे है हजारों लोग स्वस्थ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से कई तरह के बीमारीयों का इलाज संभव है , परंतु जानकारी के अभाव में लोग इस पद्धति से इलाज नहीं करा पा रहे हैं । यह पद्धति कोई आम पद्धति नहीं बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों का दिया गया अद्भुत ज्ञान है जो असाध्य से असाध्य रोगों को भी कुछ ही दिनों में ठीक करने की अद्भुत क्षमता रखती है। उक्त बातें शहर के जाने माने लेखक, प्रेरक व वैकल्पिक चिकित्सक मनोज कुमार कुशवाहा ने कही । उन्होंने आगे कहा कि नस ,नाड़ी, हड्डी से संबंधित, हृदय

रोग, बच्चों व बुजुर्गों की उम्र से संबंधित बीमारियां, दिमाग व तंत्र तंत्रिकाओं, फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के इलाज, लकवा, लम्बर स्पांडिलाइसिस, सर्वाइकल स्पॉन्डलाइसिस, साइटिका, घुटने का दर्द, कई तरह के मांसपेशियों और जोड़ों की समस्या, शुगर, बीपी थायराइड में वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति बहुत ही लाभदायक है। उन्होंने बताया कि लगभग 18 वर्षों से वे लोगों का इलाज बिना सुई व बिना दवाई के वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से कर रहें हैं। हजारीबाग शहर मे राँची पटना रोड, कॉआपरेटिव कॉलोनी के मोड़ पर स्थित कुश क्रांतिदर्शी वैकल्पिक चिकित्सालय मे अब तक हज़ारों मरीजों को स्वस्थ कर चुके हैं । मनोज कुमार कुशवाहा कहते हैं कि वैकल्पिक चिकित्सा में आधुनिक जीवनशैली से संबंधित बीमारियों, पुराने रोगों का इलाज, सभी तरह का दर्द आदि

बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल से लोगों ने की औपचारिक मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव थाना क्षेत्र से कई लोगों ने नए थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल से औपचारिक मुलाकात कीया। जेएलकेएम जिला संयोजक जानिसार आलम, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नौशाद आलम, समाजसेवी हाजी शाहनवाज आलम ने बड़कागांव थाना के नए थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात कर व बुके देखकर स्वागत किया। इस दौरान बड़कागांव मुख्य चौक में आए दिन होने वाली सड़क जाम की समस्या से अवगत कराया। साथ ही साथ मुलाकात के दौरान उन्होंने अगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर विधि व्यवस्था पर विशेष चर्चा किया। बड़कागांव में गांजा, चरस, ब्राउन शुगर जैसे नशीली पदार्थ के बढ़ते सेवन को लेकर भी थाना प्रभारी को अवगत कराया गया और साथ ही नशे के कारोबार में अंकुश लगाने की बात की गई। मामले को गंभीरता पूर्वक सुनकर थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र को जल्द से जल्द नशा मुक्ति करेंगे और मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करवाएगे।

ओएसिस स्कूल पुन : पहुंची सीबीआई, नीट पेपर लीक मामले को लेकर कर रही है जाँच

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सीबीआई की टीम नीट पेपर लीक मामले की जांच करने पुनः हजारीबाग में एंट्री मारी है। हजारीबाग शहर के डीवीसी गेस्ट हाउस में सीबीआई की टीम रुकी हुई है और नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही है। 15 से 20 सदस्य टीम हजारीबाग पहुंची हुई है और लगातार 6 जुलाई से अब तक ओएसिस स्कूल बार-बार जाकर दस्तावेज खंगाल रही है। आपको बता दे कि इस मामले में हजारीबाग से अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिसमें ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसान उल हक उप प्राचार्य मोहम्मद इम्तियाज और पत्रकार जमालुद्दीन शामिल है। 21 जून से लगातार कार्रवाई सीबीआई की चल रही है। तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद पेपर लीक मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हुई है और सीबीआई की टीम हजारीबाग में बनी हुई है। मामले मे अभी कुछ और बताने से सीबीआई की टीम बच रही है

21000 पेड़ लगाने का संकल्प जल्द होगा पूरा : नीरज गुप्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भाजपा के स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक नीरज गुप्ता ने इस वर्ष 21000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया है जिसको साकार करने के लिए वे और उसकी पूरी टीम जोर शोर से लगी हुई है. इस संबंध मे नीरज गुप्ता ने बताया की वे और उनकी टीम अभी तक नगर निगम और सदर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों मे 3000 पेड़ लगा चुके है. सदर अंचल कार्यालय परिसर, कृष्णापुरी तालाब, जबरा मंदिर, कृष्ण पुरी मंदिर, जबरा पावर हाउस से पकाही बाबा तक, जबरा फोर लाइन से लेकर लाखे फोर लाइन तक, जबरा तालाब, इंटर साइंस कॉलेज के आसपास वृक्षारोपण किया गया है. उन्होंने आगे बताया की वे ना सिर्फ वृक्षारोपण कर रहे हैं बल्की उन्हे संरक्षित करने के लिए जाली भी लगा रहे हैं. इस कार्य मे जो खर्च हो रहा है उसका वहन वे खुद कर रहे हैं हो रहा है इसमें सरकार की एवं किसी भी विभाग के द्वारा सयोग नहीं किया जा रहा है.

2,23,000 रुपये की छिनतई : आईडीबीआई बैंक से पैसा निकालकर घर लौट रहा था युवक

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब लोहसिंघना मस्जिद के पीछे शिवपुरी गली में इमामबाड़ा के समीप एक युवक से 2,23,000 रुपये की छिनतई की घटना हुई। सूत्रों के अनुसार, युवक आईडीबीआई बैंक से पैसा निकालकर घर लौट रहा था। जब वह इमामबाड़ा के पास पहुंचा, तो अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया और उससे पैसे छीन लिए। लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे फुटपाथ दुकानदार संघ ने किया झारखंड कांग्रेस प्रभारी से मुलाकात

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) : रांची स्थित परिषद भवन में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने मुलाकात की. इस संबंध मे शैलेंद्र यादव ने बताया की

हजारीबाग जिला प्रशासन व नगर निगम के द्वारा जो गरीब फुटपाथ दुकानदारों पर जो अतिक्रमण हटाने के नाम पर हो रहे अत्याचार को लेकर मुलाकात की, और समस्याओं को रखा. आपको बता दे की जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर गरीब फुटपाथ संघ के दुकानदारों ने अपनी समस्याओं को रखी, कहां लगातार गरीबों को बसाया नहीं सिर्फ उजाड़ा जा रहा है, भूख मरने की नौबत आ गई है हर दिन अतिक्रमण के जरिए हर चौक चौराहों में गरीबों पर ही अत्याचार हो रहा है गरीबों को ही उजाड़ा जा रहा है, तकरीबन 15 दिनों से फुटपाथ संघ के लोगों का जीना दुर्लभ हो गया था, लगातार बरसात के दिनों में एक दो दुकानदारी आधी हो जाती है, दूसरा घर के बाल बच्चों का पेट भरना मुश्किल हो जाता है, उस वक्त सिर्फ और नगर निगम के द्वारा उजाड़ा जा रहा है,जिसे लेकर सभी दुकानदार जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मुलाकात कर अपनी बातों को रखा वही संज्ञान लेते हुए रांची परिषद भवन में कांग्रेस झारखंड प्रभारी, गुलाम अहमद मीर और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बसाने की बात बोलते हुए सदर एसडीओ, और डीसी नैंसी सहाय की मामले से अवगत कराया, और कहा कि पहले बसाया जाए गरीब फुटपाथ संघ के दुकानदारों को उजाड़ा नहीं जाए।

मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी महिला को 10 वर्ष सश्रम कारावास

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को आरोपी महिला सविता देवी उम्र 37 वर्ष पति स्वर्गीय राजू डांगी चतरा निवासी को 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?100000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2023 का है । इसे लेकर कोडरमा रेल थाना प्रभारी के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन परिसर से एक महिला को पकड़ा गया था, जिसके पास थैले से दो पैकेट अफीम बरामद किया गया। जिसका वजन 2 किलो 600 ग्राम, एवं जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये आकी गई थी। पूछने पर उपरोक्त महिला ने बताया कि वह चतरा से अफीम बरेली यूपी ले जा रही थी।

अपने मांगों को लेकर सहायक शिक्षकों ने सौपे ज्ञापन

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : अपने मांगों को लेकर कोडरमा जिले के सहायक शिक्षकों (पारा शिक्षको)ने मुख्यमंत्री के नाम कोडरमा डीसी को एक ज्ञापन सौपा. दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि चुनावी समर में

झामुमो के द्वारा कहा गया था कि सरकार आपके मांगो को पुरा करेगी. परन्तु आज तक हम लोगों की मांग पूरा नहीं किया गया. कहा कि झारखण्ड के 62 हजार सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक लगाभग 22 वर्षों से पुरी निष्ठा पूर्वक शिक्षा का अलख जगाने जंगली व सुदुवती ग्रामीण इलाके में जाकर देने का काम कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय से आने-जाने में मृत्यु, दुर्घटना का भी हो चुके है। पूर्ववती कई सरकारें के समक्ष अपनी महती माँग को लेकर आंदोलन में कई सहायक अध्यापक की जान तक चली गई। वर्तमान झारखण्ड सरकार के लगभग सभी चुनावी सभाओं वेतनमान देने एवं समस्याओं का निदान तीन महीना में करने का वादा किया गया था। लेकिन पूरा नही हुआ। साढ़े चार वर्ष सरकार का हो गया है। 26 जून को सता पक्ष सभी मंत्री विद्यायक को ज्ञापन दिया गया है। 30 जून को हुन दिवस पर सभी प्रखण्डों में मशाल जुलुश निकाला गया है ओर आज 8 जुलाई को सभी उपायुक्त को ज्ञापन दिया जा रहा है। इस पर भी सरकार कोई ध्यान नही देती है तो बाध्य होकर 20 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव एवं धरना प्रर्दशन अनिश्चितकालीन किया जाएगा। ज्ञापन की कॉपी जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभिमान कोडामा को भी दी गई । मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष बीरेंद्र राय,महसचिव दमोदर यादव वीरेन्द्र साव,आदित्य कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे.

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में लगाया जा रहा कैंप

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में कैंप लगाया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 8.7.2024 से लेकर दिनांक 13.7.2024 तक सभी सरकारी विद्यालयों में कैंप लगाया जायेगा। कैंप के माध्यम से बच्चियों का आवेदन प्राप्त किया जायेगा और आहर्ता रखने वाले हर बच्चियों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

मुनि श्री 108 का मंगल प्रवेश हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : परम पूजनीय मुनि श्री 108 सुयश सागर जी एवं मुनिराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश के नगर भ्रमण के दौरान युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वागत व अभिनंदन के बीच महाराज जी का आरती उतारकर स्वागत किया। उनके स्वागत को लेकर श्री अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन के द्वारा आकर्षक रंगोली तैयार की गई जिसे देखकर आसपास के लोगों ने काफी प्रशंसा की। नगर भ्रमण के दौरान आकर्षक ढोल नगाड़े,लोक परंपराओं का छऊ नृत्य की विशेष प्रस्तुति लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी शोभायात्रा में आगे आगे समाज की महिलाएं लाल पगड़ी बांधे स्कूटी पर सवार होकर महाराज जी की जयकारों के साथ आगे बढ़ रही थी। स्कूली बच्चे अपने बैंड की धुन के माध्यम से मनमोहित कर रहे थे। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर जैन समुदाय के सदस्यों के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने महाराज जी के श्री चरणों को नमन करते हुए कहा कि चार माह हजारीबाग भक्ति भाव से सरोवर रहेगा। 22 जुलाई को कलश स्थापना के साथ चातुर्मास प्रारंभ हो जाएगा बड़ा ही सौभाग्य की बात है कि पिछले 2 वर्षों के उपरांत यह उत्सव मनाने का सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हुआ ह।

पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : प्रखंड कार्यालय स्थित प्रखंड सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में पूर्व बैठक की समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख विजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के सामने सड़क पर दुकान बनाये जाने का मामला उठाया और कहा कि दुकान बनने से सड़क संकीर्ण हो जाएगा। वहीं बरसात के दिनों में प्रखंड में डीडीटी छिड़काव व ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किये जाने का मुद्दा उठाया । तेलोडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार ने अंचल कार्यालय में किसानों के जमीन का दाखिल खारिज नही होने का मामला उठाया। नावाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर यादव ने नावडीह गांव में सड़क पर पानी जमे रहने का मामला उठाया। वहीं कई पंचायत समिति के सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल समेत कई बुनियादी समस्याओं को विभाग के पदाधिकारियों के समक्ष रखा व अविलंब समस्याओं का समाधान करने की मांग

की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने किया। बैठक में उपप्रमुख पिंकी देवी, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव, चिकित्सक पदाधिकारी डॉ श्री कांत कुमार, थाना प्रभारी सौरभ कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद ,एमओ लक्ष्मीकांत लोहरा, जेई प्रमोद कुमार,कर्ण कुमार,प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा, मुखिया बैजन्ती देवी, अमिया देवी, मधु कुमारी, रेहाना खातून आदि उपस्थित थे।

हजारीबाग ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने जीते 11 स्वर्ण समेत 27 पदक, बढ़ाया हजारीबाग का मान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : दिनांक 5 से 7 जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल स्कूल दलदली रांची में झारखंड ताइक्कांडो संघ के द्वारा आयोजित 3 दिवसीय 24 वी झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले के 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमे 27 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण 13 रजत 3 कांस्य पदक प्राप्त किए. महिला एवं पुरुष वर्ग में कुल 27 पदक जीत कर हजारीबाग जिले का परचम लहराया है. स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी में सौरभ यदव अश्विन तिग्गा रियांश अनिरुद्ध दिव्यांशु केशरी अखिल यादव रजनी कुमारी अनुप्रिया कुमारी रूपाली राज वर्मा सुप्रिया यादव पलक कुमारी आलोक रंजन ने प्राप्त किया। और इन खिलाड़ियों ने अपनी जगह होने वाले राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित कर ली है। वही रजत पदक पर जिले के रिया गोस्वामी शशि कुमार चिराग कुमार रुद्र सिंह अंशुप्रिया कुमारी अनीश कुमार श्रेयशी

सुमन सुकेश कुमार संकल्प ज्ञानी कोमल केरकेट्टा असवेल तिग्गा सृष्टि कुमारी अर्चित राणा वही कांस्य पदक पर सराह रायका कुजूर आदित्य राज पुरुषोत्तम राज ने पदक जितने में सफल रहे खिलाड़ियों की इस बड़ी जीत पर हजारीबाग जिले के कोच में प्रशिक्षक चंदन राणा आकाश शर्मा रोशन गुप्ता निरंजन यादव राजशेखर सिन्हा आलोक रंजन मैनेजर में रवि गुप्ता प्रतियोगिता में अपना योगदान दए।

ओकनी में आज से 'शिव' और 'शक्ति' की आराधना

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शहर की मध्यस्थली ओकनी में श्रद्धालु नौ से 16 जुलाई तक 'शिव' और 'शक्ति' की आराधना में डूबे रहेंगे। दरअसल मंगलवार की मंगल बेला से श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ होगा। बड़ा शिव मंदिर में शहर का इकलौता साधना गृह है। इस मंदिर प्रांगण में देशभर के आचार्य विद्वतजन महायज्ञ में पुण्य के भागीदार बनेंगे। यहां हर संध्या प्रवचन और दिन में महाभोग का वितरण होगा। महायज्ञ संचालन समिति से जुड़े मोहल्लवासियों के अनुसार ओकनी तालाब का अतिप्राचीन इतिहास भी इस बड़ा शिव मंदिर से जुड़ा है। इस मंदिर की सदियों पुरानी अलौकिक पृष्ठभूमि रही है। मोहल्लेवासियों ने प्रेसवार्ता में इस

ओकनी तालाब के संरक्षण की लोगों से अपील की। साथ ही बताया कि कई वर्षों के बाद श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिनों तक चलेगा, जो भक्ति भाव, आस्था और श्रद्धा से लबरेज रहेगा। इस महायज्ञ में ईश्वर की आराधना के साथ कलश यात्रा और नगर भ्रमण जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। संध्या के वक्त जागरण एवं महा भोग का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए उनकी हर सुविधा के साथ खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी ख्याल और पूरा ध्यान आयोजक मंडली की ओर से रखा जा रहा है। तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पूरे मुहल्ले को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भव्य पंडाल और यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। महायज्ञ में देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से हजार बागों के शहर की इस पावन धरा पर कई विद्वतजन प्रवचन कर्ता पधार रहे हैं। संतों की वाणी से यहां अध्यात्म का अद्भुत वातावरण बनेगा। श्रद्धालु भक्तिरस के सरोवर में डुबकियां लगाने को आतुर हैं। महायज्ञ के आचार्य भोलेनाथ की नगरी वाराणसी के रणधीर शास्त्री हैं। पूजन के साथ विद्वतजनों के प्रवचन से भक्तजन भावविभोर होंगे।

आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग़ : आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने 8 जुलाई को आयोजित एक स्पेल बी प्रतियोगिता में अपने शानदार शब्दावली कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कक्षा दो से दस तक के छात्रों के लिए जेबा द्वारा आयोजित की गई थी। प्रिंसिपल तेनमोझी ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने उनकी लगन और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने और अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्पेल बी प्रतियोगिताएं छात्रों के लिए अपनी शब्दावली, वर्तनी और भाषा कौशल को मजबूत बनाने का एक मजेदार तरीका हैं। साथ ही, ये प्रतियोगिताएं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती हैं।

झारखण्ड मांगे जयराम अभियान के तहत सवा तीन करोड़ लोगों से जुड़ेंगे, लेंगे बदलाव का संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखण्ड की राजनीति में नया चेहरा बन कर उभरे जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस बाबत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से झारखण्ड मांगे जयराम अभियान राज्य भर में चलाया जाएगा। इसकी जानकारी राँची में सोमवार को संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो एवं उपाध्यक्ष संजय मेहता ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि इस अभियान के तहत राज्य के करीब सवा तीन करोड़ की आबादी से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।

अभियान का संदेश झारखंडियों को अपने हक के लिए एकजुट करना एवं लक्ष्य झारखंडियों की अपनी सरकार बनाना होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं संगठन के उपाध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि झारखण्ड की जनता शासन-प्रशासन से परेशान हो चुकी है। बदलाव की मांग जोरों पर है ऐसे में जयराम महतो की ओर जनता बड़ी आशा के साथ देख रही है। कहा, जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए हम पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में भाग लेंगे और नई सरकार बना कर झारखण्ड की तकदीर बदलने का कार्य करेंगे।वहीं जयराम महतो ने सत्ता परिवर्तन की ओर साफ इशारा कर दिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणामों ने साफ कर दिया है कि झारखंड वासियों का उन्हें भरपूर समर्थन है। हम मतदाताओं का सम्मान करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि जो भी कमी रह गई उसे पूरा कर हम सरकार बनाएंगे ।

यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है : आशीष झा

रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या

मंदिर रजरप्पा में सीसीएल रजरप्पा के द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में शुक्रवार को विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग व क्विज का आयोजन किया गया। इसमे कक्षा नवम से बारहवीं तक के भैया बहनों ने भाग लिया। बच्चों ने व्यक्तिगत स्वच्छता से स्वस्थ भारत विषय पर निबंध लिखे व क्विज के माध्यम से खुद सीखा और बड़ों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।प्रतियोगिता में आराध्या, साधना, तन्नु,पूजा, रूही, जनिशा, कुमारी मानशी, मनीता, रागिनी,नूतन,अनुष्का,स्पर्श अनुराग , राज , रंजन, अंकित, निखिल, प्रियंशु, प्रेम प्रकाश,नीरज,आयुष,अमन,दुर्गेश आदि भैया बहनों ने भाग लिया।इस अवसर पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह बसा लो कि वो आपकी एक आदत बन जाये। यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ्य नहीं रह सकता है। सबकी भागीदारी सुनिश्चित करना स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं विकास कुमार उपस्थित थे।इस प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में विद्यालय आचार्या गायत्री पाठक,बचूलाल तिवारी,अनिल त्रिपाठी,गायत्री कुमारी, सेखर कुमार,शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण का होगा आयोजन

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय पदाधिकारी को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला स्तर पर मंगलवार को 10ः30 बजे से समाहरणालय स्थित जिला टाउन हॉल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।राज्य सरकार द्वारा वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दिनांक 02/10/2023 से अबुआ वीर दिशोम अभियान का शुभारंभ की गई है।आदिवासी कल्याण आयुक्त झारखंड रांची के पत्रांक द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी को एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला स्तर पर नामित मास्टर ट्रेनर एवं रामगढ़ जिला के राज्य से नामित सीएसओ के रिसोर्स पर्सन द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 09/07/2024 को समय 10ः30 पूर्वाहन जिला टाउन हॉल समाहरणालय रामगढ़ में आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, सभी अंचल अधिकारी रामगढ़, सभी ग्राम सभा/एफआरसी के अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे।

मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी महिला को 10 वर्ष सश्रम कारावास

कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता): मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने सोमवार को आरोपी महिला सविता देवी उम्र 37 वर्ष पति स्वर्गीय राजू डांगी चतरा निवासी को 18 एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?100000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2023 का है । इसे लेकर कोडरमा रेल थाना प्रभारी के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन परिसर से एक महिला को पकड़ा गया था, जिसके पास थैले से दो पैकेट अफीम बरामद किया गया। जिसका वजन 2 किलो 600 ग्राम, एवं जिसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये आकी गई थी। पूछने पर उपरोक्त महिला ने बताया कि वह चतरा से अफीम बरेली यूपी ले जा रही थी।अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता तरुण कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा तय कीया और जुर्माना लगाया।

बारिश होने के बाद सड़क में चलना मुश्किल

सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंबाबाद पंचायत के अंतर्गत अंबाबाद होते हुए झांझीडीह,पुतोडीह,समयडीह,अंगार,घुड़मुड़िया जाने के लिए सड़क का काफी जर्जर स्थिति बना हुआ है। जिससे वहां के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हल्की बारिश होते हीं सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है जिससे आने जाने वाले लोग हमेशा दुर्घटनाग्रस्त के शिकार होते रहते हैं।बता दे कि इस सड़क से हो कर प्रतिदिन हजारों लोग पैदल आवागवन करते हैं साथ ही सैकड़ो मोटरसाइकिल,फोर व्हीलर, ट्रैक्टर, टेंपू, ई रिक्शा,आदि का परिचालन होता है।वहीं इस मार्ग से होकर,प्रखंड मुख्यालय,पंचायत सचिवालय, सांस्कृतिक भवन,प्राथमिक विद्यालय पुतोडीह,आंगनबाड़ी केंद्र पुतोडीह, स्वास्थ्य उपकेंद्र समयडीह, आदि जगहों के लिए आना जाना होता है।उल्लेखनीय रहे कि झांझीडीह, पुतोडीह,समयडीह,अंगार और घुड़मुड़िया की आबादी लगभग पांच हजार से भी अधिक है यहां अधिकांश लोग पिछड़ी जातियों की है।जबकि कुछ घर दलित समुदाय की है। वहीं ग्रामीण प्रवीण यादव,धीरज कुमार, बिपिन कुमार,उदय यादव,रामबचन कुमार,विकाश मिस्त्री,साजन कुमार,पवन कुमार, सचिन कुमार,आदि थे ।

राजस्व संबंधित कार्यों व आधारभूत संरचनाओं तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : राजस्व संबंधित कार्यो आधारभूत संरचना तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।भारतमाला परियोजना, वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस-वे परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, बरलांगा कसमार सड़क निर्माण सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजनावार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान

की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यो की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यो के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के साथ समन्वय करते हुए दिसंबर माह तक हर घरों में पानी की सुविधा उपलब्ध हो के संबंध में विशेष योजना तैयार करते हुए कार्य कराने का निर्देश दिया। वहीं समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों शिफ्ट करने हेतु नए भवनों के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उपसमाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़,भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

डायरिया की रोकथाम के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्टॉप डायरिया कैंपेन के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने केंद्र सरकार द्वारा डायरिया के रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक डायरिया की रोकथाम साफ सफाई और ओआरएस की वितरण संबंधी आयोजित की जाने वाली कार्यक्रमों के संबंध में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद से विस्तार पूर्वक जानकारी लिए ।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य

है कि संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में डायरिया के रोकथाम एवं उपचार प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके जिससे डायरिया से होने वाले प्रभाव को रोका जा सके।कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए डायरिया के बचाव हेतु विशेष अभियान चला कर बच्चों में डायरिया के होने वाले लक्षण व बचाव के संबंध में लोगों के बीच व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

कॉलेज की बच्चियों को ले जा रही टेंपो हुई दुर्घटनाग्रस्त

भुरकुंडा : रामगढ़ पतरातु मुख्य मार्ग भदानी नगर ओपी क्षेत्र के अंतर्गत बानगड़ा के पास अनियंत्रित JH24B, 4759 टेम्पो दुर्घटनाग्रस्त हो गई टेम्पो में बैठी कालेज की लड़कियों को लगी चोट जानकारी के अनुसार जे एम कॉलेज की छः सात छात्राएं सेमेस्टर सिक्स की परीक्षा देकर टेम्पो से अपने घर रामगढ़ की ओर जा रहे थे इसी बीच बनगड्डा के पास बाइक ने ओवरटेक किया तो टेम्पो अनबैलेंस होने के कारण ऑटो पलट गई जिससे ऑटो में सवार करीब 6 लड़कियां घायल हो गई। जिसमें से एक बच्ची को ज्यादा छोटे लगी है जिसे इलाज के लिए रामगढ़ के नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस के द्वारा ऑटो को जप्त कर थाना ले आई है और जांच कर रही है।

अपने मांगों को लेकर सहायक शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

कहा मांगे पूरा नहीं होने पर 20 से करेंगे मुख्यमंत्री का घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोडरमा : अपने मांगों को लेकर कोडरमा जिले के सहायक शिक्षकों (पारा शिक्षको)ने मुख्यमंत्री के नाम कोडरमा डीसी को एक ज्ञापन सौपा. दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि चुनावी समर में झामुमो के द्वारा कहा गया था कि सरकार आपके मांगो को पुरा करेगी. परन्तु आज तक हम लोगों की मांग पूरा नहीं किया गया. कहा कि झारखण्ड के 62 हजार सहायक अध्यापक संप्रति पारा शिक्षक लगाभग 22 वर्षो से पुरी निष्ठा पूर्वक शिक्षा का अलख जगाने जंगली व सुदुवती ग्रामीण इलाके में जाकर देने का काम कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय से आने-जाने में मृत्यु, दुर्घटना का भी हो चुके है। पूर्ववती कई सरकारें के समक्ष अपनी महती माँग को लेकर आंदोलन में कई सहायक अध्यापक की जान तक चली गई। वर्तमान झारखण्ड सरकार के लगभग सभी चुनावी सभाओं वेतनमान देने एवं समस्याओं का निदान तीन महीना में करने का वादा किया गया था। लेकिन पूरा नही हुआ। साढ़े चार वर्ष सरकार का हो गया है। 26 जून को सता पक्ष सभी मंत्री विद्यायक को ज्ञापन दिया गया है। 30 जून को हुन दिवस पर सभी प्रखण्डों में मशाल जुलुश निकाला गया है ओर आज 8 जुलाई को सभी उपायुक्त को ज्ञापन दिया जा रहा है। इस पर भी सरकार कोई ध्यान नही देती है तो बाध्य होकर 20 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव एवं धरना प्रर्दशन अनिश्चितकालीन किया जाएगा। ज्ञापन की कॉपी जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभिमान कोडामा को भी दी गई । मौके पर संघ के जिला अध्यक्ष बीरेंद्र राय,महसचिव दमोदर यादव वीरेन्द्र साव,आदित्य कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे.

विभिन्न विद्यालयों में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कैंप का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : सोमवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में सभी विद्यार्थियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही योग्य विद्यार्थियों का फॉर्म भी भरवारा गया।

जाने क्या है सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा पर जोर व बाल विवाह प्रथा का अंत, किशोरियों के स्वास्थ्य एवं वैयक्तिक स्वच्छता में सहायता करना है।योजना के तहत छात्राओं को आर्थिक सहायता मुहैया करायी जायेगी। इसमें कक्षा 8वीं एवं नौवीं में नामांकित बालिका को 2500 रुपये, कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में दाखिला लेने वाली बालिकाओं को 5000 रुपये तथा 18 से 19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान के रूप में 20,000 रुपये दिये जायेंगे।इस योजना के तहत सरकारी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित,एनसीएलपी के अंतर्गत संचालित तथा झारखंड सरकार द्वारा अनुदानित विद्यालयों में कक्षा 8वीं से 12वीं में अध्ययनरत सभी छात्राओं को योजना के दायरे में लाया गया है। योजना का लाभ केवल उन्हें मिलेगा, जिनके माता-पिता किसी सरकारी सेवा अथवा सार्वजनिक उपक्रम में सेवारत नहीं हैं। माता-पिता

आयकर दाता नहीं हों। आवेदन में छात्रा का जन्म प्रमाण पत्र लगाना होगा।

वोटर लिस्ट में पंजीयन अनिवार्य

छात्रा की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर उनका नाम संबंधित कैलेंडर वर्ष में झारखंड राज्य की मतदाता सूची में पंजीकृत कराना अनिवार्य है। लाभार्थी का आवेदन के समय मतदाता पहचान पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 19 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पूर्व ही इस योजना के तहत आवेदन करना अनिवार्य है।

यहां कर सकेंगे आवेदन

योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी सीधे अथवा आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय में आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है। प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। प्रारंभ में इस योजना के तहत पूरी प्रक्रिया मैन्युअल की जायेगी। कालांतर में पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। ज्यादा जानकारी के लिए समाहरणालय स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं प्रखंडवार बाल विकास परियोजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

संतोष महतो ने थामा जेबीकेएसएस का दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संतोष महतो ने जेबीकेएसएस का दामन थाम लिया है। उन्होंने जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की मौजूदगी में रांची के स्टेट गेस्ट हाउस में संगठन का दामन थामा। अब वे संगठन के मज़बूती और विस्तार के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। लंदन के इंपीरियल कॉलेज से मास्टर डिग्री हासिल करने वाले प्रकाश कुमार ने भी संगठन का दामन थामा।झारखण्ड की राजनीति का नया चेहरा बन कर उभरे जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस बाबत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से राज्य के प्रभावी युवाओं को पार्टी में जोड़ने का सिलसिला शुरू है।रामगढ़ से चुनाव लड़ चुके संतोष महतो शिक्षित और प्रभावी चुनावी रणनीति के लिए जाने जाते हैं।संतोष महतो के आने से पार्टी और मज़बूत होगी।साथ ही साथ उनकी टीम को ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ने के राज्य स्तरीय अभियान की ज़िम्मेदारी दी गई।केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो एवं उपाध्यक्ष संजय मेहता ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इस अभियान के तहत राज्य के करीब सवा तीन करोड़ की आबादी से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। अभियान का संदेश झारखंडियों को अपने हक के लिए एकजुट करना एवं लक्ष्य झारखंडियों की अपनी सरकार बनाना होगा।और नये जुड़े सदस्य इसमें महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका में रहेंगे।झारखण्ड की जनता वर्तमान शासन-प्रशासन से परेशान हो चुकी है। बदलाव

की मांग जोरों पर है ऐसे में जयराम महतो की ओर जनता बड़ी आशा के साथ देख रही है। जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए हम पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में भाग लेंगे और नई सरकार बना कर झारखण्ड की तकदीर बदलने का कार्य करेंगे।वहीं जयराम महतो ने सत्ता परिवर्तन की ओर साफ इशारा कर दिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणामों ने साफ कर दिया है कि झारखंड वासियों का उन्हें भरपूर समर्थन है। हम मतदाताओं का सम्मान करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि जो भी कमी रह गई उसे पूरा कर हम सरकार बनाएंगे और झारखंड वासियों के सेवक बन कर कार्य करेंगे जिससे झारखंड का नवनिर्माण होगा। संतोष महतो ने कहा कि जेबकेएसएस की विचारधारा झारखंडी युवाओं के बीच तेजी के फैला है और झारखण्ड के लोगों को नयी उम्मीद जगी है। रामगढ़ के संतोष महतो अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। उन्होंने झारखंड के विषयों पर लंबा संघर्ष किया है।

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के ब्लॉक-2 प्रोजेक्ट खोलने की दिशा में एक सकारात्मक पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : सोमवार को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में प्रस्तावित ब्लॉक-2 प्रोजेक्ट के रैय्यतों तथा सीसीएल प्रबंधन के बीच एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने ग्रामीणों को ऊर्जादाता बोलकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह एक दिल मिलन समारोह है, जिसमें हम सब आपसी मनमुटाव को भुला कर ब्लॉक-2 परियोजना जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सीसीएल रजरप्पा ब्लॉक 2 एरिया के लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं कि आपके जमीन के नीचे ऊर्जा का भंडार मिला है, जिससे कितने गरीब के घर रौशन होंगे, कल-कारखाने चलेंगे, हॉस्पिटल में सर्जरी आदि होंगे, बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे और हमारा देश भारत तरक्की की ऊंचाई छुएगा। उन्होंने सभी रैयतों से आग्रह किया आप सभी अपने व्यक्तिगत, समाज तथा पूरे देश के कल्याण हेतु जमीनरूपी ऊर्जदान करके ब्लॉक-ढ्ढ शुरू कराने में हमारा सहयोग करें। सीसीएल मुख्यालय, रांची से आए अचिंत्य पात्रा, प्रबंधक (सर्वे) एवं कुमार प्रभाकर, प्रबंधक (खनन) ने उपस्थित रैयतों को सीसीएल विस्थापन एवं पुनर्वास नीति के बारे में विस्तार से

बताया। मौके पर उपस्थित धवैया के मुखिया तेजलाल महतो ने कहा कि पंचायतवासी पूरी तरह से इस परियोजना के समर्थन में हैं, बस हमें एक चीज का ध्यान रखना है कि सभी प्रभावितों को उनका हक़ मिलना चाहिए। मौके पर परियोजना पदाधिकारी (र0प0) यू एन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (खनन) पी के रामदास, स्टाफ अधिकारी (पी एंड पी) एस के सिन्हा, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार आजाद, ब्लॉक-ढ्ढ इंचार्ज बिनोद कुमार सहित विस्थापित प्रभावित रैय्यत संघर्ष मोर्चा, धवैया के अध्यक्ष दिनेश किस्कू, धवैया ग्रामीण रामसेवक करमाली, तुलसी प्रसाद सोरेन, नंदकिशोर अग्रवाल, धनेश्वर कुमार, सेराज अंसारी सहित 125 रैय्यत उपस्थित थे।

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद, रामगढ
Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, ई–निविदा संख्या– 01/2024-25, PR No.-328033 के क्रम संख्या 13, योजना का नाम– ग्राम+पो0–छत्तर माण्डू , पिपरा टोला में मिंटु ठाकुर के घर से लेकर रामबाबु ठाकुर के घर तक पी०सी०सी० एवं नाली निर्माण कार्य को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 328919 District(24-25).D

कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची
(अभियंत्रण शाखा)

अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना
टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/02/2024-25
PR No. 326794

S.No	योजना का नाम	स्वीकृत राशि (रुपये में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	रॉंची जिला अंतर्गत होटल बिरसा बिहार रॉंची में डीप बोरिंग तथा जीर्णोद्धार कार्य।	**92,84,100.00**	**1,86,000.00**	**10,000.00**	12 माह

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–12.07.2024
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–113.07.2024 से 20.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **निविदा खोलने की तिथि–22.07.2024 को 3.00 बजे अपराह्न।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, रॉंची।
ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. **निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।**
10. **इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची में निबंधित समुचित श्रेणी के**

जिला अभियंता,
जिला परिषद, रॉंची।

PR 328994 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

इरफान व दीपिका के मंत्री बनने पर कांग्रेसियों में खुशी : ब्रजेंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने दीपिका पांडे सिंह और इरफान अंसारी को पहली बार झारखंड सरकार में मंत्री बनने पर दोनों नेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं है। साथ ही कांग्रेस हाई कमान और प्रदेश अध्यक्ष का आभार भी जताया है। सिंह ने कहा की दोनों मंत्री विधायक के तौर पर काफी अनुभवी हैं और पूरे झारखंड की राजनीति से वाकिफ हैं। झारखंड में क्या करना है और झारखंड का विकास कैसे होगा, दोनों नेता भली भांति समझते हैं। इन नेताओं को जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी वह बखूबी उसे निभाएंगे। इनके मंत्री बनने से झारखंड के कांग्रेसियों में खुशी की लहर है।

करोड़पति साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना के गपाई (गडरमा) गांव के इस युवक ने महज 24 साल की उम्र में करोड़ों की प्रॉपर्टी बना ली है. 18 लाख रुपए की हेक्टर कार में घूमा करता है. हजारीबाग में उसका 55 लाख का फ्लैट है. 60 लाख का ट्रक खरीद रखा है. करोड़ों की जमीन का भी मालिक है यही उम्र में. इस युवक को पुलिस ने बड़ी चालाकी से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस ने सोनू कुमार वर्मा को किया गिरफ्तार, यह गपैय गांव में छिप कर करता था। गुप्त सूचना पर गिरिडीह पुलिस ने सोनू वर्मा को किया गिरफ्तार हम जिस युवक की बात कर रहे हैं, वह कोई आम युवक नहीं है. एक शातिर और कुख्यात साइबर क्रिमिनल है. साइबर क्राइम की दुनिया में उसने अपनी अलग पहचान बनाई है. उसका नाम सोनू कुमार वर्मा है. मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गपैय गांव का रहने वाला है. 24 वर्ष का सोनू वर्षो से साइबर अपराध की दुनिया में सक्रिय है. गिरिडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गपैय गांव से उसे गिरफ्तार किया है. सोनू साइबर अपराधियों को सिम कार्ड और खाता भी उपलब्ध कराता था। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गपैय गांव में एक साइबर अपराधी लोगों से ठगी कर रहा है. सूचना के बाद एसपी ने साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया. टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि पुनीत कुमार गौतम, पुअनि गुंजन कुमार, अनिल, संजय, मुख्यियार, आरक्षी जितेंद्र नाथ महतो को शामिल किया गया.साइबर डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम ने सोनू को किया गिरफ्तार टीम ने गपैय गांव में छापेमारी करके सोनू कुमार वर्मा को साइबर अपराध करते हुए पकड़ा. पुलिस को लंबे समय से सोनू की तलाश थी. सोनू के खिलाफ गिरिडीह के नगर थाना, मुफस्सिल थाना, गिरिडीह साइबर थाना के साथ-साथ मुंबई के वर्ली में भी साइबर अपराध के मामले में प्राथमिकी दर्ज है जो लम्बे समय से तलाश में थे. साइबर क्राइम के मामले में मुंबई में जेल भी जा चुका है. सोनू के पास से पुलिस ने एक सिम कार्ड ओर एक मोबाइल फोन जब्त किया है. सोनू कुमार वर्मा लोगों से ऐसे करता था ठगी- पूछताछ के क्रम में सोनू ने बताया कि वह सुडोकू ऐप के माध्यम से लड़की से न्यूड वीडियो कॉलिंग करवाने एवं लड़की उपलब्ध कराने का झांसा देकर लोगों को लिंक भेजकर ठगी करता था. गूगल पर फोन पे और गूगल पे के कस्टमर केयर का हेल्पलाइन नंबर पंच करके कॉल करने वाले लोगों से ठगी करता था।

गिरिडीह में विभिन्न मांगों को लेकर फूटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ ने की बैठक

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिडीह ज़िले में सोमवार को अंटा बंगला मैदान गिरिडीह में फूटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ की बैठक किया।वही बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा टार्जन ने की, संचालन संघ के सचिव मोहम्मद अफगान उर्फ बबलू ने किया । वही कई वेंडर के राय के मुताबिक यह प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह के आदेश के अनुसार गांधी चौक से बड़ा चौक पर लगने वाले फूटपाथी दुकानदारों ने अपनी - अपनी राय मशवरा किया। साथ ही सभी वेंडर ने एक ही बात कहा हम लोगों की संख्या ज्यादा है व्यवस्था 100 का है बाकी लोग सब कहां जाएंगे ।साथ ही जिस इलाका में वेंडिंग जोन बनाई गई है वह काफी सन्नाटा इलाका है ।हमारे शहर के मां-बहन और भाइयों को काफी परेशानियां होगी खरीदारी करने में काफी दिक्कत होगी। बड़ा चौक पर हम लोग रात 10ः00 बजे तक दुकानदारी कर सकते हैं। लेकिन यहां लोग नहीं आ सकेंगे इतनी रात में मां-बाप नहीं आएंगे यह एक ऑफिशियल एरिया है रेसिडेंशियल एरिया नहीं होने के कारण वहां पर आवागमन काम होगा लोगों का कहना है कई सारे ऐसे वेंडर्स है जो प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लोन लिए हुए हैं बैंक को कैसे चुकता करेंगे ।बैंक वालों का भी दबाव बना रहेगा और बरसात का मौसम है माल खराब होने का डर ज्यादा रहता है ।

अवैध बालू लदा हाईवा व ट्रैक्टर हुआ जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

राजगंज : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज प्रातः 3 बजे से 7 बजे तक राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया।

इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में आज प्रातः 3:00 बजे से 7:00 बजे तक राजगंज व बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से लगभग 500 घनफीट अवैध बालू लदा हाईवा संख्या जेएच 10 बी.पी. 4506 तथा राजगंज थाना क्षेत्र से लगभग 100 घनफीट अवैध बालू लदा बिना नम्बर का ट्रेक्टर बिना परिवहन चालान के परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच दल को देखते ही दोनों वाहनों के चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गये। तदोपरांत दोनों वाहनों के विरूद्ध संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच दल की अगुवाई खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक कर रहे थे। वहीं जांच दल में नवनियुक्त खान निरीक्षक सुमित प्रसाद, बसंत उरांव, विजय करमाली एवं आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

पटेलनगर में श्री बालाजी डेंटल क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

गरीबों की सेवा मुख्य उद्देश्य : डॉ. अमित

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : शहरी क्षेत्र के नगर निगम के अंतर्गत सिरसिया पटेल नगर चौक के निकट रविवार को श्री बालाजी डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन गाण्डेय के पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा और डॉ मनीषकांत के द्वारा किया गया ।वही पर मौके पर लक्ष्मण स्वर्णकार ने कहा कि पटेलनगर में इस तरह के क्लिनिक की जरूरत थी । क्लिनिक खुल जाने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ होगा। आप नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में दांत संबंधी बीमारी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग, जवान सभी को दंत चिकित्सक की परामर्श की जरूरत पड रहा है। डॉ अमित कुमार ने कहा कि प्रारंभ से ही वो डॉक्टर बनकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि श्री बालाजी डेंटल क्लिनिक पटेलनगर में वो गरीबों का मुफ्त इलाज करेंगे। मौके पर डॉ मनीषकांत ने डॉ अमित कुमार को शुभकामना दी और कहा कि हम दोनों एक दूसरे की सहायता करेंगे। विदित हो कि इसके पहले डॉ अमित कुमार बेंगाबाद में भी अपनी सेवा दे रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में नन्दकिशोर शर्मा, सुरेश वर्मा, राजेश राणा, ज्वलंत पाण्डेय, रंजीत कुमार, ललीत शर्मा, नारायण विश्वकर्मा, भागीरथ शर्मा, लखन राणा, जयप्रकाश वर्मा, सुजीत शर्मा, सत्य नारायण राय, रंधीर कुमार, कालेश्वर वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा लालकुआँ और हावड़ा के मध्य तथा जयनगर से उज्जैन के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 05060/05059 लालकुआँ-हावड़ा-लालकुआँ स्पेशल - गाड़ी सं. 05060 लालकुआँ-हावड़ा स्पेशल दिनांक 11, 18 एवं 25 जुलाई, 2024 (गुरूवार) को लालकुआँ से 13.35 बजे खुलकर शुक्रवार को 09.10 बजे हाजीपुर, 10.05 बजे मुजफ्फरपुर, 11.12 बजे समस्तीपुर, 12.25 बजे बरौनी, 14.35 बजे किउल सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 06059 हावड़ा-लालकुआँ स्पेशल दिनांक 12, 19 एवं 26 जुलाई, 2024 (शुक्रवार) को हावड़ा से 23.30 बजे खुलकर शनिवार को 06.48 बजे किउल, 09.50 बजे बरौनी, 11.40 बजे समस्तीपुर, 13.00 बजे मुजफ्फरपुर, 14.18 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 13.55 बजे लालकुआँ पहुंचेगी । इस स्पेशल में प्रथम एवं द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01, तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 09092 जयनगर-उज्जैन स्पेशल - यह स्पेशल दिनांक 09.07.2024 (मंगलवार) को जयनगर से 22.05 बजे खुलकर 23.30 बजे दरभंगा, बुधवार को 00.25 बजे समस्तीपुर, 01.50 बजे मुजफ्फरपुर, 03.15 बजे हाजीपुर, 03.40 बजे पाटलिपुत्र, 04.00 बजे दानापुर, 04.50 बजे आरा, 06.05 बजे बक्सर, 08.10 बजे डीडीयू, 11.00 बजे प्रयागराज, 15.15 बजे कानपुर, 19.10 बजे वीरगाना लक्ष्मीबाई (झांसी), 22.20 बजे बीना एवं गुरूवार को 01.30 बजे संत हिरदाराम नगर (भोपाल) रूकते हुए 05.00 बजे उज्जैन पहुंचेगी ।

पहली बारिश में सड़क में आई दरार जीप सदस्या ने लिया जायजा

गुणवत्ता पर उठाया प्रश्न चिन्ह

प्रभात मंत्र संवाददाता

बगोदर : दो प्रखण्ड़ को जोड़नी वाली सड़क पहली वारीष में दम तोडने लगी है बगोदर और डुमरी ये दोनों प्रखण्डों को जोडती है ये सड़क । वहीं ग्रामीणों के सुचना के बाद पुर्वी जॉन के जीप सदस्या रीता प्रसाद व भाजपा नेता माथुर प्रसाद जायजा लेने पहुँचे जहाँ देखा गया कि हाल ही सड़क निर्माण किया गया लेकिन सड़क पर बड़ी दरार पड़ी ही और बड़ी दुर्घटना का आमंत्रण दे रहा है बताया जाता है कि खेतकों एवं परसाबेडा जो खोंगिया नदी के पुल के समीप सड़क पर बड़ी दरार पड़ी है वहीं जीप सदस्या रीता प्रसाद ने कहीं कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह है गुणवत्ता को ताख में रखकर निर्माण कार्य किया गया है जिसके कारण सड़क पहली बारिश का मार झेल नही पाई और सड़क पर दरार आ गई है वहीं जीप सदस्या ने विभाग के अधिकारीयों को जानकारी देकर जल्द मरम्मती कार्य करने की मांग किया है ताकि कोई अप्रिय घटना नही घट जाय इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य तुलेश्वर महतो सहित कई लोग मौजूद थे ।

जागृत मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ जयकारों से गूंजायमान हुआ माहौल

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुआ रुद्र व चंडी पाठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : जागृत मंदिर चीरागोड़ा मे चल रहे नव दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ मंडप के परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। मंदिर प्रांगण में सुबह छह बजे यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री, रतन पांडे, सौरभ दुबे, विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे, ऋषभ कुमार, सुमन पांडे, श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह 6ः00 बजे से यज्ञ मंडप में वेदी पूजन, मंडप पूजन, कुंड पूजन हुआ।

सुबह से ही यज्ञ मंडप के परिक्रमा के लिए महिला, पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ यज्ञ मंडप में उमड़ पड़ी।

माता के जयकारों के साथ परिक्रमा लगातार चलता रहा। परिक्रमा के बीच वाराणसी से आए विद्वानों के द्वारा रूद्र व चण्डी पाठ किया गया। वैदिक मंत्र व चंडी पाठ से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। गोधूलि बेला मे यज्ञ मंडप में आरती हुई।

यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे ने बताया कि मंगलवार 9 जुलाई को विद्वानों के द्वारा रुद्र व चंडी पाठ होगा। समस्त आवाहित देवताओं की षोडशोपचार विधि से पूजन होगी, तत्पश्चात हवन होगा।

जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण, बजरंग बली, शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में 15 जुलाई 24 को दोपहर 3:40 में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी अजय कुमार भट्ट ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रत्येक दिन संध्या में भजन, किर्तन व संगीतमय सुंदर कांड का पाठ किया जा रहा है।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूँकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक मोड (एन0एच0–33) से बरकट्ठा (एन0एच0–02) तक पथ का चौडीकरण/मजबुतीकरण का कार्य ग्राम–चन्दा, थाना–ईचाक, थाना–सं0–60, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में कुल **0.9675** एकड़ यानि **0.3917** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पुयक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से केमोवेश कुल **0.9675** एकड़ यानि **0.3917** हेक्टेयर है और जो ग्राम–चन्दा थाना–ईचाक, थाना सं0–60, अंचल–ईचाक, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

क0 सं0	खाता संख्या	सर्वे प्लॉट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	19	01	निजी	धानखेत–III	0.025	कमल राम वो बटेश्वर महतो पिता स्व0 रामेशर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	शिवटहल महतो वगै0	सीमाना कुरहा
2	20	2/1	निजी	धानखेत–III	0.0225	शिवटहल महतो पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मोहन महतो वगै0	कमल राम वगै0
3	20	2/2	निजी	धानखेत–III	0.0225	मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	चितु महतो	शिवटहल महतो
4	20	2/3	निजी	धानखेत–III	0.045	चितु महतो पिता स्व0 धनी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मकसुदन महतो	मोहन महतो
5	16	12/1	निजी	धानखेत–III	0.055	मकसुदन महतो पिता स्व0 हालो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	गीता देवी	चितु महतो
6	16	12/2	निजी	धानखेत–III	0.045	गीता देवी पति सकलदीप महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	शिवटहल महतो	मकसुदन महतो
7	14	14/1	निजी	धानखेत–III	0.04	शिवटहल प्रसाद पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मोहन महतो वगै0	गीता देवी
8	14	14/2	निजी	धानखेत–III	0.04	मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मो0 सुगनी	शिवटहल महतो
9	11	15	निजी	धानखेत–III	0.075	मो0 सुगनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मुरली प्रसाद मेहता वगै0	मोहन महतो वगै0
10	17	16/1	निजी	धानखेत–III	0.025	मुरली प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 रूचन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	बटेशर प्रसाद मेहता	मो0 सुगनी
11	17	16/2	निजी	धानखेत–III	0.02	बाटेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्लौट 16/3	मुरली प्रसाद
12	17	16/3	निजी	धानखेत–III	0.025	प्लौट सं0–16/3 का रैयत,	रास्ता	नीज	मकसुदन महतो	बटेशर प्रसाद
13	01	18	निजी	धानखेत–III	0.0125	मकसुदन महतो पिता स्व0 हालो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मो0 सोबनी	प्लौट 16/3
14	11	170/1	निजी	धानखेत–III	0.0225	मो0 सोबनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	घनश्याम महतो	मकसुदन महतो
15	11	170/2	निजी	धानखेत–III	0.0225	घनश्याम महतो पिता स्व0 बुधन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	सीमाना जलौंद	मो0 सोबनी
16	12	244	निजी	धानखेत–III	0.016	तेजनारायण प्रसाद मेहता पिता स्व0 गांगो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	बटेशर प्रसाद	सीमाना जलौंद
17	6	245/1	निजी	धानखेत–III	0.0053	बाटेश्वर प्रसाद मेहता वो घनश्याम प्रसाद पिता स्व0 बुधन महतो वो तालेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 सरजु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	लालजी महतो वगै0	तेजनारायण महतो
18	6	245/2	निजी	धानखेत–III	0.0107	लालजी महतो वगै0 पिता स्व0 केवल महतो वो जीबलाल मेहता पिता गंदौरी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्लौट न0–248	बटेशर प्रसाद मेहता
19	3	649/1	निजी	परती कदीम	0.005	मो0 एमनी वो मो0 बिन्देश्वर दोनो के पति स्व0 सहदेव महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	त्रिभुवन महतो	प्लौट न0 295
20	3	649/2	निजी	परती कदीम	0.00125	त्रिभुवन महतो पिता बिन्देश्वर नारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	रामचन्द्र प्रसाद मेहता	मो0 एमनी
21	3	649/3	निजी	परती कदीम	0.00125	रामचन्द्र प्रसाद मेहता पिता बिन्देश्वर प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मनोज प्रसाद मेहता	त्रिभुवन महतो
22	3	649/4	निजी	परती कदीम	0.00125	मनोज प्रसाद मेहता पिता बिन्देश्वर प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	नवीन राम	रामचन्द्र प्रसाद मेहता
23	3	649/5	निजी	परती कदीम	0.00125	नवीन राम पिता बिन्देश्वर नारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	नरेश प्रसाद मेहता	मनोज प्रसाद मेहता
24	3	649/6	निजी	परती कदीम	0.005	नरेश प्रसाद मेहता पिता स्व0 सुभाश प्रसाद उर्फ केदार मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	विकेश कुमार	नवीन राम
25	3	649/7	निजी	परती कदीम	0.005	विकेश कुमार पिता स्व0 हरिनारायण मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	सोना प्रसाद मेहता वगै0	नरेश प्रसाद मेहता
26	26	650	निजी	धानखेत–III	0.012	सोना प्रसाद मेहता वगै0 पिता तुलसी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मोहन महतो वगै0	विकेश कुमार
27	20	651/1	निजी	धानखेत–III	0.0075	मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	शिवटहल प्रसाद मेहता	सोना प्रसाद मेहता
28	20	651/2	निजी	धानखेत–III	0.007	शिवटहल प्रसाद मेहता पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	बटेशर प्रसाद मेहता	मोहन महतो वगै0
29	17	660	निजी	धानखेत–III	0.01	बटेश्वर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन महतो , जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मो0 सुगनी	शिवटहल प्रसाद मेहता
30		661	निजी	धानखेत–III	0.0175	मो0 सुगनी पति मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	चितु महतो	बटेशर प्रसाद मेहता वगै0
31	5	664	निजी	धानखेत–III	0.008	चितु महतो वगै0 पिता स्व0 धनी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मोहन महतो वगै0	मो0 सुगनी
32	24	665	निजी	धानखेत–III	0.025	प्रभु प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 दासो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मो0 कलावती	चितु महतो
33	8	667	निजी	धानखेत–III	0.012	मो0 कलावती पति स्व0 नारायण प्रसाद मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	दुलारचन्द महतो	प्रभु प्रसाद मेहता
34	10	681	निजी	धानखेत–III	0.015	दुलारचन्द महतो वगै0 पिता स्व0 मुला महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्रयाग प्रसाद	मो0 कलावती
35	25	682/1	निजी	धानखेत–III	0.0175	प्रयाग प्रसाद मेहता पिता गणेश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मनोहर प्रसाद मेहता	दुलारचन्द महतो वगै0
36	25	682/2	निजी	धानखेत–III	0.0175	मनोहर प्रसाद मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	छातो प्रसाद	प्रयाग प्रसाद
37	25	682/3	निजी	धानखेत–III	0.0175	छातो प्रसाद मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	दिलीप प्रसाद मेहता	मनोहर प्रसाद मेहता
38	25	682/4	निजी	धानखेत–III	0.0058	दिलीप प्रसाद मेहता पिता स्व0 भोला महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	बालेशर मेहता	छातो महतो
39	25	682/5	निजी	धानखेत–III	0.0059	बालेशर महतो पिता स्व0 महाबीर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	रामकृश्ण कुमार	दिलीप प्रसाद
40	25	682/6	निजी	धानखेत–III	0.0058	रामकृश्ण कुमार मेहता पिता स्व0 जगरनाथ महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	लालजी महतो	बालेशर महतो
41	6	687	निजी	धानखेत–III	0.0125	लालजी महतो वगै0 पिता स्व0 केवल महतो जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	आनन्त महतो	रामकृश्ण कुमार
42	23	688	निजी	धानखेत–III	0.0125	आनन्त महतो पिता गंदौरी महतो वो कुन्ती देवी पति दिलीप कुमार मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	तेजनारायण महतो	लालजी महतो
43	12	694	निजी	धानखेत–III	0.018	तेजनारायण महतो पिता स्व0 गांगो महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	तालेश्वर मेहता	आनन्त मेहता
44	24	699	निजी	धानखेत–III	0.015	तालेश्वर मेहता पिता स्व0 होरिल महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मोहन महतो वगै0	तेजनारायण मेहता
45	14	701/1	निजी	धानखेत–III	0.01	मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	शिवटहल प्रसाद मेहता	तालेश्वर मेहता
46	14	701/2	निजी	धानखेत–III	0.01	शिवटहल प्रसाद महतो पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्रवील प्रसाद मेहता	मोहन महतो वगै0
47	14	701/3	निजी	धानखेत–III	0.0075	प्रवील प्रसाद मेहता पिता .....जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	काशी प्रसाद मेहता	शिवटहल प्रसाद मेहता
48	15	702	निजी	धानखेत–III	0.003	काशी प्रसाद मेहता पिता स्व0 रामेशर मेहता, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	मोहन महतो वगै0	नीज	सुरेश प्रसाद मेहता	प्रवील प्रसाद मेहता
49	19	703	निजी	धानखेत–III	0.005	सुरेश प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 सरजु प्रसाद मेहता जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	मोहन महतो वगै0	नीज	मोहन मेहता वगै0	काशी प्रसाद मेहता
50	14	704/1	निजी	परती कदीम	0.02	मोहन महतो वगै0 पिता स्व0 हरदु महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्त	प्लौट न0–701	शिवटहल प्रसाद मेहता	सुरेश प्रसाद मेहता
51	14	704/2	निजी	परती कदीम	0.02	शिवटहल प्रसाद पिता स्व0 उदी महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	सुरेश प्रसाद मेहता	बटेशर प्रसाद मेहता	मोहन महतो वगै0
52	17	707	निजी	धानखेत–III	0.025	बाटेशर प्रसाद मेहता वगै0 पिता स्व0 बुधन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	मो0 सुगनी	शिवटहल प्रसाद
53	11	708	निजी	धानखेत–III	0.035	मो0 सुगनी पति स्व0 मंगर महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्लौट न0–709	बटेशर प्रसाद मेहता
54	16	709	निजी	धानखेत–III	0.02	प्लौट 709 का रैयत	रास्ता	नीज	विशेश्वर प्रसाद	मो0 सुगनी
55	17	710/1	निजी	धानखेत–III	0.005	विशेश्वर प्रसाद मेहता पिता स्व0 रूचन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	प्रदीप प्रसाद कुशवाहा	प्लौट न0–709
56	17	710/2	निजी	धानखेत–III	0.015	प्रदीप प्रसाद कुशवाहा पिता जगन महतो, जाति सुकियार, निवासी–चन्दा	रास्ता	नीज	सीमाना करियातपुर	विशेश्वर प्रसाद
				कुल	0.9675					

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्

आदिवासियों को गुमराह करना बंद करें भाजपा व आजसू : जगदीप भगत

कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सुखेर भगत पर पार्टी विरोधी कार्य करने का लगाया आरोप, भाजपाइयों व आजसू ने किया पुष्टि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह बिशुनपुर विधानसभा के प्रभारी जगदीप भगत ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा की 1 जुलाई को नगर भवन में जो समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था उस बैठक में प्रदेश से आए पर्यवेक्षक के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में जिला अध्यक्ष सुखेर भगत एवं जिला के अन्य नेताओं के खिलाफ पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप साक्ष्य के साथ लगाया था इसी दौरान इसी बातों को लेकर आपसी विवाद हुआ था फिर पर्यवेक्षक के द्वारा मामला को पटाछेप किया गया। लगभग 4 घंटा पर्यवेक्षक सभी कार्यकर्ताओं की बातों को सुना था। मामला समाप्त होने के बाद भी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कांग्रेस संविधान के खिलाफ जाकर एक

राजनीतिक साजिश के तहत कई कांग्रेसियों पर थाना में जाकर झूठ एवं मनगढ़ंत बातों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई,इनका कृत उल्टा चोर कोतवाल को डांटे क्योंकि आरोप इन्हीं पर लगाया गया था जबकि कांग्रेस संविधान के तहत कांग्रेस के अंदरूनी मामला को उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखना था। सुखेर भगत द्वारा पार्टी संविधान के खिलाफ किए गए कार्यों का मैं कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। प्रदेश अध्यक्ष को अविलंब पार्टी विरोधी कार्य करने के लिए सुखेर भगत पर अभिलंब कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामला को लेकर भाजपा एवं आजसू पार्टी के द्वारा सुखेर भगत के समर्थन में जो आंदोलन कर रहे हैं वह हास्य स्पद है। इस बात से यह साबित होता है कि समीक्षा के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष पर भाजपा आजसू से मिलकर पार्टी विरोधी कार्य करने का आरोप सही है दूसरी ओर भाजपा और आजसू को पूरे झारखंड में आदिवासी समुदाय ने पुरजोर विरोध किया और इंडिया गठबंधन के पक्ष में समर्थन किया और लोकसभा चुनाव में आरक्षित पांचों लोकसभा सीटों से विजय प्राप्त हुआ। इसी बात से घबराकर यह दल झूठा आदिवासी प्रेम दिखला रहे हैं जिसे आदिवासी समुदाय बखूबी वाकिफ है इनका आदिवासी प्रेम तो विगत दिनों मध्य प्रदेश में भाजपा शासन में एक आदिवासी युवक के मुंह में पेशाब करने से लेकर असम के आदिवासियों को आज तक आदिवासी का दर्जा नहीं देने से खुलासा हो चुका है भाजपा एवं आर एस एस के गुप्त एजेंडा में आदिवासियों के अधिकार आरक्षण एवं इनके धार्मिक पहचान को समाप्त करने की साजिश का भी पर्दाफाश हो चुका है भाजपा आजसु जैसे संगठन हमेशा से आदिवासी विरोधी रहे हैं अब यह समुदाय इनका असली चेहरा देख चुके हैं सुखेर भगत के समर्थन में घड़ियाली आंसू बहाने से इन्हें कुछ हासिल नहीं होगा बेहतर है यह अपने गिरते हुए साख पर आत्म चिंतन करें।

सरकार की योजनाओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी : अनीस अहमद खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो लोहरदगा : प्रखण्ड सभागार में सोमवार को प्रखण्ड बिस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष अनीश अहमद खान की अध्यक्षता में बिस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, आई सी डी एस, मनरेगा, जनवितरण प्रणाली, बिजली विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, कल्याण विभाग,15 वे वित्त, पंचायती राज, जल छाजन, जे एस एल पी एस, अंचल समेत उपस्थित सभी विभागों के पदाधिकारियों व उनके प्रतिनिधियों से बिंदुवार समीक्षा की गई। मौके पर जनवितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा बरती जा रही अनियमितता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा सरकार के महत्वकाँक्षी योजना नल जन योजना के द्वारा ग्राम हनहट में कराये गए कार्यो पर अंसतोष व्यक्त किया गया साथ ही साथ जिन विभागों में कमी कोताही बरती जा रही है बिस सूत्री अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व सदस्यों द्वारा फटकार लगाई गई साथ ही कार्य प्रणाली में सुधार लाने की बात कही गई। प्रखण्ड बिस सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने कहा कि सरकार के योजनाओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी अनियमितता बरतने वाले पदाधिकारी व कर्मियों के खिलाफ कार्यवाई के लिए प्रतिवेदन अग्रसारित की जा सकती है। वहीं बैठक में अनुपस्थित विभागों के कर्मियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही गई।

समाज सेवा में उत्कृष्ठ योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा : जयप्रकाश शर्मा

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से 28 जुलाई दिन रविवार को गुरुद्वारा साहिब रांची में शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के सांसद एवं भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित होंगे और वरिष्ठ अतिथि डॉ अजय छाबड़ा रहेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड में उत्कृष्ठ सामाजिक कार्य करने वाले समाज सेवियों को आमंत्रित किया गया है। लोहरदगा जिले से जनसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहने वाले मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, 83 बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर युवा देशराज गोयल इमरजेंसी केयर के माध्यम से लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले संस्था के एच आर हेड सजल कुमार सहित निखिल बर्मन और सुधांशु कुमार को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने दी।

सलगी ज्योति कोचिंग सेंटर के समीप कुआं से एक युवक का शव बरामद, पोस्टमार्टम हेतु लाया गया सदर अस्पताल

लोहरदगा(प्रभात मंत्र सवाददाता): सोमवार को सुबह सलगी पंचायत में ज्योति कोचिंग सेंटर के सामने कुआं में एक युवक का शव मिला है युवक कल से ही लापता था परिजन इसे खोजबीन कर ही रहे थे। लेकिन नहीं पता चला था आज शक के आधार पर ज्योति कोचिंग सेंटर के समीप कुआं के बगल में कुछ कपड़ा देखा गया इसी के आधार पर ग्रामीणों ने झागड़ कुआं में डाला गया जिससे युवक झागड़ में फंस गया और उसे बाहर निकाला गया इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर सलगी पंचायत के चौकीदार घटनास्थल पर पहुंचकर कुडू थाना को खबर दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंचकर 108 एंबुलेंस के माध्यम से शव को सदर अस्पताल लोहरदगा लाया गया है। मृतक युवक का पहचान चाँपी पंचायत के चुंद निवासी राजकिशोर उरांव का पुत्र 22 वर्षीय अरुण उरांव के रूप में हुई है इधर पुलिस घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन घायल एक की स्थिति नाजुक

सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): कल्हेपाट चौक के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य मार्ग पर देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति सहित तीन लोग घायल हो गये। तीनों को इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना का जायजा लेते क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में जुटी गई। वही घायल अधेड़ व्यक्ति का पहचान कल्हेपाट निवासी खलील अंसारी के 55 वर्षीय पुत्र ताहिर अंसारी के रूप में किया गया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट चौक में देर शाम में सड़क दुर्घटना हुआ। वही बताया जाता है कि मोटरसाइकिल संख्या जे एच 08 एच 2170 पर सवार हो घाघरा थाना क्षेत्र के जलहन जमगाई निवासी विरमा असुर का पुत्र कृष्णा असुर तथा भीखराम असुर का पुत्र परमेश्वर असुर दोने एक ही मोटरसाइकिल पर सवार हो लोहरदगा से अपना घर जलहन जा रहे थे। उसी दौरान कल्हेपाट चौक के समीप पैदल जा रहा कल्हेपाट निवासी ताहिर अंसारी को विपरीत दिशा में जा कर मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया। जिससे ताहिर अंसारी के सर पर गम्भीर चोटें आई है। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण व परिजनों की मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति बताते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया। ताहिर अंसारी को फिलहाल रांची के किसी निजी अस्पताल का आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए मोटरसाइकिल सवार दोनो घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

विहिप पाकरटांड ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकरटांड : विश्व हिंदू परिषद पाकरटांड की ओर से सोमवार को बाजारटांड के पास कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया, इस मौके पर जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार से सांसद जैसे पवित्र भवन के अंदर राहुल गांधी के द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताया है जिससे कि पूरा हिंदू जनमानस के अंदर आक्रोश व्याप्त है। राहुल गांधी वोट बैंक की राजनीति करने के लिए देश के सबसे बड़े हिंदू समुदाय को लेकर जिस प्रकार टिप्पणी किया है इससे उन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लगातार जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर टीका टिप्पणी की जा रही है

यह विश्व हिंदू परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक धर्म को टारगेट करके जिस प्रकार से बोला जाता है इसे साफ जाहिर है कि कांग्रेस पार्टी हिंदू विरोधी पार्टी बन कर रह गई है। वही इस मौके पर बजरंग दल प्रखंड सयोंजक हेमनारायण सिंह,विहिप प्रखंड समिति एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

आदिवासियों के नाम पर राजनीति करना बंद करें कांग्रेस के नेता : अनिल उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भाजपा जिला मंत्री अनिल उरांव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि 1971 में गरीबी हटाओ का नारा देने वाली कांग्रेस की सरकार गरीबी तो नहीं हटा पाई गरीबों को हटा दी। इस तरह से आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी आज तक आदिवासियों के विकास के लिए कोई भी एक काम गीना दें। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासियों के लिए बहुत सारे काम किया है। चाहै वह अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार हो या नरेंद्र मोदी जी की सरकार हो। इन्होंने आदिवासियों के विकास के लिए बहुत सारे कार्य किया। जैसे अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन करना, आदिवासी मंत्रालय का गठन करना,15 नवंबर बिरसा मुंडा जी के जन्मदिन पर झारखंड का निर्माण करना, 15 नवंबर 2023 को

राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस मनाना एवं राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करना, आदिवासी बहुल क्षेत्र में प्रत्येक प्रखंड में एकलव्य विद्यालय का निर्माण करना जिसमें सिर्फ आदिवासी बच्चों की शिक्षा जिसमें प्रत्येक प्रखंड के 500 आदिवासियों के बच्चों की मुफ्त में शिक्षा दी जाएगी। शिक्षा ही नहीं हर वह सुविधा दी जाएगी जो आज तक आदिवासी बच्चों को नहीं मिली है। उससे भी बढ़कर आज भारत के प्रथम नागरिक के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चयन होना और जिसके रहते जिस तरह से चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दुष्प्रचार किया कि संविधान को बदलकर आरक्षण समाप्त करने की बात कही थी क्या ऐसा लगता है कि एक आदिवासी राष्ट्रपति के रहते यह संभव है। कांग्रेस सिर्फ झूठ की राजनीति करना जानती है कभी साढे आठ हजार रुपए देने की बात कह कर तो कभी संविधान बदलकर आरक्षण समाप्त करने की बात कह कर, एक काम करने वाली नरेंद्र मोदी जी की सरकार का विरोध कर देश का विरोध करने के लिए भी उतारू हो चुकी है। जनता को समझना है कि ऐसे झूठे नेताओं की बातों में ना आकर एक काम करने वाली सरकार को चुनना है। जब-जब कांग्रेस लोहरदगा से चुनाव जीती है तब तब सिर्फ एक समुदाय के नाम पर राजनीति करने वाले कांग्रेसियों को आने वाले दिनों में जनता अच्छा सबक सिखाएगी।

दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्ड स्तरीय जांच एवं वितरण शिविर का हुआ आयोजन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार समावेशी शिक्षा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में समग्र शिक्षा अभियान लोहरदगा एवं एलिम्कों भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी सातों प्रखण्ड में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु दिव्यांगता जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज इसी क्रम में सर्वप्रथम जिले के सदर प्रखण्ड में शिविर का आयोजन कर दिव्यांग बच्चों का जांच कर आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु दिव्यांग बच्चों को सूचीबद्ध किया गया। साथ ही विगत वर्ष में चिन्हित 17 बच्चों के बीच सहायक उपकरण वितरित किया गया। वितरित उपकरण में सेरेब्रलपाल्सी वाले चार बच्चों को हियरिंग एड प्राप्त हुआ। सामग्री प्राप्त करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी-सह-प्रभाग प्रभारी समावेशी शिक्षा अशोक पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। इस दिशा में कई एक सार्थक कार्यक्रम चलाकर जिले के सभी तीन से 18 वर्ष की आयु के बच्चों/किशोरों को विद्यालयी व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों से हर संभव सहयोग कर बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। मौके पर एलिम्को भुवनेश्वर से विश्वरंजन महापात्रा,ऑडियोलॉजिस्ट अविनाश कुमार, डाटा ऑपरेटर विपीन सविता तकनीशियन सुधीर कुमार, बीपीओ मंजू कुमारी, रिसोर्स शिक्षक सिलवंती मिंज, सोनामती कुजूर एवं थेरेपिस्ट मो तैयब अंसारी, धीरज कुमार,सीमा कुमारी, श्यामा मिश्रा,बड़ी संख्या में बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : कुडू प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम उत्सव सह बागवानी मेला का अयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू प्रवेश कुमार साव, अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा आम की वेराइटी तथा लागत के बारे में किसानों से विस्तार से बात किया गया,ज्ञात हो कि कुरु प्रखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ग्रामीणों को निशुल्क आम बागवानी योजना का लाभ दिया गया है तथा आज किसानों की आमदनी आम के बिक्री से बढ़ी है और किसान बहुत खुश हैं। इस कार्यक्रम में शंख धारा महिला विकास मंडल से प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार गुप्ता, आजीविका समन्वयक धनंजय प्रजापति, एरिया कोऑर्डिनेटर मनिता कुमारी, छोटू मांझी सहित लालचंद मोची, प्रदीप सिंह, संध्या कुमारी, शंख धारा महिला विकास मंडल से कैडर, महिला मंडल की सदस्य तथा किसान शामिल हुए।

सरकार आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : सरकार के निर्देशानुसार प्रखण्ड परिसर कैरो में सोमवार को एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मौके पर कैरो, गजनी, नरौली, हनहट, गुड़ी, ख्वास अम्बवा, पचागाई,चाल्हो आदि गांव के आम बागवानी लाभुक अपने-अपने बागवानी से आम लेकर आये और प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा आम्रपाली, दशहरी, लँगड़ा, हिमसागर आदि किस्मो के आम के फल लाये। मौके पर अंचल सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य, बिस सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, समीद अंसारी, इंतखाब आलम, प्रतिमा देवी, धनपत उरांव आदि के द्वारा स्टाल का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छन्दा भटाचार्य ने कहा सरकार आम बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। किसान सरकार के योजनाओं का लाभ लें और आर्थिक लाभ उठाएं.मौके पर बागवानी के लाभुक चाल्हो निवासी सावित्री उरांव ने बतलाया कि हम लोंगो ने मनरेगा के तहत दो एकड़ जमीन पर 120 आम का बागवानी किये सुरु-सुरु में थोड़ा बहुत हिचकिचाहट हो रही थी कि न जाने लाभ होगा कि नही लेकिन जैसे-जैसे फल आने लगा तो खुशी का एहसास होने लगा।

मतदताओं का नया एपिक कार्ड के लिये सभी बीएलओ घर घर जा कर सर्वे करें : राकेश कुमार तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने विधान सभा आम चुनाव के मद्देनजर बीएलओ सुपरवाइजर और सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि विधान सभा चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को मतदान के लिये परेसानी जिसके लिये नए मतदताओं के नाम जोड़ें और ब्लैक एंड व्हाइट फोटो के जगह पर रंगीन फोटो डालने और मृत मतदाता या जो दूसरे जगह पर रह रहे हैं। वैसे मतदताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समय सीमा के अंदर सभी बीएलओ को अपने अपने मतदान क्षेत्र में घर घर जा कर सर्वे करने का निर्देश देते हुए बीएलओ सुपरवाइजर के पास रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया कि जिन मतदताओं के एपिक कार्ड नही है या पुराना एपिक कार्ड है तो नया एपिक कार्ड के लिये फॉर्म 8 भरकर सुपरवाइजर के पास जमा करने का निर्देश दिया गया है।

भाजपा नेता श्रद्धानन्द ने विभिन्न जगहों के रथ यात्रा में लिया भाग, लोगों को दी बधाई

सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने रथयात्रा के उपलक्ष्य में सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के जोग बहार, बगडेगा, कुलुकेरा, कोबांग इत्यादि धार्मिक स्थलों पर जाकर भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलराम, और बहन सुभद्रा का दर्शन किए एवं श्री बेसरा ने लोगों को भगवान जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा की शुभकामनाएं दिए और कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा के संदर्भ में कई कथाएं जनमानस में प्रचलित हैं, एक कथा के अनुसार एक बार देवी सुभद्रा ने अपने भाई श्रीकृष्ण और बलराम से नगर दर्शन की इच्छा प्रकट की, जिसे पूरी करने के लिए तीनों रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले, तभी से प्रति वर्ष रथयात्रा का आयोजन होता है।भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा- मंदिर से बाहर आकर जगत का कल्याण करते हैं। साथ में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दीप नारायण दास एवं राम किशुन केसरी ने भगवान जगन्नाथ स्वामी का दर्शन किए एवं लोगों को शुभकामनाएं दी।

अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा ने कृषि से संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा की अध्यक्षता में आज कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, गव्य आदि विभागों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा लोहरदगा जिला में जून व जुलाई माह में अब तक हुई बारिश की स्थिति की जानकारी दी गई। बताया गया कि जून माह में 137 मिमी बारिश के स्थान पर मात्र 37 मिमी और जुलाई माह में 6 जुलाई तक 305 मिमी मात्र 41.4 मिमी बारिश हुई। अब तक 950 क्विंटल धान का बीज प्राप्त हो चुका है जिसमें 83 प्रतिशत धान बीज का वितरण किसानों के बीच लैम्पस के माध्यम से किया जा चुका है। अपर समाहर्ता द्वारा 15 जुलाई तक सौ प्रतिशत बीज का वितरण किसानों के बीच कर लिये जाने का निदेश दिया गया। केसीसी के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई और पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों को सौ

प्रतिशत अच्छादित करते हुए केसीसी वितरण का निदेश दिया गया। साथ ही जो आवेदन किसानों द्वारा दिये गये हैं और बैंक स्तर पर लंबित हैं उन्हें जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंकवार आवेदनों की जांच कराते हुए कृषि कार्यालय, लोहरदगा को अग्रसारित किये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा में बताया गया कि लोहरदगा जिला में अब तक 9918 किसानों का ऋण माफ किया जा चुका है जबकि शेष योग्य किसानों का लंबित है। अपर समाहर्ता द्वारा निदेश गया कि इस संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए किसानों को चिन्हित कर लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जाए। जिला में उर्वरक की उलपब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, कुडू में कृषक पाठशाला का निर्माण, मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना, एनएफएसएम योजना अंतर्गत प्राप्त बीज व वितरण, कृषि यंत्र का वितरण, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) अंतर्गत किसानों को दिये गये प्रशिक्षण आदि की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। पशुपालन अंतर्गत संचालित योजनाओं यथा, बकरा विकास योजना, सूकर विकास योजना, ब्रॉयलर कुक्कुट पालन आदि की समीक्षा की गई और पशु शेड को पूर्ण कराते हुए योजना पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। इसी

ऐतेहासिक तामड़ा गांव में धूमधाम के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, मेले में उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : जिले की राजधानी कहा जाने वाला गांव सदर प्रखंड अंतर्गत ऐतिहसिक तामड़ा गांव में रविवार को धूमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान रात को आकर्षक तरीके से सजावट की गई जहां पर भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के तीनों विग्रहों को तामड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर से निकालकर अश्वरूढा रथ पर बिठाते हुए हरि बोल की जय घोष के साथ मंदिर के पास से रथ यात्रा की शुरुआत हुई जहां पर बड़े बुजुर्ग छोटे बच्चे सभी लोगों ने रथ को खींचते हुए हरि बोल जय जगन्नाथ की जय घोष के साथ रथ मोड पहुंचे। जहां पर पुजारी जितेंद्र पूरी, उनके पुत्र निरंजन पूरी नितेश पूरी द्वारा भोग एवं आरती के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए दर्शन हेतु पूजा शुरू हुई जहां पर तामडा, सिकरियाटांड, भेलवाडीह, कुरुसकेला, कामतारा, अंधारीखमण

जपकाकोना सहित आसपास के दर्जनों गांव के श्रद्धालु पहुंचे जहां पर सभी लोगों ने भगवान का दर्शन पूजन एवं आशीर्वाद लिया। इधर रथ मोड में भव्य मेले का आयोजन किया गया जहां पर हजारों की संख्या में रथ मेला देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। मेले में खिलौने होटल मिठाई , श्रृंगार, चौमिन ठेले खोमचे की लंबी लाइन देखने मिला जहां पर सभी लोगों ने मेले का आनंद उठाया। वही विधि व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार से परेशानी उत्पन्न ना हो जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा मुफस्सिल थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक दलबल के साथ मेल पर अपनी नजर बनाए हुए थे ताकि शांतिपूर्ण तरीके से मेला संपन्न हो। वही बताया गया कि भगवान अपने नौ दिनों तक अपनी मौसी बड़ी में रहेंगे इसके बाद घूरती रथ का आयोजन होगा। गौरतलब हो तामड़ा गांव का यात्रा का इतिहास 200 वर्षों से भी अधिक कर रहा है जहां पर प्राचीन काल से ही यहां पर रथ यात्रा की जाती है।

चलते चलते एक नजर

हिमाचल में 11 जुलाई से भारी वर्षा का अलर्ट, 70 सड़कें बंद

शिमला : हिमाचल प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। अब तक राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून की सामान्य से ज्यादा वर्षा हुई है। हालांकि बीते 24 घंटे में प्रदेश में सामान्य बारिश दर्ज की गई है। राजधानी शिमला में पिछले दो दिन से भारी वर्षा हो रही है। सोमवार को भी यहां जोरदार वर्षा हुई, जिसका सामान्य जनजीवन पर असर देखा गया। आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में व्यापक वर्षा होने का अनुमान है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक 10 जुलाई के बाद हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मानसून रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान प्रदेश के कई इलाकों में भारी से भारी बारिश दर्ज होने की आशंका है।केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि 10 जुलाई तक प्रदेश में सामान्य से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद तीन दिनों तक प्रदेश में बारिश बढ़ने का पूर्वानुमान है। इस दौरान प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश होने की भी संभावना है। 14 जुलाई तक प्रदेश भर में मौसम खराब रहेगा।बीते 24 घण्टों के दौरान बिलासपुर जिला के मलगरां में सर्वाधिक 70 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसके अलावा शिमला व कसौली में 40-40, कसौल व रामपुर में 30-30, नाहन, काहू, पंडोह, सराहन, घुमारवीं और मशोबरा में 20-20, पालमपुर, बिलासपुर, जुब्बल और जोगिन्दरनगर में 10-10 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को भूस्खलन से राज्य में एक नेशनल हाइवे और 70 सड़कें बंद हैं। किन्नौर के नाथपा में एनएच-पांच पर वाहनों की आवाजाही ठप है। मंडी जिला में सबसे ज्यादा 31 सड़कें बंद हैं। शिमला में 26,सिरमौर व किन्नौर में चार-चार, हमीरपुर व कुल्लू में दो-दो और कांगड़ा में एक सड़क अवरुद्ध हुई है।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला

नई दिल्ली। तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख के आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद से राज्य में बवाल जारी है। अब इस घटना के तीन दिन बाद चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है। एनडीआरएफ और सीआईएसएफ में कार्यरत आईपीएस अधिकारी संदीप राय राठौड़ की जगह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) ए अरुण लेंगे। पुलिस ने शनिवार को कहा कि चेन्नई में बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु प्रमुख की हत्या के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। के आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को उनके घर के पास बाइक सवार लोगों ने हत्या कर दी। बता दें कि दोपहिया वाहन पर सवार कुछ लोगों ने आर्मस्ट्रांग के आवास के बाहर उन पर हमला कर दिया था, चेन्नई पुलिस इस मामले की लगातार जांच कर रही है। इस हत्याकांड में कल ही नया खुलासा हुआ और बताया जा रहा है के आर्मस्ट्रांग की हत्या के पीछे गैंगस्टर अर्कोट सुरेश के सहयोगियों की शामिल होने की आशंका है। गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की पिछले साल अगस्त में हत्या कर दी गई थी और चेन्नई पुलिस के कहे मुताबिक, सुरेश के सहयोगियों और परिवारजनों का मानना है कि गैंगस्टर की हत्या के आर्मस्ट्रांग के निर्देशन में की गई थी। ऐसे में पुलिस को शक है कि गैंगस्टर के भाई ने आर्मस्ट्रांग को मारकर पुरानी दुश्मनी निकाली है।

भाजयुमो ने किया आक्रोश प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : भाजयुमो रंका उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में हेमंत सरकार के खिलाफ रंका थाना मोड़ से प्रखंड कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन किया गया एवं प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार भ्रष्टाचार का पोषक है। आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। झामुमो सरकार में चारों तरफ भ्रष्टाचार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में प्रखंड से लेकर जिला तक भ्रष्टाचार खुलेआम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षक से लेकर सभी अनुबंधकर्मी कम पैसों में काम करने के लिए बाध्य है।भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार युवा विरोधी है। हेमंत सरकार ने रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बलराम यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को भाजपा जिला मिडिया प्रभारी उत्तम पाण्डेय, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश दास, उदय प्रसाद, शीला देवी, सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, संतोष तिवारी, जिला महामंत्री विकास तिवारी, विनोद राम सहित अन्य सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

उत्तर क्षेत्र प्रतियोगिता की मुख्य आकर्षण होंगी आयरा चिश्ती

एजेंसी

नई दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी आयरा चिश्ती और कोमल नागर 9 से 13 जुलाई तक पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया महिला वुशू लीग के उत्तरी क्षेत्रीय दौर में आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी। उत्तर क्षेत्रीय मीट में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में कुल 350 एथलीट भाग लेंगे, जिसमें सांडा (लड़ाई) और ताओलू (फॉर्म) दोनों शामिल हैं।यह आयोजन हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के वुशू खिलाड़ियों के लिए खुला है।उत्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता पिछले महीने कर्नाटक में आयोजित दक्षिण क्षेत्रीय प्रतियोगिता के बाद होगी। चार क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं के बाद, राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।युवा मामले और खेल मंत्रालय का खेल विभाग भारतीय वुशु महासंघ द्वारा आयोजित 7.2 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता को वित्तपोषित करता है।

संदेशखाली केस में सीबीआई जांच के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका खारिज कर दिया, जिसमें संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध करने और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच कराने का निर्देश देने वाले कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि पहले ही राज्य ने इस मामले में महीनों तक कुछ नहीं कर रहा। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर शासन एक शख्स को बचाने में क्यों जुटा है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा,किसी को बचाने में राज्य की रूचि क्यों होनी चाहिए? बेंच ने कहा कि पिछली सुनवाई में जब शीर्ष अदालत ने यह विशेष प्रश्न पूछा था तो राज्य सरकार के वकील ने कहा था कि मामले को स्थगित किया जाए। जजों ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा, धन्यवाद। याचिका खारिज की जाती है।इससे पहले 29 अप्रैल को याचिका पर सुनवाई करते हुए भी सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा था कि निजी क्षेत्र के कुछ लोगों के हितों को बचाने के लिए राज्य को एक याचिकाकर्ता के रूप में क्यों आना चाहिए? पश्चिम बंगाल सरकार ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में कहा था कि उच्च न्यायालय के आदेश ने पुलिस बल समेत राज्य के संपूर्ण तंत्र का मनोबल कमजोर कर दिया। संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और उसने पांच जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन प्राथमिकी दर्ज की हैं।

कांग्रेस के विधायक ही सरकार के कामों पर उठा रहे सबाल : डॉ सिकंदर

एजेंसी

शिमला : भाजपा राज्य सभा सांसद एवं नालागढ़ विधानसभा उप चुनाव के संयोजक प्रदेश महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार ने कहा कि अब तो कांग्रेस के विधायक सयंम मान चुके है की कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार व्यापक रूप से हो रहा है। हर विभाग से पैसे का लेन देन हो रहा है। इस प्रमाण में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हिमाचाल के विधायक ने अपनी ही सरकार को घेर दिया है। उन्होने कहा कि जिला शिमला के उपमंडल ठियोग में 17 करोड़ रुपये की लागत से बने सरकारी अस्पताल का निर्माण कार्य जांच की जद में आ गया है। कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई तरह की खामियां सामने आईं। अस्पताल भवन के अंदर सीलन पाई गई और टाइलें भी उखड़ना शुरू हो गई हैं। निरीक्षण के दौरान राज्य लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता समेत अन्य अधिकारी भी साथ थे। विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने इस मामले की जांच के आदेश एसडीएम ठियोग को दिए हैं। उन्हें एक महीने के भीतर इस मामले की पूरी रिपोर्ट देने को कहा गया है। रिपोर्ट के आधार पर सरकार इस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। कांग्रेस विधायक ने खुद माना है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। जो भ्रष्टाचार करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। भाजपा सांसद ने कहा कि भाजपा बार बार माइनिंग पोलिसी को लेकर सवाल उठा रही है, पर सरकार मौन है और इस प्रकार के आरोप जो कांग्रेस विधायक ने अपनी ही पार्टी पर लगाए है इस बात को पुष्टी करता है की मुख्यमंत्री हिमाचल में हो रहे भ्रष्टाचार के कुलपती है। जब कुलपति जी ऐसा हो तो कुल तो भ्रष्ट ही होगा ही। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री से हम पूछते है कि माइनिंग पॉलिसी को बदलने की क्या नौबत आ गई ? जवाब को मुख्यमंत्री को देना होगा।

तीन नए कानून पर तमिलनाडु में बवाल, सीएम ने बनाई समिति, विरोध में हजारों वकील उतरे

एजेंसी

नई दिल्ली। एक जुलाई से देशभर में लागू तीन नए कानूनों के खिलाफ तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन के बाद अब राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक सदस्यीय समिति का गठन किया है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एम सत्यनारायण समिति के अध्यक्ष होंगे। यह समिति इन कानूनों में राज्य स्तर पर किए जाने वाले संशोधनों का अध्ययन करेगी और प्रदेश सरकार को अपनी सिफारिश भेजेगी। समिति अधिवक्ता संघों और अन्य हितधारकों से बातचीत करने के बाद एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

तमिलनाडु में कानूनों का विरोध क्यों?

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई समेत कई शहरों में हजारों वकीलों ने केंद्र के तीन नए कानूनों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। दरअसल, वकीलों का कहना है कि इन कानूनों का नामकरण संस्कृतनिष्ठ हिंदी में किया गया है। तिरुचिरापल्ली में संयुक्त अधिवक्ता कार्रवाई समिति (जेएसी) के सदस्यों ने तीन नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

डीएमके सांसद ने बताई ये कहानी

डीएमके सांसद और अधिवक्ता एनआर एलंगो का कहना है कि तीनों नए आपराधिक कानून लोकतंत्र और संविधान विरोधी हैं। इनका नाम संस्कृत में है। मगर अनुच्छेद 348 के अनुसार संस्कृत में नाम नहीं रखा जा सकता है। इन सबके अलावा तीनों कानून आरोपी व्यक्तियों और पीड़ितों के हितों के खिलाफ हैं। यही वजह है कि इन्हें लागू नहीं किया जा सकता। इन्हें खत्म करके फिर से विचार करना होगा।

सांसदों को निलंबित कर किया पारित- दुरई वाइको

एमडीएमके सांसद दुरई वाइको ने नए कानूनों पर कहा कि केंद्र सरकार ने तीन आपराधिक कानूनों में बदलाव किया है, लेकिन यह विपक्षी दलों की मंजूरी के बिना किया गया। विपक्षी दल के करीब 150 सांसदों को निलंबित करने के बाद तीनों कानूनों को पारित किया गया था। यह लोकतंत्र विरोधी हैं।

ये हैं तीन नए कानून

भारतीय न्याय संहिता।
भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता।
भारतीय साक्ष्य अधिनियम।
तीन नए कानून से जुड़ी अहम बातें
तीन कानून 1 जुलाई 2024 से पूरे देश में लागू।
21 दिसंबर 2023 को संसद से मिली थी मंजूरी।
25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति ने लगाई थी मुहर।
दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू।

असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी हुई है। बाढ़ के कारण 28 जिलों की करीब 23 लाख आबादी प्रभावित हुई है, क्योंकि अधिकतर नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या 78 थी, जिसमें से 66 लोग अकेले बाढ़ में मारे गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को सिलचर पहुंचे हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर जाते समय कछार जिले के फुलेरताल में बाढ़ राहत शिविर का भी दौरा किया।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों में सभी राहत शिविरों की अच्छी तरह से देखभाल की जा रही है और स्थिति सामान्य होने तक उनमें पर्याप्त आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं।

मोदी का विरोध करते-करते बन गए भारत विरोधी : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पार्टी को भारत विरोधी बताया। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस नेता शशि थरूर को इंडियन क्रिकेट टीम से मांफी मांगनी चाहिए। भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी से नफरत करते करते कांग्रेस पार्टी भारत की हार की कामना करने लगी है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने हालिया एक्स पोस्ट पर जिम्बाब्वे में चल रही टी20 श्रृंखला में शीर्ष खिलाड़ियों के बिना टीम भेजने के लिए बीसीसीआई की आलोचना करते हुए उसे अंहकारी बताया। उनकी टिप्पणी श्रृंखला के शुरूआती मैच में जिम्बाब्वे से भारत की पहली हार के बाद आई थी, हालांकि भारत ने दूसरे टी20ई में मजबूत जीत हासिल की। सोमवार को भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दो दिन पहले जब भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मैच हार गई थी, तब वह युवा और नई टीम थी जिसमें कम अनुभवी खिलाड़ी थे।

कांग्रेस ने उस हार का जश्न मनाने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते-करते अब उन्होंने भारत की हार की कामना करने लगे टी 20 वर्ल्ड कप के दौरान जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल मैच चल रहा था तो कांग्रेस भारत की हार की कामना कर रही थी। कल के मैच में हमारी युवा टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 100 रन से शानदार जीत दर्ज की. क्या कांग्रेस आगे आकर भारतीय टीम से माफी मांगेगी? उन्हें पीएम मोदी का विरोध करने के चक्कर में देश के खिलाफ जाना बंद करना होगा।

सहायक पुलिस कर्मियों को स्थाई करें हेमंत सरकार : रूचिर तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने झारखंड राज्य के सहायक पुलिस कर्मियों के द्वारा लगातार किया जा रहा प्रदर्शन पर चिंता व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि भाजपा की रघुवर सरकार ने झारखंड राज्य में सहायक पुलिस कर्मियों की बहाली 3 साल के लिए निकली थी जो बिल्कुल ही गैर कानूनी एवं गलत था। हेमंत सरकार आने के बाद सरकार ने इनके कार्यकाल में बढ़ोतरी किया लेकिन आज फिर 3 साल गुजर जाने के बाद उनकी स्थिति वही की वही बनी हुई है सहायक पुलिसकर्मी दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है यह भाजपा की रघुवर सरकार का पाप का नतीजा है कि सहायक पुलिसकर्मियों को यह दिन देखना पड़ रहा है और भाजपा के सभी नेता यहां तक की प्रभारी शिवराज सिंह चौहान झारखंड में चुनावी चर्चा तो कर रहे हैं लेकिन इन सहायक पुलिसकर्मियों पर एक शब्द नहीं बोल। झारखंड सरकार से मैं मांग करता हूं कि भाजपा के रघुवर सरकार के द्वारा किया गया पाप को धोकर हेमंत सरकार इन सभी सहायक पुलिस कर्मियों को स्थाई कर उन्हें समान वेतन प्रक्रिया लागू करें। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ही दिन पहले होमगार्ड प्रकरण मामले में यह कहा था कि समान काम का समान वेतन मिलना चाहिए और इस तरह होमगार्ड का भी वेतनमान एक सम्मानजनक किया जाना चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला सहित राज्य परिषद भी राज्य सरकार से इन सहायक पुलिस कर्मियों की स्थाईकरण की मांग करते है हम सभी सहायक पुलिस कर्मियों के आंदोलन का समर्थन करते हैं। साथ ही साथ पलामू उपायुक्त के द्वारा चौकीदार के बहाली में निकाला गया विज्ञप्ति में अनुसूचित जाति के बहाली को शून्य कर दिया गया जो सरासर गलत एवं गैरकानूनी है उसका फिर से सुधार कर नए सिरे से विज्ञापन जारी करें।

यूपी-बिहार में 4 दिन होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली। जुलाई महीने के पहले हफ्ते से कई इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। कई राज्यों में बारिश के कारण हालत बिगड़ गए हैं तो कहीं लोगों को गर्मी से राहत मिली है। दिल्ली में पिछले दो दिन से काले बादल छाए हुए हैं, लेकिन बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 48 घंटे में उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की चेतावनी है।पूर्वी और पश्चिमी यूपी में आज के लिए भारी बारिश की उम्मीद है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है, वहीं, 9 और 10 जुलाई के लिए बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक बस्ती, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है।

गुप्त नवरात्र पर उमड़े श्रद्धालु, विंध्यधाम में बिखरी अलौकिक छटा

एजेंसी

मीरजापुर : आषाढ़ मास के गुप्त नवरात्र के तीसरे दिन सोमवार को मां विंध्यवासिनी की चौखट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई मां विंध्यवासिनी के दर्शन को बेताब दिखा। मां विंध्यवासिनी की जयकारे से विंध्यधाम गुंजायमान हो उठा। उपनयन व मुंडन के विशेष मुहूर्त होने के नाते अधिक भीड़ थी। गुड़हल, कमल पुष्प व रत्न जित हार से मां विध्यवासिनी का श्रृंगार किया गया था। श्रद्धालु पहले ही नारियल-चुनरी, माला-फूल प्रसाद लेकर कतारबद्ध हो गए थे।मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर का कपाट खुला, जयकारे के साथ श्रद्धालु मंदिर की ओर बढ़ते रहे। किसी ने झांकी तो किसी ने गर्भगृह पहुंच मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। मां की झलक पाकर भक्त निहाल हो उठे। इसके बाद मंदिर परिसर पर विराजमान समस्त देवी-देवताओं को नमन किया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़ से मंदिर तो मंदिर, मंदिर की छत भी भक्तों से पटी नजर आई। गंगा घाटों पर भीड़ दिखा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु विंध्यवासिनी मंदिर की ओर बढ़ते जा रहे थे। मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विंध्य पर्वत पर विराजमान मां अष्टभुजा व मां काली का दर्शन कर त्रिकोण परिक्रमा की। सुरक्षा की दृष्टि से समुचित प्रबंध किए गए थे। दूर-दराज के श्रद्धालु पहले से ही डेरा जमा रखे थे।

पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं को कराया सुगम दर्शन

गुप्त नवरात्र व मुहुर्त मुंडन संस्कार के अवसर पर मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनंदन ने मंदिर क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।